श्री चेंगलराया नायडू : खांडसारी कारखाने प्रतिटन गन्ने का मूल्य 170 रुपये से लेकर 180 रुपये तक दे रहे हैं, जब कि वे घटिया किस्म की चीनी तैयार करते हैं और उन्हें लाभ ज्यादा होता है। सहकारी चीनी कारखाने तथा अन्य कारखाने इतनी कीमत नही दे सकते क्योंकि खांडसारी कारखानों द्वारा तैयार किये जानेवाले शीरे पर नियंत्रण नहीं है और वे सिरके को 400 रुपये से लेकर 500 रु० टन तक बेच रहे हैं, जब कि केन्द्रीय सरकार ने चीनी के कारखानों में शीरे पर नियंत्रण लगा रहा है और 6.18 रुपये दर पर बेचा जा रहा है। क्या सरकार चीनी कारखानों में तैयार किये जाने वाले सिरके पर से नियंत्रण हटायेगी और गन्ने के मूल्य बढ़ायेगी ? दूसरी बात यह है कि राज्यों में चीनी कारखानों, सहकारी चीनी कारखानों तथा अन्य सरकारीचीनी कारखानों के प्रबन्धक निदेशक सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं, और सरकार इन प्रबन्धक निदेशकों पर गन्ने की कीमत न बढ़ाने के लिये प्रतिबन्ध लगा रही है। क्या भारत सरकार उन्हें यह सलाह देगी कि वे कीमत तय करने के मामले में हस्तक्षेप न करें ?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : जहाँ तक माननीय सदस्य के प्रश्न के पहले भाग का सम्बन्ध है, यह सच है कि सिरके की नियंत्रित मूल्य तथा खुले बाजार कीमत में काफी फर्क है लेकिन मैं समझता

हूँ कि इस प्रश्न पर विचार करना पेट्रोलियम तथा रसायन मंत्रालय का काम है और न कि मेरे मंत्रालय का।

श्री स० कुन्दू : गन्ने का मूल्य नियमित करने के लिये सेन जाँच आयोग नियुक्त किया गया था। सेन आयोग के प्रतिवेदन में कहा गया है कि आन्ध्र उड़ीसा तथा केरल का एक जोन बनाया जाना चाहिये जहाँ गन्ने के मूल्य समान रूप से निर्धारित किये जाने चाहिए। लेकिन सरकार ने सिफारिश की ओर कोई ध्यान नहीं दिया और तीनों राज्यों में गन्ने की तीन अलग-अलग कीमतें निर्धारित की हैं। जहाँ तक उड़ीसा का सम्बन्ध है, कीमत 49 रुपये तक चली गई है, आन्ध्र में 61 रु० और केरल में 170 रुपये अथवा उससे भी अधिक और सरकार ने ऐसी कीमतें क्यों निर्धारित की हैं। उसने सेन आयोग के प्रतिवेदन को अनुसरण क्यों नहीं किया ?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : माननीय सदस्य की जानकारी (**अन्तर्बाधाएँ**)

अध्यक्ष महोदय : मैं प्रत्येक दल को केवल एक अवसर दे रहा हूँ। अनेक सदस्य प्रश्न पूछना चाहते हैं। आप चिल्लाएँ।

Shri Maharaj Singh Bharati : How does the question of Party arises here? You are not giving chance to those members who are counected with the sugarcane. We tried to raise this question through so many methods but you were not pleased to allow any of them. You disallowed our Adjournment motion, Call Attention Notices and Short Notice Question ; and now you do not allow us to even ask a supplementary. Is there no method other than the one to resort to revolution for putting a supplementary ? (Interruptions).

अध्यक्ष महोदय : इस प्रश्न पर पहले ही 40 मिनट व्यय कर दिये गये हैं परन्तु अब भी 20 माननीय सदस्य खड़े हो रहे हैं यह ठीक नहीं है। केवल 15 मिनट शेष बचे हैं, यदि माननीय सदस्य चाहते हैं कि यह समय भी इस प्रश्न पर ही लगा दिया जाये तो मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : जहाँ तक माननीय सदस्य के प्रश्न का सम्बन्ध है, मैं उन्हें आश्वासन देता हूँ कि भारत सरकार ने 5 खण्डों के आधार पर मूल्य निश्चित करने के सम्बन्ध में सेन आयोग की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। इस मौसम में पैदा की जाने वाली चीनी का मूल्य इन सिफारिशों के आधार पर निश्चित किये जायेंगे।

श्री स० कुण्दू : सेन आयोग ने कहा है कि उड़ीसा, केरल और आँध्र के खण्ड में समान मल्य होना चाहिये। यदि आप इसको क्रियान्वित नहीं करते तो इसको स्वीकार करने का क्या अर्थ है ?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : हम इसको क्रियान्वित कर रहे हैं।

Shri Prakash Vir Shastri : Are Government aware that the cane growers in areas having paucity of crushers such as Eastern U. P. and Bihar are getting much lower price for their cane than that prevailig in other areas, if so, do Government propose to lay a policy for the establishment of more crushers in those areas and more especially in U. P., Bihar Haryana and Punjab ?

Shri Jagjiwan Ram : As I already stated the minimum price of sugarcane has been fixed at Rs. 2.75 and this has been done with the object that sugarcane may fetch higher price to the grower due to the competition between **gur** and sugar. At present sugarcane is not fetching less than Rs. 4 anywhere. In the beginning the price of sugarcane in U. P.

was fixed at Rs. 3.50, and I had pointed out that it should not be allowed to fall below Rs. 4.00. The ruling price of sugarcane is Rs. 4.00.

Shri Randhir Singh : The price of fuelwood is Rs. 8.00 per maund while that of sugarcane is Rs. 2.75 per maund. The cultivator is not getting due return for his investment with the result that he has to resort to other crops resulting in the diminishing total production of sugar. Will Government bring the price of sugarcane atleast to the level of the price of the fuelwood?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : नई नीति के अपनाये जाने से मैं समझता हूँ कि गन्ना उत्पादकों के हितों की समुचित सुरक्षा होगी और अगले साल गन्ने की भूमि में भी पर्याप्त वृद्धि होगी।

श्री क० लकप्पा : दक्षिण के कई राज्यों में गन्ने की कमी के कारण चीनी मिलों के बन्द होने के समाचार प्राप्त हुए हैं। गन्ना उत्पादकों की शिकायत है कि गन्ने के मूल्यों के सम्बन्ध में इस सरकार की समान नीति को विभिन्न राज्य सरकारों को नहीं बताया गया है। लोगों से भी मुझे समाचार मिले हैं कि वे बड़े व्यापारियों के हाथों में हैं जो कि मोटा मुनाफा अर्जित कर रहे हैं। क्या सरकार सारे देश के लिये एक समान चीनी नीति अपनायेगी ताकि लोगों को चीनी मिल सके और चीनी मिलें भी बन्द न हों ?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : दक्षिण भारत की अधिकांश चीनी मिलों ने उत्पादन आरम्भ कर दिया है। मैं नहीं जानता कि माननीय सदस्य का इस बात के कहने से क्या अर्थ है जब वह कहते हैं कि एक समान चीनी नीति होनी चाहिये। हमने एक नीति अपनाई है जिसके अनेक पहलू हैं। जहाँ तक चीनी के मूल्य का सम्बन्ध है, पूरे नियन्त्रण के समय में भी मूल्यों में कुछ अन्तर था क्योंकि मूल्य का सम्बन्ध वसूली की प्रतिशतता से है और वसूली की प्रतिशतता एक राज्य में दूसरे राज्य से भिन्न है।

Shri Prem Chand Verma : The sugar factories had purchased the sugarcane at the price of Rs. 3.00 per maund on the condition that they would sell sugar at Rs. 1.50 per kilo. But they did not stick to that and they have made fabulous profits by selling sugar at Rs. Rs. 5—6 per Kilo. This is all black money Had Government contemplated any measures while framing this policy which would enable. the Government and the growers to have their share in the excess profits :

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : नीति सम्बन्धी सारी बातों पर हमें विचार करना पड़ता है। हमारा उद्देश्य जैसा कि मैंने कई बार बताया, यह है कि चीनी से होने वाले मुनाफे का अधिक भाग उत्पादकों को मिले।

Shri Ramavtar Shastri : In view of the fact that there are widespread agitations throughout the country on the question of sugarcane price and that the U. P. and Bihar Assemblies have unanimously recommended to the Central Government to fix the minimum price of sugar at Rs. 4.00, what prevents the Central Government from accepting their suggestion? The hon. Minister just now stated that although the price of sugarcane has been fixed at Rs. 2.75, yet it is selling at Rs. 4.00. In view of this what is the idea in fixing the price and why do the Government not modify its previous decision and fix the price at Rs. 4.00?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : किसी भी राज्य सरकार ने कभी भी 3.50 रु० प्रति मन से अधिक की सिफारिश नहीं की थी। सरकार की नीति के परिणाम स्वरूप गन्ना उत्पादकों को अब राज्य सरकार द्वारा माँगे गये मूल्य से काफी ऊँचा मूल्य मिल रहा है।

Shri Ram Autar Shastri : My question is what is the difficulty in fixing that price.

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : आन्ध्र प्रदेश सरकार ने 80 रु० प्रति टन के मूल्य की सिफारिश की है । हरियाणा सरकार ने 8.04 रु० प्रति क्विंटल की सिफारिश की है। महाराष्ट्र सरकार ने 8.4 प्रतिशत की वसूली के आधार पर 3.00 रु० प्रति मन की सिफारिश की है। पंजाब सरकार ने 7 रु० प्रति क्विंटल की सिफारिश की है । उत्तर प्रदेश सरकार ने 3.25 रु० प्रति क्विंटल की सिफारिश की है । पश्चिमी बंगाल ने जहाँ पर कि केवल एक ही कारखाना है मोटे तौर पर बताया है कि इसे किस तरह निश्चित किया जाये। मैसूर सरकार ने 3 रु० प्रति मन के मूल्य की सिफारिश की है। परन्तु जैसा कि मैंने बताया हमारी नीति के परिणाम स्वरूप किसान काफी ऊँचे मूल्य प्राप्त कर रहे हैं और हम इस स्थिति से खुश हैं।

Shri Sita Ram Kesri : Have Government tried to ascertain the area of cultivable land in our country on which sugarcane should be planted with a view to strike an equilibrium between the demand and the supply ?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : जहाँ तक इस देश में गन्ने की माँग का सम्बन्ध है, योजना आयोग और हमारे मंत्रालय ने कुछ प्राक्कलन तैयार किये हैं । हम समझते हैं कि यदि 65 से 70 लाख एकड़ भूमि में गन्ना उगाया जाये तो उससे हमारी चीनी की आवश्यकता पूरी हो जानी चाहिये ।

Shri Maharaj Singh Bharati : The sugarcane price varies from Rs. 3.50 to Rs. 15 in the country. The growers having the capacity to produce **gur** and resort to strike are able to get higher prices for their sugarcane while those not having this capacity are being very poorly paid. Is it the sugar policy of the Government or policy-less policy?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे: गन्ने के मूल्य सम्बन्धी असमता के बारे में मैं पहले ही स्थिति स्पष्ट कर चुका हूँ । मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिये बता दूं कि 1965 तक गन्ने की पैदावार बहुत सी अन्य फसलों के मुकाबिले अधिक थी । परन्तु 1965–66 के बाद वर्षा की दृष्टि से काफी कठिन समय रहा है । देश के अनेक भागों में और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार में वर्षा नहीं हुई । वर्षा के न होने के कारण पैदावार काफी कम हुई है न कि सरकार की नीति के कारण ।

श्री देवकीनन्दन पाटोदिया : क्या यह सच है कि अनेक स्थानों पर गन्ने के मूल्य बहुत ऊँचे और अलाभप्रद होने के कारण विभिन्न स्थानों पर चीनी मिलें गन्ना नहीं खरीद सक रही हैं और उन्होंने अभी कार्य करना आरम्भ नहीं किया है । कितने कारखानों ने अभी काम करना आरम्भ नहीं किया है और उनमें से सरकार के नियंत्रण में हैं ?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे: 202 कारखानों में से लगभग 148 कारखानों ने काम करना शुरू कर दिया है । मेरे विचार से इनकी संख्या 150 अथवा 152 होगी । पिछले वर्ष की तुलना से इस वर्ष चार और कारखानों में उत्पादन शुरू हो गया है ।

श्री देवकीनन्दन पाटोदिया : सरकारी नियंत्रणाधीन कितने कारखानों ने काम करना शुरू नहीं किया है ?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : यह जानकारी इस समय मेरे पास उपलब्ध नहीं है ।

Shri Kanwar Lal Gupta : Mr. Speaker, the policy of partial control adopted by Government has failed. As stated by the hon. Minister about profit to farmer and the consumer, instead the industrialists have been earning a profit of 50 crores. Is Government aware that the sugar factories near Delhi are selling sugar at the rate of Rs. 5.25 per quintal in open market while they issue cash memos of Rs. 4.25 per quintal? What action Governmet is taking to check it and would Government review its policy?

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : मेरा विचार है कि यदि कारखाने जाली हिसाब रख रहे हैं तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी ।

श्री कंवर लाल गुप्त : आप क्या कारवाई करेंगे। मैंने यह पूछा था। श्री मान जी, मंत्री जी इस बारे में चुप है।

श्री अन्नासाहिब शिन्दे : जहाँ तक चीनी के अभाव विक्रय का सम्बन्ध है, किसी भी प्रकार का मूल्य नियंत्रण नहीं है। अत: मेरी समझ में यह नहीं आता कि इन परिस्थितियाँ में ये मिल जाली हिसाब किताब क्यों रखेंगे। परन्तु मैंने माननीय सदस्य को सूचना के लिये कहा है कि यदि कारखाने जाली हिसाब-किताब रख रहे होंगे, तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

अध्यक्ष महोदय: अब 12 बजकर 1 मिनट हो गया है। प्रश्न काल समाप्त हो गया है। अल्प सूचना प्रश्न श्री राजशेखरन। वह अनुपस्थित हैं।

श्री स० मो० बनर्जी : श्रीमान जी, चीनी का वास्तविक उत्पादन कितना है?

अध्यक्ष महोदय : चीनी का वास्तविक उत्पादन इस समय ठीक नहीं है। चीनी पर हमने लगभग 50 मिनट खो दिये है। खाद्य पर चर्चा चल रही है और आप उसके दौरान चीनी पर विचार व्यक्त कर रहे हैं। परन्तु 45 मिनट के बाद भी, मैं सब सदस्यों को संतुष्ट नहीं कर सका हूँ। अभी भी कुछ सदस्य बाकी हैं जो बोलना चाहते है। यदि मंत्री जी ने संतोषप्रद उत्तर नहीं दिये है, जैसा कि मैं कह रहा हूँ, तो जानकारी प्राप्त करने के अन्य तरीके भी हैं। परन्तु आज केवल कुछ प्रश्नों का ही उत्तर दिया जा सका है तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न रह गये हैं। फिर भी श्री शास्त्री तथा अन्य सदस्य कह सकते हैं। मैं दल के नेताओं से यह जानना चाहता हूँ कि अध्यक्षपीठ इसमें क्या कर सकता है। यदि कल भी ऐसा ही हुआ तो मैं पूरे प्रश्न काल में केवल एक प्रश्न की ही अनुमति दूँगा।

श्री बलराज मधोक : जी नहीं।

अध्यक्ष महोदय : मुझे खुशी है कि कम से कम कुछ सदस्य तो "ना" कह रहे है। मेरे विचार से एक प्रश्न के लिये 5 मिनट का समय पर्याप्त होगा। यदि 50 सदस्य खड़े होकर किसी प्रश्न को पूछते हैं, तो बहुत कठिन हो जायेगा। मेरी दल के नेताओं से प्रार्थना है कि वे बाद में मेरी सहायता करें।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी: आपको इंकार करने की भी शक्ति है। दल के नेता क्या कर सकते हैं।

अध्यक्ष महोदय मैं विवश हूँ।

श्री हेम बरुआ : किसी भी अध्यक्ष को इतनी शक्ति अभी तक नहीं मिली है जितनी कि आपको है। आपको स्वेविकीय शक्ति है। आपको संसद ने सभी शक्तियाँ दी हुई हैं।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

*452. **श्री ईश्वर रेड्डी : क्या खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय खाद्य निगम ने धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों के धान उगाने के कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने हेतु किसानों को खेती में प्रयुक्त की जाने वाली वस्तुएँ तथा ऋण देने के लिए आन्ध्र प्रदेश और मद्रास के कुछ चुने हुए क्षेत्रों में प्रायोगिक योजनाएँ आरम्भ की हैं;

(ख) यदि हाँ, तो इन योजनाओं की क्रियान्विति से क्या अनुभव प्राप्त हुआ है; और

(ग) क्या अन्य राज्यों में भी इन योजनाओं को क्रियान्वित करने का सरकार का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) भारतीय खाद्य निगम ने 1966 की खरीफ ऋतु में मद्रास तथा आंध्र प्रदेश के चुने हुए क्षेत्रों में अधिक उपज देने वाली किस्मों के धान उगाने के कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने हेतु एक प्रायोगिक योजना कार्यान्वित की थी।

(ख) और (ग) 1967 की रबी ऋतु में भी धान तथा जुवार के लिये मैसूर में भी निगम ने इसी प्रकार की योजना को हाथ में लिया था। खाद्य निगम के अनुभव से पता चला है कि जिस मुख्य उद्देश्य से इस योजना को कार्यान्वित किया था अर्थात् खाद्यान्न ठेके पर किये मात्रा में मिल जायेगा वह पूरा नहीं हुआ। इस कारण निगम इस समय कोई ऐसी योजना हाथ में लेना नहीं चाहता।

दिल्ली टेलीफोन जिला शाखा के पदाधिकारियों की हड़ताल

*454. **श्री अ० क० गोपालन :** **श्री रमानी :**

श्री यशपाल सिंह : **श्रीमती सुशीला गोपालन :**

श्री उमानाथ :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपार करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अखिल भारतीय प्रशासनिक कार्यालय (डाक व तार) कर्मचारी संघ की दिल्ली टेलीफोन जिला शाखा के पदाधिकारियों ने 8 ननवम्बर 1967 से भूख हड़ताल की थी ;

(ख) यदि हाँ, तो उनकी माँगे क्या थीं; और

(ग) सरकार ने इस झगड़े को समाप्त करने के लिए क्या कार्यवाही की ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) जी हाँ।

(ख) दिल्ली टेलीफोन जिला शाखा में कार्यकुशलता लाने, विशेषकर टेलीफोन के बिल तैयार करने के हेतु कार्य का पुनर्गठन आरंभ कर दिया है। संघ चाहता था कि इसे कायान्वित करने से पूर्व प्रशासन को उनसे प्रक्रिया के बारे में बात चीत करनी चाहिये थी तथा उनकी सहमति लेनी चाहिये थी। प्रशासन का कहना यह है कि वह उन को विभिन्न प्रकार की प्रक्रियायें तो समझाने को तैयार थे परन्तु उनकी पहले ही सम्मति प्राप्त करना आवश्यक नहीं था।

(ग) प्रशासन तथा संघ के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक हुई थी जिसमें योजना की मुख्य मुख्य बातें उनको समझाई थीं। योजना में ऐसी कोई बात नहीं थी कि कर्मचारियों में कमी की जाये अथवा कर्मचारियों को आगे के लिये उन्नति में कोई घाटा पड़ता हो। परिणामस्वरूप आन्दोलन वापिस ले लिया गया तथा संघ ने प्रशासन से सहयोग करने का वचन दिया।

कालटेक्स के व्यवस्थापकों का कलकत्ता कार्यालय

*455. **श्री प० गोपालन :** **श्री अ० क० गोपालन :**
श्री ज्योतिर्मय बसु : **श्री राममूर्ति :**
श्री रमानी : **श्रीमती सुशीला गोपालन :**
श्री चक्रपाणि : **श्री अब्राहम :**
श्री मुहम्मद इस्माइल : **श्री नम्बियार :**

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि कालटेक्स के व्यवस्थापकों ने 25 अक्तूबर 1967 को कलकत्ता में हुई त्रिपक्षीय बैठक में पश्चिम बंगाल के उस समय के श्रम मंत्री द्वारा दिये गये इस आशय के सुझाव को, कि जब तक गोखले आयोग का प्रतिवेदन अन्तिम रूप से तैयार नहीं हो जाता, तब तक वही स्थिति बनी रहनी चाहिए जो उनके कलकत्ता कार्यालय से कारोबार हटाये जाने के पहले थी, स्वीकार करने से इन्कार कर दिया था;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार को पश्चिम बंगाल के उस समय के श्रम मंत्री की ओर से सरकारी तौर पर कोई पत्र प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां,

(ख) जी हां,

(ग) सरकार ने एक जांच आयोग स्थापित कर दिया है। गोखले आयोग की रिपोर्ट की प्रतीक्षा करने का विचार है ।

ऐस्सो स्टेण्डर्ड ईस्टर्न इन्कारपोरेटेड कम्पनी की पुनर्गठन योजना

*457. **श्री गणेश घोष :** **श्री सत्य नारायण सिंह :**
श्री भगवान दास : **श्री नायनार :**

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ऐस्सो स्टैंडर्ड ईस्टर्न इन्कारपोरेटेड कम्पनी की पुर्नगठन योजनाओं की क्रियान्विति के बारे में विचार-विमर्श करने के लिये इस कम्पनी के प्रतिनिधि हाल में उनसे मिले थे;

(ख) यदि हाँ, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को इस सम्बन्ध में अपने विचार सरकार के सामने रखने का पर्याप्त अवसर दिया गया था ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) :

(क) जी हाँ ।

(ख) ऐस्सो के प्रबन्धकों को यूनियनों से विचार-विमर्श करने और किसी समझौते पर पहुँचने की सलाह दी गई थी ।

(ग) प्रबन्धकों को दी गई सलाह को दृष्टि में रखकर, यह प्रश्न नहीं उठता ।

विदेशी तेल समवायों में रोजगार की सुरक्षा

*458. **श्री विश्वनाथ मेनन :** **श्री चक्रपाणि :**

श्री अब्राहम : **श्री उमानाथ :**

श्री अ० क० गोपालन : **श्री प० गोपालन :**

श्री राममूर्ति : **श्री मुहम्मद इस्माइल :**

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि जब गोखले आयोग विदेशी तेल समवायों में रोजगार की सुरक्षा के प्रश्न पर विचार कर रहा है, विदेशी तेल समवाय अपनी पुनर्गठन योजनाओं तथा स्वचालित यंत्र लगाने की योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित करके और अधिक कर्मचारियों को फालतू घोषित कर रहे हैं;

(ख) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी):

(क) जी नहीं। सरकार के पास यह सूचना नहीं है कि विदेशी तेल कम्पनियाँ अपनी पुनर्गठन योजनाओं तथा स्वचालित सयंत्र लगाने की योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित करके और अधिक कर्मचारियों को फालतू घोषित कर रही हैं।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते।

चुकन्दर से चीनी तैयार करना

*459. **श्री विभूति मिश्र :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय चीनी संस्था के निदेशक ने यह आविष्कार किया है कि पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, काश्मीर आदि उपाष्णदेशीय जलवायु वाले राज्यों में गन्ने की अपेक्षा चुकन्दर से बहुत कम खर्च पर अधिक चीनी तैयार की जा सकती है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या यह भी सच है कि चुकन्दर के खेतों में दो फसलें भी उगायी जा सकती हैं; और

(ग) चुकन्दर उगाने के लिए सरकार किसानों को किस सीमा तक सहायता देने को तैयार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) चुकन्दर से चीनी पैदा करने का परीक्षण अग्रिम कारखाने में हाल ही में किया था और इस दिशा में और परीक्षण करने की आवश्यकता है। चुकन्दर से प्राप्त की जाने वाली चीनी तथा गन्ने से उत्पन्न की जाने वाली चीनी में कौनसी सस्ती पड़ेगी, इस बात का पता तब चलेगा जब और परीक्षणों के परिणामों का पता चल जायेगा।

(ख) जी हाँ।

(ग) क्योंकि इस समय चुकन्दर केवल परीक्षणों के रूप में ही उगाई जाती है, इस समय किसानों को सहायता देने का प्रश्न ही नहीं उठता।

कृषिजन्य उत्पादन के लिये केन्द्रीकृत आयोजना

*460. **श्री मयावन :** **श्री मरण्डी :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिमी जर्मन दल के नेता डा० ग्वार्टिंग ने बताया है कि उच्चतम स्तर पर केन्द्रीकृत आयोजना के कारण देश में कृषिजन्य उत्पादन की प्रगति धीमी और मन्द रहती है और उसमें रुकावट आयी है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) 4 अगस्त, 1967 को कोनूर में लाइनज क्लब के साथ बातचीत करते समय डा० ग्वार्टिंग ने जो कुछ कहा वह समाचार पत्रों में दूसरे ही ढंग से प्रकाशित हुआ है। उनके कहने के अनुसार ऐसा कोई वक्तव्य नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रायोजना बनाते समय ग्राम, जिला तथा राज्य स्तरों के विभिन्न अधिकारियों से सम्पर्क किया जाना चाहिए और बिना इन अधिकारियों को शामिल किए प्रयोजना केवल कागजी कार्यवाही होगी।

(ख) डा० ग्वार्टिंग का वक्तव्य उनके निजी विचारों पर आधारित था। अतः उनके दिए गए वक्तव्य पर केन्द्रीय सरकार की प्रतिक्रिया का प्रश्न ही नहीं होता।

Workers in Industrial Establishments

*461. **Shri Ram Avtar Sharma:** **Shri Prakash Vir Shastri:**
Dr. Surya Prakash Puri: **Shri Ramji Ram:**

Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state:

(a) whether Government have sought information from the State Governments in regard to the number of workers who have been working in the big industrial establishments for the last eight to ten years continuously but have not been confirmed, so far ;

(b) whether it is also a fact that these industrial establishments are also indulging in irregular practices in regard to bonus and other facilities meant for the workers; and

(c) if so, whether Government propose to take some effective steps in this regard?

The Minister of Labour and Rehabilitation (Shri Hathi) : (a) No.

(b) and (c) Various labour laws, including the Payment of Bonus Act, contain suitable provisions for dealing with their contravention and prosecutions are launched by Central and State Governments in all suitable cases.

केन्द्रीय सरकारी प्रक्षेत्र

*463. **श्री इन्द्रजीत गुप्त** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के विभिन्न भागों में केन्द्रीय सरकारी प्रक्षेत्र स्थापित करने के कार्य में अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(ख) इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा अब तक कितनी धनराशि व्यय की गयी है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) सूरतगढ़ और जेतसर में दो केन्द्रीय सरकारी फार्म क्रमशः 1956 और 1964 से कार्य कर रहे हैं। सूरतगढ़ फार्म के नमूने पर नये फार्म स्थापित करने के हमारे कार्यक्रम की तुलना में उड़ीसा में हीराकुंड जलागार के तटदूर तथा पैरिनहेरी क्षेत्रों में एक फार्म फरवरी, 1967 में स्थापित किया गया था। हरियाणा (जिला हिसार), पंजाब (सतलज क्षेत्र) तथा मैसूर (रायपुर जिले में तुंगभद्रा कमाण्डर क्षेत्र) में भी स्थानों का चुनाव किया गया है जिनके बारे में राज्य सरकारों से पत्र-व्यवहार हो रहा है। आशा है ये तीनों फार्म निकट भविष्य में स्थापित हो जायेंगे केरल, मध्य प्रदेश तथा बिहार में भी ऐसे फार्मों की स्थापना करने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है

(ख) प्रारंभिक स्तरों पर केन्द्रीय सरकारी फार्म, उड़ीसा के कार्यों पर 1966-67 की अवधि में 0.33 लाख रुपये (राजस्व) तथा 4.54 लाख रुपए (पूंजी) व्यय किये गये थे।

दिल्ली की खाद्यान्नों सम्बन्धी आवश्यकता

*464. **श्री कंवर लाल गुप्त :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के लिए चावल, गेहूँ और मोटे अनाजों की अलग-अलग कितनी आवश्यकता है;

(ख) क्या सरकार ने दूसरे राज्यों से दिल्ली के लिए मोटे अनाजों तथा दालों की सप्लाई का कोई संतोषजनक प्रबन्ध किया है;

(ग) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को इस बात का पता है कि दिल्ली में चावल की सप्लाई नियमित रूप से नहीं हो रही है और सप्लाई किये जाने वाला चावल भी घटिया किस्म का होता है; और

(ङ) यदि हाँ, तो इन कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे):

(क) दिल्ली प्रशासन के अनुमान के अनुसार दिल्ली की मासिक माँग इस प्रकार हैं:

चावल	3,000 टन
गेहूँ	37,000 टन
मोटे अनाज	11,750 टन

(ख) और (ग) कानूनी राशनिंग में मोटा अन्न तथा दाल शामिल नहीं है। दिल्ली में यह अन्न कुछ मात्रा में उत्पन्न की जाती है। दाल तथा अन्य अन्न दिल्ली में वाणिज्यिक रूप में स्वतन्त्रता से आते हैं। हरियाणा से भी दिल्ली में अन्न वाणिज्यिक रूप में आते हैं। भारत सरकार भी दिल्ली प्रशासन की सहायता करती है ताकि वह समय-समय पर अधिक उत्पन्न करने वाले राज्यों से अन्न प्राप्त कर सके।

(घ) और (ङ) सितम्बर तथा अक्तूबर के महीनों में जब अन्न कम मिलता है अन्न के भण्डार कम होने के कारण दिल्ली में चावल का मिलना अनियमित हो गया था। पंजाब तथा हरियाणा से और अन्न के भण्डार आने से स्थिति में सुधार हो गया है तथा सामान्यता आ गई है।

लघु सिंचाई योजनायें

*465. **श्री मधु लिमये** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अकाल की स्थिति को देखते हुए जनता/राज्य सरकारें सिंचाई के महत्व को खूब अच्छी तरह समझने लग गई हैं;

(ख) क्या बड़ी सिंचाई योजनाओं के स्थान पर लघु सिंचाई योजनाओं को महत्व दिया जा रहा है; और

(ग) वर्ष 1967-68 में लघु सिंचाई योजनाओं के लिये राज्यों ने कुल कितने परिव्यय का प्रस्ताव किया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे):

(क) जी हाँ।

(ख) हाल ही में कुओं, नलकूपों तथा पम्प सेटों जैसी शीघ्र उपज देने वाली योजनाओं की माँग में वृद्धि हुई है।

(ग) अस्थायी रूप से 102.80 करोड़ रुपये का खर्च रखा गया है।

शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना पर अमल

*466. **डा० रावेन सेन** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना का चलन बहुत अधिक संतोषप्रद नहीं रहा है;

(ख) यदि हाँ तो इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस योजना के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संगठन से आर्थिक सहायता माँगी है; और

(घ) यदि हाँ तो, अन्तर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा कितनी सहायता मिलने की आशा है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) :

(क) जी नहीं।

(ख) सवाल पैदा नहीं होता।

(ग) और (घ) शिशिक्षु प्रशिक्षण के स्तर में और अधिक सुधार के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संगठन से सहयोग माँगा है। अन्तर्राष्ट्रीय संगठन से कोई आर्थिक सहायता नहीं प्राप्त हो रही है। सहायता, विशेषज्ञों की सेवाएँ, साज सामान और छात्रवृत्तियों के रूप में होगी। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन कार्यकारी एन्जेसी है। सहायता नीचे लिखे अनुसार होगी :

	संख्या	कार्यकारी महीने	राशि (अमेरिकीडालर)
1. विशेषज्ञों की सेवायें	11	372	6,94,900
2. भारतीय विशेषज्ञों को छात्रवृत्ति	11	48	27,000
3. साज सामान	–	–	2,25,000
4. विविध	–	–	43,900
कुल			9,90,800

कई फसलें उगाना (रिले क्रापिंग)

*467. **श्री वासुदेवन नायर** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान संस्था ने कई फसलें उगाने 'रिले क्रापिंग' की एक नई विधि का आविष्कार किया है जिसके द्वारा किसान एक ही भूखण्ड में वर्ष में चार खाद्य-फसलें उगा सकते हैं;

(ख) यदि हाँ, तो इस नई विधि का मुख्य रूपरेखा क्या है;

(ग) क्या इस नई विधि का प्रयोग देश के किसी भाग में किया गया है; और

(घ) यदि हाँ, तो उसका क्या परिणाम रहा है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब-शिन्दे) :

(क) जी हाँ।

(ख) इस नई तकनीक की मुख्य बातों को प्रदर्शित करने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है [पुस्तकालय में रखा गया देखिये संख्या एल० टी० 1857/67।

(ग) इस नई तकनीक को 1966–67 में पूर्ण किया गया है और अपनाने के लिये यह तकनीक कृषकों को बतला दी गयी है।

(घ) कृषकों द्वारा यह तकनीक अपनाई जाने पर ही परिणाम प्राप्त हो सकेंगे।

सरकारी उप-क्रमों में श्रम दिनों की हानि

*468. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया** : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले छः महीनों के दौरान सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में हड़तालों के कारण पिछले पाँच वर्षों में समान अवधियों की तुलना में कितने श्रम घंटों का नुकसान हुआ है;

(ख) क्या सरकार ने श्रमिकों के अशांति के कारण ढूंढने का प्रयत्न किया है; और

(ग) इस स्थिति को सुधारने के लिए क्या कदम उठाने का विचार है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) :

(क) हड़तालों से नुकसान हुए घंटों से संबंधित सूचना उपलब्ध नहीं है। काम बन्दी (हड़तालों और तालाबन्दी) के कारण नष्ट हुए श्रम दिनों की संख्या नीचे दी जाती है :

	1962	1963	1964	1965	1966	1967
जनवरी-जून	3,36,828	43,812	1,40,896	4,88,199	6,43,364	8,72,410*
						*(कच्चे)
जुलाई-दिसम्बर	1,95,329	2,33,457	6,06,497	2,16,127	6,33,295	–

(ख) 1966 के दौरान सब उद्योगों में औद्योगिक अशांति के कारणों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि अधिकांशतः अधिक मजूरी भत्तों और बोनस की माँगों के कारण ही ऐसी अशान्ति हुई थी।

(ग) राज्य सरकारों को यह सलाह दी गई है कि वे सरकारों और गैर-सरकारी क्षेत्रों में श्रम कानूनों का पूर्ण पालन सुनिश्चित कराने के लिए कदम उठायें ताकि औद्योगिक अशांति के कारण यथासंभव कम से कम हो जायं। सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में मामला-अध्ययन भी किये जाते हैं और जहाँ कहीं आवश्यकता हो, प्रबंध कों को सुझाव दिये जाते हैं।

खाद्यान्नों का आयात

*469. **श्री धोरेश्वर कलिता** : क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष में पी० एल० 480 करार के अन्तर्गत अब तक कुल कितने खाद्यान्नों का आयात किया गया;

(ख) इन खाद्यान्नों को लाने के लिये कितने जहाज प्रयोग में लाये गये और कुल कितना भाड़ा दिया गया;

(ग) इस कार्य के लिये अमरीका के कितने जहाजों का प्रयोग किया गया और उन्हें कुल कितना भाड़ा दिया गया ; और

(घ) इस काम से लिये कितने भारतीय जहाज काम में लाये गये और उन्हें कुल कितना भाड़ा दिया गया ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब-शिन्दे) :

(क) पहली जनवरी 1967 से 31 अक्तूबर 1967 तक 47 लाख मेट्रिक टन।

(ख) (i) 245 जहाज।

(ii) सरकार को अन्ततोगत्वा किराये के रूप में लगभग 45 करोड़ रु० किराये के देने होंगे।

(ग) (i) 98 जहाज।

(ii) किराये के रूप में सरकार का अन्ततोगत्वा उत्तरदायित्व लगभग 21.00 करोड़ रु० होगा।

(घ) (i) 13 जहाज।

(ii) किराये के रूप में लगभग 2.96 करोड़ रु० देना होगा।

श्रमिकों की उत्पादिता में वृद्धि

*470. **श्री शिव चन्द्र झा** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तीन पंचवर्षीय योजनाओं की अवधियों में गैर-सरकारी क्षेत्र के उद्योगों की अपेक्षा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में श्रमिकों की उत्पादिता अधिक बढ़ी है;

(ख) यदि हाँ, तो कितनी बढ़ी है और उसके क्या कारण हैं; और

(ग) समूचे देश में कुल मिलाकर समस्त औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों की उत्पादिता में सामान्य वृद्धि होने के साथ धन तथा वास्तविक मजूरी में कितनी वृद्धि हुई है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी):

(क) विस्तृत तुलनात्मक आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) सारे उद्योगों के सम्बन्ध में मंजूरी और उत्पादिता के बारे में व्यापक आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं। कुछ उद्योगों के बारे में एक तुलनात्मक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है [**पुस्तकालय में रखा गया देखिये संख्या एल० टी० 1858/67**]

Support Prices for Paddy Crop

471. **Shri Deorao Patil :**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the suport prices fixed for the new crops of paddy during 1967-68, State-wise and the basis of fixation of prices;

(b) whether the prices declared are remunerative and fair to farmers as assured by Government ;

(c) whether it is a fact that many States have demanded increase in these prices which has been rejected by Government ; and

(d) if so, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasaheb Shinde) :

(a) The Minimum Support Prices for the standard (coarse) variety of paddy for 1967-68 kharif season for each State were fixed on the basis of the recommendations of the Agricultural Prices Commission. A statement showing the State-wise prices is given below.

Statement showing the minimum support prices of Standard (coarse) variety of paddy for different States for 1967-68 kharif season (Rate Rs. per quintal).

Name of States	Price
Assam, Bihar, Haryana, Madhya Pradesh, Orissa, Punjab, Rajasthan, Uttar Pradesh	Rs. 42.00
Andhra Pradesh, Madras, Mysore, West Bengal	Rs. 43.00
Gujarat, Kerala, Maharashtra	Rs. 44.00

(b) Yes, Sir.

(c) No. Sir..

(d) Does not arise.

मूल अधिकारों के बारे में उच्चतम न्यायालय का निर्णय

*472. **श्री राम कृष्ण गुप्त :** क्या विधि मंत्री 6 जून, 1967 के अतारांकित प्रश्न सं० 1546 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मूल अधिकारियों के बारे में उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर इस बीच विचार कर लिया है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस बारे में क्या विनिश्चय किया गया है ?

विधि मंत्री (श्री गोविन्द मेनन): (क) जी हाँ।

(ख) सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 368 को संशोधित करने की वह प्रस्थापना जो श्री नाथपाई, संसद् सदस्य के उस विधेयक में अन्तर्विष्ट है, जो कि इस समय संयुक्त समिति के समक्ष लम्बित है, सिद्धान्तरूप में स्वीकार कर ली है जिससे कि यह स्पष्ट हो जाए कि संसद् को संविधान के किसी भी भाग को, जिसके अन्तर्गत मूल अधिकारों सम्बन्धी भाग 3 भी आता है, संशोधित करने की शक्ति है।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा गुड़ लाने ले जाने पर प्रतिबन्ध लगाया जाना

*473. **श्री मि० सू० मूर्ति**: क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्य से बाहर गुड़ को ले जाने पर प्रतिबन्ध लगाने की अनुमति आंध्र प्रदेश सरकार को दे दी गई है; और

(ख) यदि हाँ, तो कब और किन शर्तों पर ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे):

(क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

सिविल प्रक्रिया संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता और भारतीय दण्ड संहिता का संशोधन

*474. **श्री यज्ञ दत्त शर्मा**: क्या **विधि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हमारे सामाजिक ढाँचे में परिवर्तनों के कारण, सिविल प्रक्रिया संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता और भारतीय दण्ड संहिता के कुछ उपबंध निष्प्रयोजन हो गए हैं; और

(ख) क्या इन परिवर्तनों को देखते हुए उपरोक्त संहिताओं में संशोधन करने का सरकार का विचार है ?

विधि मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद यूनुस सलीम):

(क) और (ख) यह कहना पूर्णतया सही नहीं होगा कि हमारे सामाजिक ढाँचे में परिवर्तनों के कारण, सिविल प्रक्रिया संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता और भारतीय दण्ड संहिता के कुछ उपबंध निष्प्रयोजन हो गए हैं।

न्याय प्रशासन के सुधार के संबंध में अपनी चौदहवीं रिपोर्ट में, विधि आयोग ने सिविल प्रक्रिया संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता और भारतीय दण्ड संहिता में संशोधनों के लिए कुछ सिफारिशें की थीं जिनका उद्देश्य, अन्य बातों के साथ-साथ, मामलों के निपटाने में होने वाले विलंबों का निराकरण तथा मुकदमेबाजी के खर्चों में कमी करना था। विधि आयोग की सत्ताईसवीं रिपोर्ट, जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के सम्बन्ध में है, पहिले ही सदन के पटल पर रख दी गई है। यह रिपोर्ट सरकार के सक्रिय विचाराधीन है।

जहाँ तक कि दण्ड प्रक्रिया संहिता का संबंध है, आयोग ने कुछ विषयों पर दो रिपोर्ट प्रस्तुत की हैं। पच्चीसवीं रिपोर्ट जाली करेंसी-नोटों आदि के सम्बन्ध में आफिसरों के साक्ष्य से सम्बद्ध है

और बतीसवीं रिपोर्ट का सम्बन्ध उक्त संहिता की धारा 9 से है। जहाँ तक भारतीय दण्ड संहिता का सम्बन्ध है, आयोग ने सामाजिक-आर्थिक मामलों पर रिपोर्ट (उन्तीसवीं रिपोर्ट) प्रस्तुत कर दी है। मृत्युदंड के उत्सादन का प्रश्न आयोग के सक्रिय विचाराधीन है। आयोग, भारतीय दण्ड संहिता तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता में चर्चित अन्य विषयों की भी परीक्षा कर रहा है।

चीनी का निर्यात

*475. **श्री लोबो प्रभु** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष कितनी चीनी का निर्यात किया जायेगा ;

(ख) देशान्तर्गत तथा वाह्य मूल्यों में अन्तर के फलस्वरूप कितनी हानि होगी ;

(ग) इससे कितनी विदेशी मुद्रा की कमाई होगी ; और

(घ) देश में चीनी की सप्लाई कम होने के कारण, इसके निर्यात के परिणामस्वरूप देश के अन्दर चीनी के दाम बढ़ जाने के बारे में क्या सरकार ने अनुमान लगाया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे):

(क) 1967 में 2.17 लाख टन। यह पहले ही भेजा जा चुका है।

(ख) लगभग 7.5 करोड़ रु०।

(ग) लगभग 13.8 करोड़ रु०।

(घ) आन्तरिक मूल्यों में (यह 23 नवम्बर तक नियन्त्रित की) चीनी के निर्यात के कारण कोई वृद्धि नहीं हुई थी तथा घाटे की राशि भारत सरकार ने दी थी।

पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष में भारत के क्रास बार टेलीफोन उपकरण का खोया जाना

*476. **श्री क० प्र० सिंह देव** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1965 में पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष में भारत के जो प्रमुख उपकरण खो गये हैं उनमें लगभग 25 लाख रुपये के मूल्य का क्रास बार टेलीफोन उपकरण भी था, जो बम्बई और दिल्ली में टेलीफोन एक्सचेंजों में लगाने के लिये आयात किया गया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पाकिस्तान सरकार ने यह उपकरण इस्लामाबाद टेलीफोन एक्सचेंज में लगा दिया है जबकि सरकार ने दावा किया था कि वह उपकरण जब्त करते समय डुबो दिया गया था ; और

(ग) यदि हाँ, तो उपकरण अथवा उसका मूल्य प्राप्त करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल):

(क) जी हाँ। मूल्य 23 लाख रु० था (अवमूल्यन से पूर्व)।

(ख) कुछ समाचार प्राप्त हुए हैं कि पाकिस्तान सरकार उस सामान का प्रयोग कर रहा है।

(ग) पाकिस्तान सरकार के साथ इस मामले को उठाया है।

आसाम में नये प्रव्रजक

478. **श्री बे० कु० दास चौधरी** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि आसाम सरकार ने नये प्रव्रजकों के प्रवेश के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार की नीति के प्रतिकूल हाल में आदेश जारी करके आसाम में नये प्रव्रजकों के प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगा दिया है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण) :

(क) और (ख) : जी हाँ। जैसा कि 28 नवम्बर 1967 को अतारांकित प्रश्न संख्या 2207 के उत्तर में कहा कि आसाम सरकार को इस मामले में उचित परामर्श दिया गया था। फिर उन्होंने भारत सरकार के निर्देशों को कार्यान्वित करने में कुछ कठिनाइयों का उल्लेख किया। उनके विचारों पर अच्छी प्रकार विचार किया गया तथा उन्हें बताया गया कि वह उन आपत्तियों पर किस प्रकार काबू पा सकते हैं। ऐसी आशा की जाती है कि राज्य सरकार परामर्श के अनुसार कार्य करेगी। शीघ्र ही उनकी प्रतिक्रिया का पता लगने वाला है।

दिल्ली के चीनी कोटे में कमी

479. **श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने दिल्ली का चीनी का कोटा कम कर दिया है परिणामस्वरूप दिल्ली प्रशासन दिल्ली के नागरिकों का चीनी का राशन का कोटा कम कर रहा है; और

(ख) यदि हाँ, तो दिल्ली के लिए अधिक चीनी देने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे):

(क) जी हाँ। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि 1967-68 में चीनी के कुल उत्पादन का केवल 60% नियन्त्रित सूत्रों द्वारा निश्चत मूल्य पर बेचने के लिये प्राप्त किया जाना है, सारे राज्यों का कोटा कम करना पड़ा।

(ख) दिल्ली तथा अन्य राज्यों को नियन्त्रित सूत्रों द्वारा अधिक चीनी का देना केवल अधिक उत्पादन होने पर ही संभव है। बाजार में खुले रूप से बेचने के लिये भी कुछ चीनी दी जा रही है।

Price of Sugarcane

480. **Shri Raghuvir Singh Shastri : Shri Prakash Vir Shastri** :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether Government are aware that the sugar mills in various States are putting undue pressure on the farmers by not giving reasonable price for sugarcane by keeping the sugar mills closed and in some other ways ;

(b) whether it is a fact that the Registrar of Co-operative Societies, Maharashtra has issued directives to the Co-operative sugar mills that in case the farmers do not supply sugarcane at prices fixed by them, then their membership should be terminated and their share money and other deposits be confiscated ;

(c) if so, the justification thereof ; and

(d) the steps taken by Government to ensure reasonable prices for the farmers and to prevent the production of sugar from falling down?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasaheb Shinde) :

(a) No, sir.

(b) Yes Sir, in respect of members of the cooperative sugar mills.

(c) He has issued the directive in the long term interest of the cooperative sugar mills as well as their members.

(d) The Central Government have fixed only the minimum price of sugarcane and the sugar factories are expected to pay higher prices than the minimum. Reports received show that higher prices are being paid.

चावल की खरीद

2932. **श्री कृ० भा० कौशिक**: क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन राज्यों में चावल खरीदे जा रहे हैं और किन-किन राज्यों से धान खरीदा जा रहा है ;

(ख) किन-किन राज्यों में धान अथवा चावल सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदे जा रहे हैं ;

(ग) किन-किन राज्यों में सरकार चावल अथवा धान खुले बाजार से खरीद रही है ; और

(घ) सहकारी समितियों के माध्यम से चावल अथवा धान खरीदने के क्या लाभ हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) आंध्र प्रदेश, बिहार, केरल और उत्तर प्रदेश में धान और चावल पर लगान है। गुजरात, महाराष्ट्र, मैसूर और पश्चिमी बंगाल में धान लगान द्वारा वसूल की जा रही है। बिहार, महाराष्ट्र और पश्चिमी बंगाल में धान के स्थान पर चावल देने का लोगों को विकल्प है। आसाम, मद्रास और उड़ीसा में मुख्य तौर पर धान की ही वसूली की जा रही है। मध्य प्रदेश, हरियाना और पंजाब में चावल लगान द्वारा वसूल किया जा रहा है।

(ख) से (घ) जानकारी एकत्र की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा पटल पर रखी जावेगी।

धान की वसूली

2933. **श्री कृ० भा० कौशिक**: क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र सरकार से धान के स्थान पर चावल की वसूली करने का निदेश देने का सरकार का विचार है, क्योंकि इससे किसानों को लाभ होगा और उनके पास 'कनी' और 'कोंडा' बच जायेगा ; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं।

(ख) स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए वसूली करने के ढंगों के बारे में निर्णय करने का काम राज्य सरकारों पर छोड़ दिया गया है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र में खेतिहरों को धान के स्थान पर चावल देने का विकल्प है।

गावों में टेलीफोन लगाने की योजना

2934. **श्री नरसिम्हा राव :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार 'भारत में गावों में टेलीफोन लगाने की योजना' क्रियान्वित करने का है ; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल):

(क) जी नहीं।

(ख) साधनों के सीमित होने तथा बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों के स्टेशनों को देखते हुए दूर-संचार सुविधाओं को धीरे-धीरे बढ़ाना सम्भव है। आम तौर पर टेलीफोन की सुविधायें तभी उपलब्ध की जाती हैं यदि यह समझा जायेगा कि योजना लाभदायक है। फिर भी टेलीफोन सुविधाओं को अविकसित क्षेत्रों में बढ़ाने के लिये कुछ स्टेशनों को इस शर्त पर यह सुविधायें दी गई हैं कि 1 अप्रैल, 1966 अर्थात् तीसरी पंच वर्षीय योजना के अन्त तक कुल हानि 40 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। उपरोक्त स्टेशन निम्नलिखित हैं ;

(एक) शेष जिला तथा सब जिला मुख्यालय कस्बे।

(दो) तहसील तथा ऐसे ही मुख्यालय कस्बे।

(तीन) सब तहसील।

(चार) 20,000 अथवा इससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान और 10,000 अथवा इससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान।

(पाँच) दूरस्थ बस्तियों अर्थात् निकटतम टेलीफोन एक्सचेंज से 40 किलोमीटर दूर 100 स्थानों पर।

(छः) पर्यटन केन्द्रों, तीर्थ स्थानों कृषि तथा परियोजना केन्द्रों और कस्बों में 100 पब्लिक काल कार्यालय खोले जायेंगे।

निम्न वर्ग के स्टेशन अर्थात् ब्लाक मुख्यालय, सब-इंसपेक्टर के अधीन पुलिस स्टेशन, 5,000 से अधिक जनसंख्या वाले स्थानों आदि को हानि पर भी आरम्भिक सुविधायें उपलब्ध की जायगी और इससे तार यातायात के विकास पर निर्भर टेलीफोन स्टेशनों के विकास में सहायता मिलेगी।

पशु धन

2935. **श्री बाबूराव पटेल :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में विभिन्न किस्म के पाए जाने वाले पशुओं की अनुमानित संख्या, राज्यवार कितनी है ;

(ख) उनमें से प्रति वर्ष अकाल, सूखा या भूख से मरने वालों की संख्या कितनी है ;

(ग) क्या सरकार को यह मालूम है कि दूध का व्यापार करने वाले बछड़े, बछड़ियों को भूखा रख के मार देते हैं ; और

(घ) यदि हाँ, तो इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (घ) जानकारी राज्य सरकारों से इकट्ठी की जा रही है और यथा समय सभा के पटल पर रख दी जायेगी।

पशुओं से प्राप्त होने वाला कार्बनिक खाद

2936. **श्री बाबू राव पटेल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में प्रतिवर्ष विभिन्न राज्यों में कितना तथा कितने मूल्य का कार्बनिक खाद पशुओं से प्राप्त होता है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : तीसरी योजना की अवधि में नेशनल कौंसिल आफ अपलाईड एकोनामिक रिसर्च द्वारा भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ईंधन की घरेलू खपत के विषय में जो अध्ययन किया गया है उसके अनुसार 1961 की पशुधन गणना के आधार पर गीले गोबर का वार्षिक उत्पादन 13350 लाख मीटरी टन (अर्थात् सूखे गोबर का 2670 लाख मीटरी टन) है। कौन्सिल के अनुमान के अनुसार 522 लाख मीटरी टन सूखा गोबर (कुल उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत भाग) ईंधन के रूप में प्रयोग किया जाता है। बाकी गोबर या तो इकट्ठा ही नहीं किया जाता या उसका प्रयोग खाद के रूप में किया जाता है। वर्ष भर में देश में लगभग 3700 लाख मीटरी टन पशु मूत्र इकट्ठा किया जाता है। पशुओं के गोबर व मूत्र से तैयार होने वाले कार्बनिक खाद की मात्रा तथा उसके मूल्य के बारे में कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है। अनुमान लगाया गया गया है कि 1966–67 की अवधि में ढोरसालों तथा फार्म के कूड़े से नियमित रूप से 1340 लाख मीटरी टन कम्पोस्ट तैयार हुआ है। 1966–67 की अवधि में तैयार होने वाले ग्रामीण कम्पोस्ट के उत्पादनके विषय में राज्यवार ब्यौरा सभा-पटल पर रखा जाता है (**पुस्तकालय में रखा गया ।देखिये संख्या एल० टी० 1859/67**] गाँवों में ढोरसालों तथा फार्म के कूड़े से तैयार होने वाले कम्पोस्ट सदा नहीं बेचा जाता इस कम्पोस्ट को कृषक अपने खेतों में प्रयोग के लिए तैयार करते हैं।

भारतीय खाद्य निगम का वार्षिक व्यय

2937. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 मार्च, 1967 को समाप्त हुए वर्ष में भारतीय खाद्य निगम की प्रत्येक शाखा पर किराये, कर्मचारियों के वेतनादि, यात्रा भत्ते तथा अन्य व्यय के विवरण सहित वार्षिक व्यय कितना हुआ ; और

(ख) निगम ने अपने तथा किराये पर लिये गये विभिन्न गोदामों के लिये, नगरवार, प्रतिमास कितना किराया दिया ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) और (ख): 1966–67 के लिये भारत के खाद्य निगम के लेखों को अभी तक अन्तिम रूप नहीं दिया गया है। लेखों को अन्तिम रूप दिये जाने पर भी जानकारी प्राप्त करने में जितना श्रम तथा समय लगेगा वह प्राप्त होने वाले परिणामों के अनुरूप नहीं होगा।

गुजरात में भूमि बन्धक बैंक

2938. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1967–68 में गुजरात में भूमि बन्धक बैंकों का ऋण देने तथा ऋण-पत्र जारी करने का क्या कार्यक्रम है ;

(ख) क्या 1966–67 में इन बैंकों को कोई केन्द्रीय सहायता दी गई थी ; और

(ग) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) :

(क) वर्ष 1967-68 में गुजरात राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक लि० का लगभग 13 करोड़ रुपए का ऋण देने और ऋण-पत्र जारी करने का कार्यक्रम है।

(ख) और (ग) गुजरात सरकार को इस बैंक के साधारण ऋण-पत्र कार्यक्रम में धन लगान के लिए 2 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया गया था।

गुजरात में भूमिहीन लोगों का पुनर्वास

2939. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पुनर्वास योजना के अन्तर्गत गुजरात में भूमिहीन श्रमिकों के पुनर्वास सम्बन्धी कार्यक्रम पर खर्च करने के लिए सहायता अनुदान तथा ऋण के रूप में केन्द्रीय सरकार ने कितनी वित्तीय सहायता दी है और इस सहायता से कितने परिवार बस चुके हैं;

(ख) क्या गुजरात में भूमिहीन श्रमिकों में उन स्वर्णकारों को भी शामिल किया गया है जिनको भूमि अलाट की गई और क्या उनको भी ऐसी सहायता दी गई है;

(ग) यदि हाँ, तो उसके कारण क्या है;

(घ) इस योजना के अन्तर्गत स्वर्णकारों को कितनी वित्तीय सहायता दी गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) सन् 1966–67 के अन्त तक केन्द्रीय सरकार ने गुजरात सरकार को 39,63,550 रुपये की वित्तीय सहायता दी है जिसमें से 29,72,912.50 रुपये सहायक अनुदान के रूप में और 9,90,637.50 रुपये ऋण के रूप में दिये गये। केन्द्र चालित योजना के अन्तर्गत गुजरात राज्य में 5,342 भूमिहीन कृषक परिवारों को बसाया गया है।

(ख) और (ग) केन्द्र चालित योजना केवल भूमिहीन कृषकों के लिए ही है।

(घ) इस योजना के अन्तर्गत स्वर्णकारों को कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई। फिर भी अन्य स्रोतों से जो सहायता दी गई है उसके बारे में जानकारी इकट्ठी की जा रही है और मिलते ही सभा के पटल पर रख दी जाएगी।

गुजरात में नलकूपों के लिये ऋण

2940. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार से उचित ऋण उपलब्ध न होने के कारण गुजरात में नलकूपों के लिए ऋण मंजूर करने के विषय में गुजरात सरकार के पास कई आवेदन-पत्र काफी समय से पड़े हुए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो इन आवेदन-पत्रों की संख्या कितनी है और कब तक ऋण मंजूर होने की आशा है;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार का इस विषय में गुजरात सरकार को कुछ सहायता देने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हाँ, तो कितनी सहायता दी जायगी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) राज्य सरकार से ज्ञात हुआ है कि नलकूपों के विषय में ऋण मंजूर करने के बारे में कोई प्रतिवेदन नहीं पड़े हैं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) और (घ) राज्य सरकारों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता देने की संशोधित पद्धति के अनुसार (जिसे 1958-59 में लागू किया गया था) राज्यों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता "कृषि उत्पादन", "लघु सिंचाई" "भूमि विकास" आदि वृहत्त विकास शीर्षकों के अन्तर्गत दी जाती है न कि प्रत्येक योजना के आधार पर। 1967–68 के लिए लघु सिंचाई शीर्षक के अन्तर्गत 5.30 करोड़ रुपए का व्यय स्वीकार किया गया था। धनाभाव के कारण गुजरात सरकार को लघु सिंचाई के लिए 1967-68 की अवधि में और अतिरिक्त रुपया देना संभव नहीं हो सका है।

गुजरात को बोरिंग मशीनों की सप्लाई

2941. **श्री नरेन्द्र सिंह महोडा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष गुजरात को केन्द्र द्वारा सप्लाई की गई बोरिंग मशीनों की संख्या ; और

(ख) बोरिंग मशीनों की सप्लाई के परिणामस्वरूप सिंचित भूमि का क्षेत्रफल।

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) गत वर्ष गुजरात को कोई बोरिंग मशीन सप्लाई नहीं की गई; और 3 रिगों के आयात के लिए राज्य सरकार को 13.10 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा अलाट की गई थी। इसके अतिरिक्त समन्वेषी नलकूप संगठन ने राज्य सरकार की ओर से उत्पादन नलकूपों के निर्माण में 4 रिगों का प्रविस्तारण किया और सन् 1966-67 में कच्छ के जिला में 20 बोर होल्ज किए गए जिनमें से 19 उत्पादन कूपों में परिवर्तित कर दिए गए।

(ख) जैसा कि ऊपर बताया गया है कि गुजरात को कोई बोरिंग मशीन सप्लाई नहीं की गई, अतः सिंचाई का प्रश्न ही नहीं होता। जहाँ तक समन्वेषी नलकूप संगठन द्वारा निर्मित उत्पादन नलकूपों का सम्बन्ध है, उपयोगिता के सम्बन्ध में जानकारी इस समय उपलब्ध नहीं है। यह बता दिया जाए कि आमतौर पर नलकूपों की पूर्णता तथा उसकी उपयोगिता में कुछ समय पड़ जाता है। फिर भी अनुमान लगाया जाता है कि उपरोक्त लिखित 19 नलकूपों के द्वारा लगभग 2,500 एकड़ भूमि को सिंचित किया जा सकता है।

Post Offices, Savings Banks, Telegraph Offices and Telephone Exchanges in Maharashtra

2942. **Shri Deorao Patil** : Will the Minister of **Communications** be pleased to state :

(a) the number of Post Offices, Savings Banks, Telegraph Offices and Telephone Exchanges proposed to be opened in the rural areas of Maharashtra State during the Fourth Plan period ; and

(b) the number and the locations of Post Offices, Telegraph Offices and Telephone Exchanges proposed to be opened in Yeotmal District of Maharashtra State during the said period ?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) and (b) A statement is being laid on the Table of the Lok Sabha. **[Placed in Library. See No. LT-1860/67]**.

उत्तर प्रदेश में शिक्षित बेरोजगार

2943. **श्री सरयू पाण्डे** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के नियोजन कार्यालयों के चालू रजिस्टरों में जनवरी, 1965 से अक्टूबर, 1967 के बीच कितने शिक्षित बेरोजगार लोगों ने अपने नाम दर्ज कराए; और

(ख) उक्त अवधि में उत्तर प्रदेश के नियोजन कार्यालयों की सहायता से कितने बेरोजगार लोगों को नियुक्ति अवसर मिले ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी):

(क) और (ख): इस सम्बन्ध म जानकारी छः माह बाद जून और दिसम्बर में इकट्ठी की जाती है। जनवरी, 1965 से जून, 1967 के बीच उत्तर प्रदेश के नियोजन कार्यालयों में 5,02,267 शिक्षित (मैट्रिक और इससे अधिक) बेरोजगार लोगों ने नाम दर्ज कराये और 48,716 व्यक्तियों को नियुक्ति अवसर मिले।

तारों को प्राथमिकता दिया जाना

2944. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1 सितम्बर, 1967 से पूर्व डाक व तार विभाग गम्भीर बीमारी की सूचना देने वाले तारों को प्राथमिकता देते थे :

(ख) क्या यह सच है कि 1 सितम्बर, 1967 से इस प्रथा को समाप्त कर दिया गया है और अब केवल उस तार को ही प्राथमिकता दी जाती है जिसमें किसी व्यक्ति की मृत्यु का समाचार हो; और

(ग) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी हाँ।

(ख) जी हाँ।

(ग) 1-9-67 से पूर्व निम्नलिखित विषयों पर विभाग को तारें बुक करने की अनुमति थी :

(एक) सड़क, रेलवे, आग, बाढ़, बिजली गिरने, भवन गिरने तथा फैक्टरी दुर्घटनाओं आदि में मानव जीवन की सुरक्षा।

(दो) गम्भीर शरीरिक स्थिति तथा मृत्यु।

(तीन) 'मानव-जीवन प्राथमिकता तारों' की श्रणी के अन्तर्गत अस्पताल में भर्ती कराने, दवाई आदि बताने अथवा औषधि देने आदि के बारे में। यह पता लगाया कि यह वर्गीकरण बहुत व्यापक है। यदि इस वर्गीकरण को जारी रखा जाता तो प्राथमिकता तो बहुत सी तारे आ जाती जिनमें ऐसी भी तारें आती हैं जिनमें मानव जीवन के खतरे को दूर नही किया जा सकता। यह अन्तर्राष्ट्रीय प्रथा के भी अनुकूल नहीं है। इसलिये विभिन्न प्राथमिकताओं के लिये तारों के ग्रुपों को सरल बनाने और मृत्यु की सूचना देने वाले तारों को उच्च- तम प्राथमिकता देने का निर्णय किया गया। फिर भी मामले की पुनः जाँच की जा रही है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में सूक्ष्मतरंग प्रणाली

2945. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सामाजिक महत्व के सीमावर्ती क्षेत्रों तथा आक्राम्य क्षेत्रों में संचार व्यवस्था को मजबूत करन के लिय सूक्ष्म तरंग प्रणाली के विस्तार की कोई योजना है ;

(ख) योजना का ब्यौरा क्या है और इसकी कुल लागत क्या है ; और

(ग) कच्छ के सीमावर्ती क्षेत्रों में संचार व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये किन विशिष्ट परियोजनाओ को हाथ में लेने का प्रस्ताव है ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी हाँ।

(ख) सूक्ष्म तरंग योजनाओं की कार्यान्वित करने के लिये बनाई गई एकीकृत योजना में सीमावर्ती क्षेत्रों में सूक्ष्म तरंग सम्पर्क बनाना भी शामिल है। पूर्व की ओर कलकत्ता, आसनसोल, कठियार, सिलीगुरी, दारजीलिंग, कुच-बिहार, शिलांग, गोहाटी, तेजपुर और जोरहाट के बीच सूक्ष्म-तरंग प्रणाली पहले ही लागू कर दी गई है ।

जोरहाट, डिबरूगढ़- तिनसूखिया में काम हो रहा है।

संचार के लिये उत्तर-पश्चिम में भी सूक्ष्मतरंग की दो योजनायें अर्थात् एक अम्बाला, चण्डी-गढ़ और शिमला को मिलाने के लिये तथा दूसरी श्रीनगर, उदयपुर, जम्मू, डलहाउसी, पठानकोट और जालन्धर को मिलाने वाली लागू की गई है।

सीमावर्ती क्षेत्रों अथवा आक्राम्य क्षेत्रों में संचार की व्यवस्था के लिये हाल ही में निम्न-लिखित सूक्ष्मतरंग योजनाओं की मंजूरी दी गई है;

(1) कलकत्ता-उत्तरी बंगाल-आसाम विस्तार योजना जिसमें मूल सूक्ष्मतरंग परियोजना के अन्तर्गत स्टेशनों के अतिरिक्त चैनलिंग उपकरण स्थापित करने की व्यवस्था है और निम्नलिखित मार्गों पर सूक्ष्मतरंग प्रणाली स्थापित करना है:

(एक) जोरहाट, धीमापुर, कोहीमा, इम्फाल।

(दो) शिलांग, सिल्चर, अगरतल्ला।

(तीन) सिल्चर–इम्फाल

(चार) दारजीलिंग–कालीमपोंग

(2) बरेली- नैनीताल, पीलीभीत

(3) भुज, काण्डला, जामनगर और राजकोट को मिलाने वाली सूक्ष्मतरंग योजना।

उपरोक्त योजनाओं पर 6.24 करोड़ रुपये लागत आने का अनुमान है।

(ग) जैसा कि उपरोक्त भाग (ख) में बतलाया गया है।

बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के कमाण्ड क्षेत्रों का लिया जाना

2946. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार समन्वित विकास के लिए देश की बड़ी सिंचाई परियोज-नाओं के कमाण्ड क्षेत्रों को लेने के एक प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हाँ, तो किन-किन सिंचाई परियोजनाओं को केन्द्रीय नियंत्रण में लिया जायेगा ;

(ग) इस विषय में कब तक अन्तिम निर्णय हो जाने की संभावना है ?

खाद्य, कृषि, समुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग) समन्वित विकास के लिए देश की बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के कमाण्ड क्षेत्रों को केन्द्रीय सरकार द्वारा लिए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। परन्तु स्टेट प्लान आयाकट डेवैलपमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत भूमि तथा जल के उचित उपयोग हेतु सिंचाई परियोजनाओं के कमाण्ड क्षेत्रों के समन्वित विकास की योजनाओं को राज्य सरकारों द्वारा कार्य रूप दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आयाकट विकास की मार्गदर्शी योजना (5000 से 10000 एकड़ भूमि के खण्डों में) की एक केन्द्रीय प्रायोजजित योजना तैयार की गई है। इसका अभिप्राय यह है कि सिंचाई परियोजनाओं के कमांड क्षेत्रों के समन्वित विकास के विभिन्न पहलुओं के प्रदर्शनों में उन राज्यों की सहायता की जाए जहां संसाधनों को काम में लाने की गति मन्द है।

आर्थिक तथा वित्तीय विशेषज्ञों का जापानी प्रतिनिधि मण्डल

2947. **श्री यज्ञदत्त शर्मा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दोनों देशों के बीच सहयोग की सीमा के अध्ययन के लिए आर्थिक तथा वित्तीय विशेषज्ञों का उच्च स्तर का जपानी प्रतिनिधि-मण्डल भारत आया;

(ख) यदि हाँ, तो क्या प्रतिनिधि-मण्डल ने सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है; और

(ग) भारत में खाद्य उत्पादन को बढ़ाने के लिए चलाए जाने वाले सरकारी कार्य का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) से (ग) हाल ही में आर्थिक तथा वित्तीय विशेषज्ञों का उच्च स्तर का कोई जापानी प्रतिनिधि-मण्डल भारत नहीं आया; फिर भी, भारत में जापानी कृषि प्रदर्शन के भावी-रूप के सम्बन्ध में भारत सरकार के साथ एक नए करार पर बातचीत करने के लिए मार्च-अप्रैल, 1967 में जापान सरकार द्वारा 5 जापानी कृषि विशेषज्ञों का एक दल भेजा गया था। इस नये करार के बारे में जापान सरकार के साथ बातचीत चल रही है।

मुस्लिम विवाह विधियां

2948. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **विधि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार, मुस्लिम स्त्रियों को विवाह-विच्छेद और भरण-पोषण का अधिकार दिलाने के लिए, मुस्लिम विवाह विधियों में सुधार करने का है, जैसी कि अनेक मुस्लिम स्त्रियों और भारतीय स्त्रियों के राष्ट्रीय फैडरेशन ने माँग की है;

(ख) क्या सरकार का इरादा अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की स्त्रियों पर प्रभाव डालने वाली विधियों में कोई सुधार करने का है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

विधि मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) :

(क) 22 अक्टूबर, 1967 के मण्डे स्टैन्डर्ड में प्रकाशित एक समाचार के अनुसार, भारतीय स्त्रियों के राष्ट्रीय फेडरेशन के अध्यक्ष ने, मुस्लिम स्त्रियों को विवाह-विच्छेद और भरण-पोषण का अधिकार दिलाने के लिए, मुस्लिम विवाह विधियों में सुधारों का समर्थन किया है। मुस्लिम स्त्रियों से कोई भी अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) ईसाइयों में विवाह और वैवाहिक मामलों से सम्बन्धित विधि को संशोधित और संहिताबद्ध करने के लिए एक विधेयक, तृतीय लोक सभा में पुरः स्थापित किया गया था, किन्तु उस लोक सभा के विघटन पर वह व्यपगत हो गया। विधेयक को पुनः पुरः स्थापित करने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

लोक लेखा समिति की सिफारिशों पर कार्यवाही करने में विलम्ब

2949. **श्री न० कु० साल्वे :** क्या **संसद्-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या लोक लेखा समिति की सिफारिशों पर विभिन्न मंत्रालयों द्वारा कार्यवाही शुरू करने में बहुत विलम्ब के बारे में सरकार ने कोई कदम उठाये हैं ?

संसद कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) :

लोक लेखा समिति की सिफारिशों की प्रगति और उनके बारे में अन्तिम उत्तर देने का मूल उत्तरदायित्व उस प्रशासनीय मंत्रालय/विभाग का है जिसके लिए विभिन्न प्रतिवेदनों में उन सिफारिशों को किया गया है। वित्त मंत्रालय लोक लेखा समिति की सिफारिशों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए उन प्रशासनीय मंत्रालयों को अनुदेश देता है। सिफारिशों पर कार्यवाही को अन्तिम रूप देने में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए लोक लेखा समिति ने हाल ही में अन्तिम उत्तर देने का समय 3 महीने से बढ़ाकर 6 महीने कर दिया है। समिति ने यह सुझाव भी दिया है कि विभिन्न मंत्रालयों द्वारा अन्तिम उत्तर इस 6 महीनों की अवधि में भेजने की सुरक्षा के लिए व्यय विभाग के सचिव को समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करना चाहिए। समिति के इस सुझाव की जाँच की जा रही है।

Settlement Officer, Tripura

2950. **Shri A. K. Gopalan :** **Shri Mohammad Ismail :**

Shri Bhagaban Das : **Shri Ganesh Ghosh :**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether Government have received any complaint against the Settlement Officer Tripura on the 4th August, 1967 from Communist Party of India (Marxist) ;

(b) if so, main points of the complaint ;

(c) whether Government have investigated the matter ;

(d) if so, the findings thereof ;

(e) the action taken thereon ; and

(f) if the reply to part (c) above be in the negative, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) :

(a) Yes, Sir.

(b) The complaint in question makes the allegation that the Settlement Officer had been bribed by the managements of several tea estates to get the Government Khas lands recorded in the name of the tea estates. It is further alleged that as a result of wrong entries, the tea estates evicted tribal families who had been in possession of the Government Khas lands. It is further alleged that the Settlement Officer issued directives which were against the provisions of Section 187 of the Tripura Land Revenue and Land Reforms Act.

(c) to (f) An inquiry has been instituted into the allegations.

मुसलमानों में बहुपत्नीत्व

2951. **श्री यज्ञदत्त शर्मा** : क्या **विधि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में मुसलमानों को बहुपत्नीत्व के आचरण की अनुज्ञा है; और

(ख) यदि हाँ, तो भारत में मुसलमानों के लिए बहुपत्नीत्व को दाण्डिक अपराध न बनाने के क्या कारण हैं ?

विधि मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद यूनुस सलीम) : (क) जी हाँ।

(ख) चूंकि मुस्लिम स्वीय विधि, जैसी कि इस समय वह है, बहुपत्नीत्व को अनुज्ञात करती है, इसलिए मुसलमानों की बाबत इसे दाण्डिक अपराध बनाने का प्रश्न ही नहीं उठता।

Community Projects in Delhi

2952. **Shri Shashi Bhushan Bajpai** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the number of additional community projects proposed to be set up by Government in Delhi in the near future and the names of places where they would be located?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri M. S. Gurupadaswamy) :

The entire area of Delhi is already covered by Community Development Blocks. There is no proposal to set up additional Blocks in Delhi.

जामसर, राजस्थान की जिप्सम खानों के श्रमिकों द्वारा हड़ताल

2953. **श्री उमानाथ** : **श्री रमानी** :
श्री नायनार : **श्री एस्थोस** :
श्री अब्राहम : **श्री सत्य नारायण सिंह** :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि जामसर, राजस्थान की जिप्सम खानों के श्रमिकों ने 6 अक्तूबर, 1967 को हड़ताल कर दी;

(ख) यदि हाँ, तो उनकी माँगें क्या हैं; और

(ग) उनका विवाद तय करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी):

(क) जी हाँ, बीकानेर जिप्सम लि० के ठेकेदारों द्वारा नियुक्त 107 श्रमिकों ने 6 अक्तूबर 1967 को हड़ताल कर दी।

(ख) श्रमिकों की माँगें 22-2-66 को किए गए समझौते को लागू करने के बारे में थीं। इस समझौते में निम्नलिखित व्यवस्था है :

(i) मेसर्स बीकानेर जिप्सम और उनके श्रमिकों में हुए विवाद पर केन्द्रीय सरकार के औद्योगिक न्यायाधिकरण जयपुर का पंचाट प्राप्त होने पर जिप्सम के परिवहन, उठाने ढेले तोड़ने और लादने की दरों में संशोधन तथा महंगाई भत्ते में संशोधन।

(ii) वर्तमान दरों (जिसमें मजूरी और महंगाई भत्ता शामिल है) में समुचित संशोधन द्वारा अंतरिम सहायता की मंजूरी, जो कि 1-2-1966 से लागू होगी।

(ग) प्रादेशिक श्रमायुक्त (केन्द्रीय), अजमेर ने समझौता कार्यवाही की जिसके परिणामस्वरूप 21-10-67 को ठेकेदारों और जिप्सम खान श्रमिक यूनियन के बीच समझौता हो गया और हड़ताल समाप्त हो गई।

Sugar Mills in Madhya Pradesh

2954. **Shri Y. S. Kushwah** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the quantity in tons, of sugar produced by the sugar mills in Madhya Pradesh during the past two years ;

(b) the names of the States to which the Madhya Pradesh Government supplied sugar, the quantity of sugar, in tons supplied to each State and that supplied to the Central Government, if any ; and

(c) the quantity of sugar, in tons, consumed in Madhya Pradesh during the said period ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasaheb Shinde) :

(a) The sugar mills in Madhya Pradesh produced 35,731 tonnes of sugar in 1965-66 and 7,572 tonnes in 1966-67.

(b) The Madhya Pradesh Government does not supply sugar to other States or to the Central Government. The entire quantity produced in 1965-66 *i.e.* 35,731 tonnes was released for consumption in Madhya Pradesh. Out of the production in 1966-67, 5,019 tonnes were released for consumption with the State and 2,420 tonnes to bulk consumers in Maharashtra and Delhi. 133 tonnes still remain to be released.

(c) The sugar relased for consumption in M. P. including local production totalled 169,875 tonnes in 1965-66 and 1,37,490 tonnes in 1966-67.)

Super Bazars

2955. **Shri O. P. Tyagi** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the number of Super Bazars set up by Government in the country ;

(b) the number of persons working in them ;

(c) the number of Balmikis and Harijans out of the total number of persons employed in the Super Bazars ;

(d) whether jobs have been provided in accordance with the proportion fixed by Government ; and

(e) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri M. S. Gurupadaswamy) :

(a) Govrnment have not set up any Super Bazars. However, 48 department stores have been set up by the consumer cooperatives in the country with financial assistance from Government.

(b) The information is being collected and will be pleaced on the Table of the House.

(c) to (e) The Department Stores are set up by Consumer Cooperatives and not by the Government. The orders of the Government regarding reservations of posts in the Government institutions for Balmikis and Harijans or members of other Scheduled Castes and Scheduled Tribes are not applicable.

काजू की खेती

2956. **श्री वासुदेवन नायर**: क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या काजू की विस्तृत खेती के लिए कोई योजना तैयार की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो चौथी पंचवर्षीय योजना के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जी हाँ।

(ख) 6.00 लाख अतिरिक्त एकड़।

मास्टर क्राफ्टसमैनों के लिये प्रशिक्षण संस्थान

2957. **श्री रा० बरुवा** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जर्मन सहयोग से बंगलोर में, "मास्टर क्राफ्टसमैनों" का प्रशिक्षण संस्थान बनाने का सवाल तय हो गया है; और

(ख) क्या प्रशिक्षण कार्यक्रम को इस प्रकार निश्चित किया गया है जिससे यहाँ से प्रशिक्षित फोरमैन, कर्मचारियों और प्रबन्धकों के बीच की कड़ी बन सकें। वे देश के कारखानों में काम करने वाले कर्मचारियों के अगुआ हों और प्रबन्धकों की विभिन्न कार्यक्षेत्रीय कल्पनाओं को क्रियात्मक रूप दे सकें ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) :

(क) संस्थान स्थापित करने के प्रश्न पर शीघ्र ही समझौता होने की आशा है।

(ख) जी हाँ।

कृषि क्षेत्र में मजदूर यूनियन की गतिविधियाँ

2958. **श्री यशपाल सिंह**: क्या **श्रम तथा पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(उ) क्या उन्होंने कृषि क्षेत्र में मजदूर यूनियन कार्यवाही प्रारम्भ करने का समर्थन किया है;

(ख) यदि हाँ, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) इसे प्रोत्साहन के लिये क्या प्रयत्न किये जा रहे हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) :

(क) जी हाँ।

(ख) क्योंकि इस क्षेत्र में मजदूर यूनियन के विकास से श्रमिकों को लाभ पहुँचेगा।

(ग) यह अधिकांशतः केन्द्रीय मजदूर यूनियन संघों का विषय है।

कांगड़ा जिले में वन भूमि का अलाटमेंट

2959. **श्री हुक्म चन्द कछवाय :** **श्री रामसिंह अयरवाल :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री 18 जुलाई 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5936 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कांगड़ा जिले में ऐसे कितने व्यक्तियों को शामलात अथवा वन भूमि का अलाटमेंट किया गया है जिनके पास अपने मकान हैं अथवा जमीनें हैं; और

(ख) क्या सरकार को भूमि के अलाटमेंट के विरुद्ध कोई अभ्यावेदन मिले हैं और यदि हाँ तो उनपर क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) :

(क) हिमाचल प्रदेश प्रशासन से जानकारी प्राप्त की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

(ख) जी हाँ । अभ्यावेदन प्राप्त होने पर हिमाचल प्रदेश प्रशासन से वास्तविक जानकारी माँगी गई है ।

ऐसो कम्पनी में कर्मचारियों की छंटनी

2960. **श्री अ० कु० गोपालन :** **श्री प० गोपालन :**

श्री राममूर्ति : **श्री मुहम्मद इस्माइल :**

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह मालूम है कि ऐसो स्टेण्डर्ड इंक ने भुवनेश्वर एयरफील्ड डिपो के तीन कर्मचारियों से यह कहा कि यदि वे स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्राप्त करना मना करते हैं, तो उनकी छंटनी कर दी जायगी; और

(ख) यदि हाँ तो सरकार की इस सम्बन्ध में क्या प्रतिक्रिया है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) :

(क) जी नहीं । यह मामला उड़ीसा सरकार के क्षेत्राधिकार में आता है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Production of Foodgrains in 1967-68

2961. **Shri Bhogendra Jha** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the target fixed for the purchase of foodgrains by the Food Corporation out of the total production in 1967-68 and the agencies through which the purchase is to be made ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) :

In the light of the procurement targets set for themselves by the various State Governments and taking into account the role that the Corporation is likely to play in those States, the tentative procurement target of foodgrains has been set at 41.8 lakh tonnes by the Corporation for the coming kharif and rabi crops during the period from 1.11.1967 to 31.10.1968. The purchases are made by the Corporation either directly by themselves or by appointing dealers, millers, merchant's Association or Cooperative Societies as their agents depending on the mode of procurement and local conditions prevailing in the different States.

Agricultural Labourers' Cooperative Societies

2962. **Shri Bhogendra Jha** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the number of agricultural labourers' Co-operative societies and their numbers in various States ; and

(b) the facilities being given by Government with a view to enable agricultural labourers and landless farmers to organise themselves in co-operative societies ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri M. S. Gurupadaswamy) :

(a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

दिल्ली दुग्ध योजना के दूध में चर्बी की मात्रा

2964. **श्री हेमराज** : क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली दुग्ध योजना अपने दूध में चर्बी की मात्रा कम करना और साथ ही दूध का मूल्य भी बढ़ाना चाहती है; और

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे):

(क) ऐसा कोई निर्णय नहीं किया गया ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

टेलीफोन राजस्व

2965. **श्री राममूर्ति** : **श्री चक्रपाणि** :

श्री भगवानदास : **श्री नायनार**:

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी 1967 से लेकर अक्तूबर 1967 तक की अवधि में मास-बार टेलीफोन का कुल कितना राजस्व वसूल हुआ;

(ख) क्या सितम्बर और अक्तूबर 1967 में टेलीफोन राजस्व वसूली में कमी हुई है;

(ग) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) और अधिक हानि को रोकने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल):

(क) अक्तूबर 1967 में हुई वास्तविक वसूली की जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। जनवरी से सितम्बर, 1967 तक की अवधि में मास-वार हुई वसूली का ब्यौरा निम्नलिखित है :

जनवरी, 67	5,50 लाख रुपये
फरवरी, 67	5,89 ,, ,,
मार्च, 67	7,91 ,, ,,
अप्रैल, 67	4,80 ,, ,,
मई, 67	6,21 ,, ,,

जून, 67	5,65	लाख रु०
जुलाई, 67	6,13	,, ,,
अगस्त, 67	5,51	,, ,,
सितम्बर, 67	6,28	,, ,,

(ख) आंकड़ों से पता लगता है कि सितम्बर में वसूली में कमी नहीं हुई ।

(ग) और (घ) प्रश्न ही नहीं उठते ।

श्री लंका से स्वदेश लौटने वाले भारतीय

2967. **श्री न० कु० सांघी:** **श्री वेदव्रत बरुआ:**

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या सरकार ने श्रीलंका से स्वदेश लौटने वाले भारतीयों को बसाने के लिये पर्याप्त व्यवस्था कर ली है;

(ख) क्या यह सच है कि उन्हें चम्बल परियोजना क्षेत्र में बसाने के किसी प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो क्या इस मामले में कोई निर्णय कर लिया गया है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण): (क) भारत-श्रीलंका करार, 1964 के अधीन स्वदेश लौटने वाले भारतीयों को बसाने के लिये उठाये गये पगों और विचाराधीन प्रस्तावों को दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी०** 1861/67] करार के अधीन भारतीयों का नियमित रूप से स्वदेश लौटना अभी शुरू नहीं हुआ है।

(ख) और (ग) राजस्थान सरकार से अनुरोध किया गया है कि वह सूचित करें कि क्या चम्बल परियोजना के अधीन श्रीलंका से लौटने वाले भारतीयों को बसाना सम्भव हो सकेगा। उनके उत्तर की प्रतीक्षा हो रही है।

बन्दरगाहों में अनाज के रखने तथा उतारने-चढ़ाने की व्यवस्था

2968. **श्री ईश्वर रेड्डी :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बड़े बन्दरगाहों में अनाज रखने तथा उतारने-चढ़ाने की सुविधाओं के बारे में स्वीडन और भारत के विशेषज्ञों के अध्ययन दल की सिफारिशों पर विचार कर लिया गया है और निर्णय कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या निर्णय किये गये हैं; और

(ग) उन्हें क्रियान्वित करने के लिये अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे):

(क) और (ख) अध्ययन दल की सिफारिशों पर विचार कर लिया गया है और कांडला में 50,000 टन क्षमता वाले गोदाम, जिसमें तेजी से खाद्यान्न उतारने का उपकरण भी लगा हो, के निर्माण को सरकार ने स्वीकार कर लिया है। अध्ययन दल की कुछ अन्य मुख्य बन्दरगाहों पर गोदामों के बनाये जाने सम्बन्धी सिफारिशें अभी विचाराधीन हैं।

(ग) खाद्यान्न उतारने वाले उपकरण और गोदाम के अन्तिम नमूनों, विशिष्ट विवरणों और टेंडर दस्तावेजों की छानबीन हो रही है।

खाद्यान्न भाण्डागार क्षमता

2969. **श्री ईश्वर रेड्डी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खाद्यान्न भाण्डागार क्षमता आवश्यकतानुसार पर्याप्त नहीं है;

(ख) यदि हाँ, तो इस प्रयोजन के लिये नये गोदाम बनाने के लिये क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) 1966 तथा 1967 में नये गोदाम बनाने पर सरकार ने कितनी राशि खर्च की है ?

खाद्य, कृषि, समुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) और (ख) केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों, भारत के खाद्य निगम, और केन्द्रीय तथा राज्यों के भाण्डागार निगमों के पास, कुल मिलाकर, देश में जितनी कुल भाण्डागार क्षमता उपलब्ध है, वह वर्तमान आवश्यकताओं के लिये पर्याप्त है। फिर भी, कुछ अधिक वसूली वाले क्षेत्रों में निकट भविष्य में होने वाली सम्भावित स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये अतिरिक्त भाण्डागार सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिये सरकार विचार कर रही है।

(ग) 1966-67 के वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार ने 198.46 लाख रुपये खर्च किये। 1967–68 के वित्तीय वर्ष के लिये 120.60 लाख रुपये की व्यवस्था कर दी गई है और उसके पूरा प्रयोग किये जाने की सम्भावना है।

आन्ध्र प्रदेश में सूअर

2970. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गन्नावरम, आन्ध्र प्रदेश में भारत के दो मुख्य सुअर पालन केन्द्रों में से एक को शुरू करने के लिए खाद्य तथा कृषि संगठन और भारत सरकार के बीच हुए करार का स्वरूप तथा ब्यौरा क्या है;

(ख) दो वर्षों के लिए खाद्य तथा कृषि संगठन के विशेषज्ञों को भारत में आने पर सरकार क्या वेतन देने को सहमत हुई है; उनके नाम तथा योग्यता;

(ग) सूअर पालन केन्द्र पर भारत सरकार को कितना खर्च आएगा, साथ ही भवन तथा मशीनरी आदि की लागत भी बतायें;

(घ) इस परियोजना के लिए कितनी विदेशी मुद्रा की आवश्यकता होगी; और

(ङ) भारत में जहाँ लोगों द्वारा सूअर से बने पदार्थों की खपत नहीं होती वहाँ सूअर पालन केन्द्र शुरू करने के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) भारत सरकार ने तीसरी योजना के दौरान केन्द्र द्वारा चालित योजना के रूप में एक क्षेत्रीय सूअर प्रजनन केन्द्र तथा बेकन कारखाना स्थापित करने की स्वीकृति दी थी। सन् 1962–63 में गन्नावरम, कृष्णा जिला, आन्ध्र प्रदेश में परियोजना की क्रियान्विति शुरू की गई। सन् 1967-68 से यह योजना स्टेट स्कीम बन गई है।

इस कार्यक्रम की सहायता के लिए बैकन कारखाना से लगे क्षेत्र में आदर्श सूअर-पालन केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह आयरिश फीडम फ्राम हन्गर कैम्पेन कमेटी जो गोरटा कहलाती है की सहायता से किया जाएगा। खाद्य तथा कृषि संगठन द्वारा सहायता दी जाएगी क्योंकि 31-10-67 को उस संगठन के साथ करार किया गया था। 90,000 डालर तक की इस सहायता में विशेषज्ञ, उपकरण, 130 शुद्ध नस्ल के सूअर तथा विविध खर्चे शामिल हैं। इस परियोजना का उद्देश्य गन्तावरम में लैन्ड्रेस तथा यार्कशायर नस्ल के सूअरों से अन्य सूअरों को सुधारना है। इस फार्म से शुद्ध नस्ल के सूअर क्षेत्र के सुअर-पालन विकास खण्डों में किसानों को सप्लाई किए जायेंगे। उन्नत पशु-पालन पद्धति, प्रबन्ध, रोग नियंत्रण तथा विपणन को अपनाने के लिएकिसानों को विस्तृत सुविधायें भी प्रदान की जाएंगी। आयरलैंड से पशुधन सन् 1968 में पहुँचेगा।

(ख) एफ० एफ० एच० सी० सुअरपालन परियोजना के अन्तर्गत दो वर्ष के लिए एक परियोजना प्रबन्धक और तीन सप्ताह के लिए एक सूअर अटैन्डैन्ट की सेवायें प्राप्त की जा रही हैं। इन कर्मचारियों के नाम तथा योग्यताओं सम्बन्धी ब्यौरा को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है। भारत सरकार इन लोगों पर कुछ खर्च नहीं करेगी। खाद्य तथा कृषि संगठन गोरटा द्वारा परियोजना के लिए दिए गए धन से इनका खर्च चलाएगा।

(ग) तीसरी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत भारत सरकार ने आन्ध्र प्रदेश सरकार को 50 प्रतिशत अनुदान के रूप में और 50 प्रतिशत ऋण के रूप में 15.00 लाख रुपये स्वीकृत किए। इससे खाद्य तथा कृषि संगठन। गोरटा के अंशदान का कोई सम्बन्ध नहीं है।

(घ) मुख्य परियोजना के लिए 11.25 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा की आवश्यकता है। उसमें से 6.75 लाख रुपये (90,000 डालर) आयरिश एफ० एफ० एच० सी० द्वारा भेंट किये गये धन में से दिए जायेंगे।

(ङ) यह सच नहीं है कि सूअर से बने पदार्थ भारत में प्रयोग नहीं किए जाते। वास्तव में कुछ जातियों के लोग सूअर का माँस आदि खाते हैं किन्तु जिस किस्म के सूअर भारत में पाले जाते हैं उनके माँस में पर्याप्त प्रोटीन नहीं होती। यदि अच्छी नस्ल के सूअर अच्छे प्रबन्ध द्वारा पाले जाएँ और उनके माँस को ठीक ढंग से रखा जाए और विपणन किया जाए तो इससे प्रोटीन की किस्म में उन्नति होगी और सूअर माँस तथा उससे बने पदार्थों की खपत में वृद्धि होगी। इसीलिए यह कार्यक्रम शुरू किया गया है ताकि उपभोक्ताओं की माँग को पूरा करने के लिए वैज्ञानिक तरीकों पर उद्योग को संगठित किया जाए। सूअर का माँस खाने वाले लोगों की संख्या बड़ी है अतः सूअर प्रजनन तथा उससे सम्बन्धित उद्योग के विकास पर ध्यान देना अनिवार्य है।

अधिवक्ता अधिनियम का संशोधन

2971. **श्री यशपाल सिंह:** **डा० रानेन सेन:**

क्या **विधि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार, विधि स्नातकों की प्रशिक्षण-कालावधि का उत्सादन करने के लिए अधिवक्ता अधिनियम को संशोधित करने का है; और

(ख) यदि हाँ, तो यह विधान कब प्रस्तुत किया जाएगा?

विधि मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद यूनुस सलीम): (क) अधिवक्ता अधिनियम, 1961 को संशोधित करने के लिए कुछ सुझाव जिनमें कि विधि स्नातकों के लिए प्रशिक्षण-

कालावधि के उत्पादन का भी एक सुझाव है, सरकार को प्राप्त हुए हैं और उनकी परीक्षा की जा रही है।

(ख) इस प्रयोजन के लिए विधान, प्रस्थापना के अन्तिम रूप से तैयार हो जाने के बाद ही प्रस्तुत किया जाएगा।

Smuggling to China

2972. **Shri R. S. Vidyarthi** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the rice, peas etc. are being smuggled into China through the eastern regions of Uttar Pradesh and some persons have been arrested in this connection ;

(b) if so, the details of the traders arrested uptil now since August, 1967 ;

(c) the action taken against them, and

(d) the quantity of foodgrains seized?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) :

(a) to (c) The Government of Uttar Pradesh have no information of any such smuggling. They have, however, called for reports from the Collectors.

(d) Does not arise.

जापान से चावल मिलों के लिये मशीनों का आयात

2974. **श्री मयावन:** **श्री मरंडी:**

श्री वेदव्रत बरुआ: **श्री शिव चन्द्र झा:**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री 13 जून, 1967 के अतरांकित प्रश्न संख्या 2224 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जापान से आयात की जाने वाली चावल मिलों के लगाने के स्थान के बारे में निर्णय कर लिया गया है ; और

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे):

(क) नही, श्रीमन्।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

नीलगिरि में इण्डो-जर्मन परियोजना

2975. **श्री मयावन :** **श्री मरंडी :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पश्चिमी जर्मनी के फार्म विशेषज्ञों ने नीलगिरि में इण्डो-जर्मन विकास परियोजना की क्रियान्विति के बारे में शीघ्र निर्णय न करने के बारे में मद्रास सरकार की आलोचना की है ; और

(ख) यदि हाँ, तो इस विषय में केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

डाक तथा दूर-संचार सेवायें

2976. **श्री अदिचन:**

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) डाक तथा दूर-संचार सेवाओं के संचालन के बारे में चालू वर्ष में अब तक कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) ये शिकायतें किस किस्म की थीं; और

(ग) डाक तथा दूर-संचार सेवाओं की कुशलता तथा संचालन में सुधार करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल):

(क) डाक तथा दूर-संचार सेवाओं के संचालन के बारे में अप्रैल से सितम्बर, 1967 तक के छः महीनों में प्राप्त शिकायतों की संख्या लगभग इस प्रकार है:

डाक सम्बन्धी	5,36,300	कुल परियात का .0001 प्रतिशत
तार सम्बन्धी	24,300	तारों का .11 प्रतिशत
टेलीफोन सम्बन्धी	79,700	.014 प्रति
	(लिखित शिकायतें)	टेलीफोन प्रति मास

(ख) **डाक सम्बन्धी**: अधिकांश डाक सम्बन्धी शिकायतें, मनीआर्डरों के भुगतान में देरी, रजिस्टर्ड वस्तुओं की रसीदों के प्राप्त न होने या देरी से प्राप्त होने और जिन वस्तुओं का रजिस्ट्री नहीं कराई जाती है उनके मिलने में देरी से सम्बन्ध रखती हैं।

दूर-संचार सम्बन्धी : तार सेवा सम्बन्धी शिकायतें तारों के संचारण में देरी, उनकी विकृति तथा उनके वितरण न किए जाने के सम्बन्ध में हैं।

टेलीफोन सम्बन्धी शिकायतें अधिकतर स्थानीय दोषों को देरी से दूर करने, ट्रंक काल देरी से मिलाने, स्थानीय और ट्रंक काल के बिलों में त्रुटियों और नए टेलीफोन लगाने तथा उनके एक स्थान से दूसरे स्थान पर बदलने के बारे में हैं।

(ग) एक शिकायत संगठन भी बनाया हुआ है, जो प्रत्येक शिकायत को देखने के अलावा उन कमियों को दूर करने के लिये कार्यवाही करता है जिनके कारण शिकायतें होती हैं।

डाक सम्बन्धी : विभाग के डाक पक्ष के कार्यसंचालन पर बराबर विचार होता रहता है और जो मनीआर्डर गुम हो गए हैं उनके शीघ्र भुगतान के बारे में हिदायतें दी जा चुकी हैं। मनीआर्डरों और रजिस्टर्ड वस्तुओं की रसीदों को संभाल कर वितरित करने के सम्बन्ध में भी अनुदेश जारी कर दिए गए हैं। बड़े-बड़े कार्यालयों को विभाग ने स्टैप्लिंग मशीनें दे दी हैं जिससे कि रसीदों को वस्तुओं के साथ अच्छी तरह नत्थी किया जा सके। ताकि वे वस्तुओं से अलग न हो जायें और इस प्रकार की शिकायतें न आयें। कर्मचारियों में थोड़ा अदल-बदल करके एक्सप्रेस डिलीवरी वस्तुओं के वितरण के वास्ते अच्छी व्यवस्था कर दी गई है। प्रशिक्षण केन्द्रों में डाक क्लर्कों के प्रशिक्षण को भी बढ़ा दिया गया है ताकि वे अपना काम अच्छी तरह

कर सकें। कार्यकुशलता में सुधार करने और उत्पादिता बढ़ाने के लिये एक कार्य-कुशलता ब्यूरो और कार्य अध्ययन यूनिट भी बनाये जा रहे हैं।

दूर-संचार सम्बन्धी: इस सम्बन्ध में मॉर्स सम्बन्धी कार्य को आहिस्ता-आहिस्ता हटाकर उसके स्थान पर टेलीप्रिंटरों पर तेजी से काम शुरू किया जा रहा है; खुली तार लाइनों में प्रायः रुकावट हो जाती है उसके स्थान पर को-एक्सियल केबल और माइक्रो-वेव सिस्टमों की व्यवस्था की जा रही है। प्रमुख नगरों में टैलेक्स सेवा शुरू की जा रही है। संचारण के नए तरीकों के जरिये परियात की व्यवस्था करने के लिये टेलिग्राफ आपरेटरों को अच्छा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

टेलीफोन सेवा के बारे में, टेलीफोन के ग्राहकों को कैसी सेवा मिल रही है इसके लिये बराबर निगरानी रखी जा रही है। कैसी सेवा दी जा रही है उसका अन्दाजा लगाने के लिये विशेष यूनिट शुरू कर दिए गए हैं। बढ़े हुए परियात को संभालने के लिये बहुत से केन्द्रों में अतिरिक्त उपकरण दिए जा रहे हैं। उपलब्ध साधनों की सीमा के अन्दर केन्द्रों की क्षमता में वृद्धि की जा रही है। को-एक्सियल केबलों, माइक्रो-वेव सिस्टमों जैसे नए उपकरणों का प्रयोग करके सभी महत्वपूर्ण मार्गों पर ट्रंक सर्कटों के बड़े ब्लाकों की व्यवस्था की जा रही है। ट्रंक कालों में देरी को कम करने के लिये अतिरिक्त ट्रंक व्यवस्था की जा रही है। टेलीफोन आपरेटरों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे अपनी कार्यकुशलता और जनता के साथ अपने व्यवहार में शिष्टता के सामान्य स्तर में सुधार कर सकें।

वन विकास

2977. **श्री अदिचन:** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चौथी योजना के दौरान वनों तथा वन संसाधनों के विकास के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

(ख) इस कार्य के लिए निर्धारित किया गया कुल धन कितना है;

(ग) इसमें से अब तक कितना खर्च किया जा चुका है; और

(घ) वनों तथा वन संसाधनों के विकास के लिए राज्यों को क्या सहायता दी जा रही है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे):

(क) चौथी योजना के दौरान वन रोपण की वृद्धि, वन संचार के विकास, वन संसाधनों के सर्वेक्षण से सम्बन्धित योजनाओं पर और अधिक बल दिया जाना है, किन्तु चौथी योजना को अभी अन्तिम रूप दिया जाना है।

(ख) चौथी योजना के दौरान वन सम्बन्धी योजनाओं के लिए निर्धारित की जाने वाली कुल राशि के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय नहीं किया गया है।

(ग) सन् 1966–67 से क्रियान्वित की गई वार्षिक योजनाओं में सन् 1966–67 और सन् 1967–68 के दौरान राज्यों तथा संघ क्षेत्र सरकारों द्वारा लगभग 2347 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

(घ) "शीघ्र बढ़ने वाली किस्म" सम्बन्धी योजना के लिए राज्य सरकारों को वास्तविक खर्च की सीमा के अनुसार 100 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है (अधिकतम राशि

200 रुपए प्रति एकड़ होनी चाहिये। "वन संसाधन सर्वेक्षण" योजना को क्रियान्वित करने के लिए 50 प्रतिशत ऋण तथा 50 प्रतिशत अनुदान के रूप में दिए जाने का प्रस्ताव है। स्टेट सेक्टर में समस्त अन्य वन सम्बन्धी प्लान योजनाओं के लिए सहायता का आदर्श 30 प्रतिशत ऋण तथा 20 प्रतिशत अनुदान है।

दिल्ली में टेलीफोन

2978. **श्री प्रेम चन्द वर्मा :**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में टेलीफोन लगवाने के कितने आवेदन पत्र इस समय अनिर्णीत पड़े हैं;

(ख) गत वर्ष कितने आवेदन-पत्र अनिर्णीत पड़े थे तथा इस वर्ष कितने टेलीफोन लगाये गए;

(ग) इन आंकड़ों के आधार पर किसी व्यक्ति को टेलीफोन लगवाने के लिये कितना समय लग जाता है; और

(घ) क्या चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि के अन्त में टेलीफोन लगवाने की उचित मांग को पूरा किया जा सकेगा?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल):

(क) 1-11-67 को 63,021

(ख) 1-4-1966 को

लम्बित आवेदन-पत्र ... 49709

गत वित्तीय वर्ष (66-67) के दौरान लगाये गए टेलीफोनों की संख्या.. 3756

(ग) ओ० वाई० टी० योजना के अधीन अधिक से अधिक 3 से 4 साल तक लगते हैं। सामान्य श्रेणी के अधीन, कुछ क्षेत्रों के लिये आवेदन-पत्र दिसम्बर, 1954 से अनिर्णीत पड़े हैं।

(घ) नए टेलीफोनों की मांग हमेशा बढ़ती जा रही है और यद्यपि उपलब्ध साधनों के अन्दर रहकर टेलीफोन केन्द्रों के उपकरणों के और अन्य आवश्यक सामग्री के उत्पादन को बढ़ाने के प्रयत्न जारी हैं तथापि टेलीफोन लगवाने के सभी आवेदनों को 1970-71 के अन्त तक पूरा नहीं किया जा सकता। यदि उस समय तक वर्तमान प्रतीक्षा सूची समाप्त हो गई तो एक और नई प्रतीक्षा सूची बन जायेगी।

हिमालय प्रदेश में ट्रंक काल आफिस

2979. **श्री प्रेम चन्द वर्मा:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हिमाचल प्रदेश क्षेत्र से ट्रंक काल आफिस खोलने के लिये प्राप्त कितने आवेदन पत्र उनके विभाग में विचाराधीन हैं और उनमें से कितने आवेदन-पत्र एक वर्ष से भी अधिक अवधि से लम्बित हैं; और

(ख) बहुत समय से लम्बित आवेदन-पत्रों को न निपटाने के क्या कारण हैं?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल):

(क) हिमाचल प्रदेश क्षेत्रों से ट्रंक काल आफिस खोलने के लिये प्राप्त आवेदन-पत्र 23 स्टेशनों के लिये हैं जिनमें से 7 स्टेशनों के मामले एक वर्ष से ज्यादा अवधि से लम्बित पड़े हैं।

(ख) 9 अगस्त, 1967 को लोक सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 8476 के उत्तर में यह कहा गया था कि चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान हिमाचल प्रदेश में 12 सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने का विचार था। अभी तक 7 सार्वजनिक टेलीफोन घर खोल दिए गए हैं और 7 स्वीकृत प्रस्तावों को अभी कार्यान्वित करना बाकी है। सार्वजनिक टेलीफोन घरों की कमी साधनों की कमी के कारण हैं।

सीमावर्ती क्षेत्रों में ट्रंक काल आफिस

2980. **श्री प्रेम चन्द वर्मा:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार पहाड़ी के सीमावर्ती क्षेत्रों में ट्रंक काल आफिस बनाने की मंजूरी देने सम्बन्धी नीति में कोई परिवर्तन करने का है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस नीति को कब अन्तिम रूप दिया जायेगा?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल):

(क) और (ख) सीमावर्ती क्षेत्रों में सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने के बारे में काफी उदार नीति अपनाई जाती है। यदि वार्षिक घाटा अधिक नहीं है तो जिन स्थानों के लिये राज्य सरकार और सुरक्षा अधिकारी सिफारिश करते हैं वहाँ पर सार्वजनिक टेलीफोन घरों के खोलने की मंजूरी दे दी जाती है।

दिल्ली में टेलीफोन केन्द्र

2981. **श्री प्रेम चन्द वर्मा :**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में टेलीफोन केन्द्रों में अधिकतर उपकरण बहुत पुराने हैं; और

(ख) यदि हाँ, तो इन पुराने तथा अनुपयोगी उपकरणों को बदलने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी नहीं।

(ख) अनुपयोगी होने पर पुराने उपकरण को बदल दिया जाता है।

Hindi Advisory Committee

2982. **Shri Ram Avtar Sharma:** **Shri Shiv Kumar Shastri:**

Dr. Surya Prakash Puri: **Shri Ramji Ram:**

Will the Minister of **Law** be pleased to state :

(a) whether certain decisions were taken by the Hindi Advisory Committee of his Ministry ; and

(b) the time by which those decisions would be implemented?

The Minister of Law (Shri Govinda Menon) :

(a) The Committee has recommended that one Law journal containing reportable judgments of the Supreme Court and another journal containing such judgments of the High Courts be issued in Hindi by a suitable agency functioning under the aegis of the Government of India in the Ministry of Law.

(b) The matter is under examination and it may take some months to arrive at a decision and set up the necessary organisation for carrying out this recommendation.

Publication of Delhi Telephone Directory in Hindi

2983. **Shri Ram Avtar Sharma:** **Dr. Surya Prakash Puri :**
Shri Prakash Vir Shastri: **Shri Ramji Ram :**

Will the Minister of **Communications** be pleased to state :

(a) the time by which the decision taken recently in respect of publication of Delhi Telephone Directory in Hindi is likely to be implemented ;

(b) the main hinderances in the way of implementation of the decision taken so far and

(c) whether Government propose to take advantage of the experiences of those States in which telephone directory has already been published in Hindi?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral):

(a) The Hindi Telephone Directory for the Delhi Telephone System is likely to be brought out by April, 1968.

(b) There have been the following main difficulties :

(1) Lack of suitable personnel for preparation of manuscripts in Hindi. The staff has yet to build the required experience.

(2) Appointment of suitable printers to undertake the work. Response to invitations for tenders issued twice so far, has not been found satisfactory.

(c) Telephone Directory in Hindi has been published only in the U. P. Circle so far. The Hindi translation work done for the information portion of the U. P. Circle Telephone Directory will be of use to some extent for the Hindi Telephone Directory of Delhi.

चावल मिलों को राज्यों द्वारा अपने नियंत्रण में लेना

2984. **श्री मरंडी :** **श्री मयावन :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने राज्यों ने अब तक चावल मिलों को अपने नियंत्रण में ले लिया है ; और

(ख) इस सम्बन्ध में केन्द्र द्वारा राज्य सरकारों को क्या सहायता दी जायेगी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) सूचना राज्य सरकार से एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

(ख) इस सम्बन्ध में राज्यों को सहायता देने का कोई प्रस्ताव राज्य सरकार के सामने नहीं है।

डाक व तार सलाहकार ब्यूरो

2985. **श्री वेदव्रत बरुआ:** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि डाक व तार विभाग में कार्यकुशलता को बढ़ाने हेतु विशेष अध्ययन करने के लिए देश में डाक व तार ब्यूरो स्थापित करने का विचार है; और

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) :(क) और (ख) नहीं। लेकिन यह बता देता हूँ कि डाक व तार बोर्ड में एक कार्यकुशलता ब्यूरो और एक कार्य अध्ययन एकक का संगठन किया जा रहा है। कार्यकुशलता ब्यूरो का काम ऐसे विशेष अध्ययन करना होगा जो उसे डाक व तार बोर्ड द्वारा सौंपे जायेंगे। प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा डाक तार विभाग की कार्यकुशलता और उत्पादकता बढ़ाने की दृष्टि से कार्य अध्ययन एकक कार्य प्रणाली पर विचार करेगा।

प्रशासनिक ढाँचे और कार्य प्रक्रियाओं की जाँच करने और अर्थ व्यवस्था के अनुसार जन-समुदाय सम्बन्धी सेवाओं की कार्यकुशलता बढ़ाने की दृष्टि से सुधारों का सुझाव देने के लिए प्रशासनिक सुधार आयाग ने भी डाक व तार सम्बन्धी कार्य ग्रुप की स्थापना की है।

डाकघर

2986. **श्री वेदव्रत बरुआ : क्या संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1966–67 में देश में कितने डाकघर खोलने का प्रस्ताव था;

(ख) अब तक कितने डाकघर खोले जा चुके हैं; और

(ग) उक्त अवधि में आसाम में कितने डाकघर खोले गए?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) :(क) 2,400, बशर्ते कि नए अतिरिक्त विभागीय डाक घरों के खोलने पर उस समय लगे प्रतिबन्ध हटाये जायें।

(ख) 753 (30-9-67) तक)।

(ग) 42

टेलीफोन केन्द्र

2987. **श्री वेदव्रत बरुआ :**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1966–67 में कितने टेलीफोन केन्द्र खोले गए; और

(ख) 1966–67 में माँग करने पर कितने नए टेलीफोन लगाये गए?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) 184.

(ख) 75,086.

पनाजी पत्तन, गोवा के नाविकों द्वारा हड़ताल

2988. **श्री वि० कु० मोदक : श्री एसथोस :**
श्री नायनार : श्री उमा नाथ:

क्या **श्रम तथा रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने निर्णय कर लिया है कि राजस्थान सरकार को 1967-68 की अवधि में खाद्य उत्पादन बढ़ाने के लिए कितनी रकम की सहायता देनी है; और

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) और (ख) खाद्य उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों को दी जाने वाली केन्द्रीय सहायता राज्य तथा केन्द्रीय प्रायोजित प्लान कार्यक्रमों के दो विकास शीर्षकों अर्थात् (1) कृषि उत्पादन (भूमि विकास सहित) तथा (2) लघु सिंचाई के अन्तर्गत आती है। 1967-68 की अवधि में योजनाओं की क्रियान्वित के लिये उपरोक्त विकास शीर्षकों के अन्तर्गत राजस्थान सरकार के लिए ऋण के रूप में 201.00 लाख रुपए तथा अनुदान के रूप में 110.88 लाख रुपए का नियतन किया गया है। अन्तिम रूप से दी जाने वाली रकम की मात्रा इस बात पर निर्भर करेगी कि राज्य सरकार ने वर्ष भर में वास्तव में क्या खर्च किया है।

संयुक्त राज्य श्रम संगठन से सहायता

3031. **श्री शिवचन्द्र झा**: क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ए० एफ० एल०-सी० आई० ओ० या किसी अन्य निकाय जैसे संयुक्त राज्य (अमरीका) श्रम संगठनों से भारतीय श्रम संगठनों को किस किस्म की सहायता प्राप्त होती है;

(ख) कौन-कौन से भारतीय श्रम संगठन इस प्रकार की सहायता हर साल नियमित रूप से मुद्रा के रूप में, साहित्य के रूप में या मजदूर यूनियन नेताओं की अदला-बदली में प्राप्त करते हैं;

(ग) पिछले वर्ष के दौरान भारतीय श्रम संगठनों को संगठनवार कुल कितनी सहायता दी गई; और

(घ) पिछले वर्ष कितने और किन किन भारतीय श्रम संगठनों के मजदूर यूनियन नेता संयुक्त राज्य (अमेरिका) गये हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी):

(क) से (घ) ए० एफ० एल०—सी० आई० ओ० से भारतीय मजदूर यूनियन संगठन को इस प्रकार की सहायता दिए जाने के बारे में कोई सूचना नहीं है।

त्योहारों के अवसरों पर डाक सम्बन्धी रियायत

3032. **श्री शिव चन्द्र झा :**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि होली, विजयदशमी, दीवाली, और क्रिसमिस जैसे त्यौहारों के अवसर पर डाक सम्बन्धी विशेष रियायतें दी जाती हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या रियायतें दी जाती हैं ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

कर्मचारी राज्य बीमा योजना को अन्य नगरों में लागू करना

3033. **श्री स० मो० बनर्जी**: क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सही है कि कर्मचारी राज्य बीमा योजना कुछ अन्य नगरों में लागू की गई है;

(ख) यदि हां, तो उन नगरों के नाम क्या हैं;

(ग) क्या बीमाशुदा श्रमिकों के परिवार-सदस्यों को भी इस योजना के अन्तर्गत लाया जायेगा; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) :

(क) जी हां। कर्मचारी राज्य बीमा योजना समय-समय पर नए क्षेत्रों पर लागू की जा रही है।

(ख) और (ग) : एक विवरण, जिसमें उन केन्द्रों के नाम दिए गए हैं, जिनपर 1–4–1967 से यह योजना लागू की गई है, संलग्न है; इस विवरण में वे तारीखें भी दी गई है, जिनसे परिवार इसके अन्तर्गत आते हैं। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 1868/67)

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

सर्कस कर्मचारियों की कार्य की दशाएं

3034. **श्री वासुदेवन नायर**: क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सर्कस कर्मचारियों के रक्षण और सुरक्षा के बारे में सरकार को अखिल भारत सर्कस कर्मचारी संघ से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ख) क्या उसने सकेंस कर्मचारियों के रहन-सहन और कार्य दशाओं की एक उच्च अधिकार प्राप्त निकाय द्वारा जाँच कराने की प्रार्थना की है; और

(ग) यदि हाँ, तो इस कर्मचारी संघ की माँगो को पूरा कराने के लिये क्या कदम उठाये गए हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री (श्री हाथी): (क) जी हाँ।

(ख) और (ग) जी हाँ। श्रम मंत्रालय के श्रम ब्यूरो निदेशक को जाँच करने को कहा गया है और उन्होंने मार्गदर्शी अध्ययन पूरा कर लिया है।

जैक ट्रैक्टरों की लागत

3035. **श्री रा० स्व० विद्यार्थी :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अवमूल्यन से पूर्व जैक माडल 2011 ट्रैक्टरों की लागत, 2000 के आयात के लिए ठेका और किसानों को किस मूल्य पर बेचा जायगा;

(ख) उपरोक्त जैक ट्रैक्टर की और आयातित रूसी डी टी–14 बी ट्रैक्टर की तुलना;

(ग) जब लोकप्रिय रूसी ट्रैक्टर आधे मूल्य पर उपलब्ध हैं फिर जैक ट्रैक्टर आयात करने के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) 2,000 जैटर 2011 ट्रैक्टर जो जैकोसलाविया से आयात किए जा रहे हैं में से 1,000 बिल्ट-अप स्थिति में और 1,000 सी के डी पैकस में आयात किए जायेंगे। पूरे तौर से बिल्ट-अप ट्रैक्टर का मूल्य 9373 रुपये है और सी० के० डी० पैक का मुल्य 9017 रुपये है विल्ट अप ट्रैक्टर सी० आई० एफ० मूल्य तथा अन्य खर्चों पर 15 प्रतिशत मार्जन से एग्रो-इन्डस्ट्रीज कारपोरेशन द्वारा बेचे जायेंगे।

(ख) और (ग) जैक 2011 तथा रूसी डी० टी०–14बी० ट्रैक्टरों की तुलना नहीं हो सकती। पहले में दूसरे से अधिक अश्व शक्ति है। दोनों का ही ट्रैक्टर ट्रेनिंग ऐण्ड टैस्टिंग स्टेशन, बुदनी में निरीक्षण हुआ था और यह देखा गया कि जैटर 2011 ट्रैक्टर में वह सभी विशेषता है जो एक कृषि ट्रैक्टर में होनी जरूरी है और इस क्षेत्र में यह नवीनतम डिजाइन वाला है। यह आवश्यक समझा गया कि किसानों को सस्ती मशीनें नहीं बल्कि बेहतर मशीनें दी जानी चाहिये।

रूसी डी टी–14 बी ट्रैक्टर का सी० आई० एफ० मूल्य 5513 रुपए हैं और डिपो से बाहर को विक्रय मूल्य 6931 रुपए हैं।

Super Bazars

3036. **Shri Nihal Singh** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the number of Super Bazars opened in the country and the cities in which they have been opened ;

(b) the profit earned or loss suffered by Government in Super Bazars so far ;

(c) the number of other cities in which Government propose to open Super Bazars ; and

(d) the details of the goods imported from abroad for Super Bazars and value thereof in terms of rupees ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri M. S. Gurupadaswamy) :

(a) 48 department stores have so far been opened in the country. The names of the cities in which they are opened are at Annexure I, [**Placed in Library See No. LT-1869/67.**]

(b) The Government has not earned profits or suffered losses in these department stores since they have been set up by Consumer Wholesale Stores and not by the Government. A statement showing profit and loss position of the 38 department stores which were set up by the end of the cooperative year 30th June, 1967 is at Annexure II. [**Placed in the Library See No. LT-1869/67.**]

(c) In about 40 more cities, Government will assist the cooperative consumer stores to set up department stores.

(d) No import licences were given to the super bazars as such. Annexure III, however, indicates the details of the licences given for import of goods from abroad and the value thereof for all the consumer stores in the country, during 1967-68. [**Placed in Library See No. LT-1869/67**].

Promotion in Rationing Department, Delhi

3037. **Shri Nihal Singh** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the number of employees in the Rationing Department of Delhi, who were promoted from the posts of Clerks to those of Inspectors ; and

(b) the numbers of male and female employees separately working in this Department ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) :

(a) Thirteen Clerks in the Rationing Department of Delhi have been promoted as Inspectors.

(b) 890 males and 82 females.

Development Blocks in Bihar and U. P.

3038. **Shri Nihal Singh** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the number of Development Blocks in Bihar and Uttar Pradesh and the number of Gazetted and Non-Gazetted officials working in them ;

(b) the amount of annual expenditure incurred thereon ;

(c) the number of agricultural implements and the quantity of seeds and fertilizers distributed through this medium during the last five years ; and

(d) the names of institutions being run by them for social welfare ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri M. S. Gurupadaswamy) :

(a) to (d) The information called for from the States, is awaited ; the same will be placed on the Table of the House in due course.

भारतीय डेरी अनुसंधान संस्थान

3039. **श्री राम कृष्ण गुप्ता:** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय डेरी अनुसन्धान संस्थान करनाल में हुए परीक्षणों से यह सिद्ध हुआ है कि संकर नस्ल की गायें अन्य भारतीय गायों से अधिक दूध देती हैं और उनकी दुग्ध क्षमता पश्चिमी गायों जितनी होती है;

(ख) यदि हाँ, तो समस्त देश में संकर-नस्ल की गायों को प्रोत्साहित करने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं; और

(ग) चतुर्थ योजना की अवधि में संकर नस्ल को बढ़ावा देने की योजनाओं का क्या ब्यौरा है और चतुर्थ योजना के अन्त तक दुग्ध उत्पादन किस सीमा तक बढ़ जाने की सम्भावना है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जी हाँ। भारतीय डेरी अनुसन्धान संस्थान में हुए परीक्षणों से पता चला है कि संकर नस्ल की गायें अन्य भारतीय गायों से बहुत अधिक दूध देती हैं और उनकी दुग्ध क्षमता पश्चिमी देशों की गायों जितनी है। दूध देने की यह क्षमता संलग्न विवरण से स्पष्ट हो जाती है (विवरण I) [**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1870/67**)।

(ख) और (ग) गायों की संकर नस्लों को लोकप्रिय बनाने के लिये निम्नलिखित कदम उठाए गए/ उठाये जा रहे हैं:—

1:—जर्सी तथा होल्सटेन फ्रीज़ियन आदि विदेशी नस्लों के साण्डों का वीर्य एकत्र करने के लिए राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान, बंगलौर के दक्षिणी क्षेत्रीय केन्द्र में एक केन्द्रीय वीर्य एकत्रिकरण केन्द्र की स्थापना की गई है। इस केन्द्र की स्थापना दूसरी योजना की अवधि में की गई थी। विभिन्न राज्यों से माँग आने पर इस केन्द्र से आवश्यकता अनुसार वीर्य संभरण किया जाता है।

2—पर्वतीय पशु विकास योजना को तीसरी योजना की अवधि में शुरू किया गया था। चौथी योजना की अवधि में इस योजना का विकास करने का प्रस्ताव है ताकि पर्वतीय क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। इस योजना के अन्तर्गत कृत्रिम गर्भादान केन्द्रों की संख्या में वृद्धि करने का प्रस्ताव है।

3—कटौला (हिमाचल प्रदेश) तथा हैसरघाटा (मैसूर राज्य) में दो केन्द्रीय जर्सी कैटल ब्रीडिंग फार्मों की स्थापना की गई है। चतुर्थ योजना की अवधि में इन फार्मों का और विस्तार करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त केरल राज्य की इण्डो स्विस प्रोजेक्ट तथा मैसूर राज्य की इण्डो डेनिश प्रोजेक्ट के अधीन ब्राउन स्विस तथा रेड डेन नस्लों की वृद्धि के लिए पशु पाले जा रहे हैं।

4—'हीफर प्रोजैक्ट्स' तथा 'सोसायटी फार दोज़ हू हैव लैस' आदि संस्थाओं की सहायता से अब तक जर्सी, होल्सटेन फ्रीज़ियन तथा ब्राउन स्विस नस्लों के 551 विदेशी पशु (जिनमें अधिकांश साँड हैं) आयात किए गए हैं। भविष्य में ऐसे और पशुओं का आयात करने का प्रस्ताव है।

5—चतुर्थ योजना की अवधि में विदेशी नस्लों की गायों व साँड़ों के लिए दो केन्द्रीय पशु प्रजनन फार्मों की स्थापना करने का प्रस्ताव है। प्रत्येक फार्म में 300 गायें तथा 20 साँड़ होंगे। इन फार्मों के पशु ऐसे राज्य फार्मों/सघन पशु विकास परियोजनाओं/अन्य संकर प्रजनन कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध हो सकेंगे जहाँ उनकी आवश्यकता हो।

भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा स्थापित विशेषज्ञों के कार्यकारी दल तथा पशुपालन वैज्ञानिकों के पैनल की सिफारिशों के अनुसार संकर नस्ल के पशुओं के कार्यक्रमों को अन्य क्षेत्रों

तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। राज्यों में स्थापित हुए लगभग समस्त सघन पशु परियोजनाओं को संकर प्रजनन के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव है।

देश में संकर प्रजनन का कार्यक्रम अभी प्रारम्भिक अवस्था में है। अतः अभी स्पष्ट रूप से कहना कठिन है कि चतुर्थ योजना के अन्त तक दुग्ध उत्पादन में कितनी वृद्धि होगी।

राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचन

3040. **श्री राम कृष्ण गुप्त**: क्या विधि मंत्री 4 जुलाई, 1967 के प्रश्न सं० 905 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रपतीय और उपराष्ट्रपतीय निर्वाचनों के अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभूति जमा करने के प्रश्न की जांच कर ली है; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है?

विधि मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) (क) और (ख) यह मामला अभी भी सरकार के विचाराधीन है और यदि निर्वाचन आयोग चौथे साधारण निर्वाचन के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट में (जिसकी कि शीघ्र ही आशा की जाती है) ऐसी कोई सिफारिश करे तो सरकार उसकी भी प्रतीक्षा कर रही है।

Milk Procurement

3041. **Shri Shiv Kumar Shastri : Dr. Surya Prakash Puri:**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a scheme has been drawn up by Government to declare the adjoining areas of Delhi as reserved for the purpose of milk procurement ;

(b) if so, the outlines thereof ;

(c) whether Government have also consulted the concerned States in regard thereto ; and

(d) if so, the reaction of these States in this connection ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) :

(a) A proposal for reservation of suitable areas around chilling centres for the purpose of procurement of milk by Delhi Milk Scheme is under examination.

(b) The outlines of the proposal have not yet been fully worked out.

(c) The State Governments of Uttar Pradesh and Haryana and the Delhi Administration have been consulted.

(d) The matter is still under consideration of the Government of India and the State Governments and Union Territory administration mentioned above.

Building for Bahadurganj Sub-Post Office Purnea.

3042. **Shri Lakhan Lal Kapoor** : Will the Minister of **Communications** be pleased to state :

(a) whether it was proposed to construct a new building for the Bahadurganj Sub-post office in Purnea District as the present building has become dilapidated ; and

(b) if so, when and, if not, reasons therefor ?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) Yes.

(b) The matter has been taken in hand. The schedule of accommodation has been sent to the Architect for preparation of lay-out plans.

Quarters for P&T Staff of Kishanganj in Bihar

3043. **Shri Lakhan Lal Kapoor** : Will the Minister of **Communications** be pleased to State :

(a) whether Kishanganj Posts and Telegraphs building and residential houses of staff in Purnia District in Bihar are very old and uninhabitable ;

(b) whether it is a fact that Government had formulated a plan for the construction of new building for the P&T Office and new houses for the staff ; and

(c) if so, the causes of delay in the new construction ?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral) :

(a) The buildings are old but are habitable.

(b) Yes.

(c) Plans have been drawn up for construction of buildings for P&T Office, Telephone Exchange and staff quarters. Efforts will be made to complete the work as early as possible.

गोहाटी में कार्यकारी (एग्जीक्यूरिव) इंजीनियर का निर्माण कार्यालय

3044. **श्री धीरेश्वर कलिता** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक व तार विभाग के समूचे आसाम सर्किल के लिये कार्यकारी इंजीनियर का निर्माण (सिविल) कार्यालय नहीं है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार का विचार गोहाटी में एक ऐसा कार्यालय स्थापित करने का है; और

(ग) एक मात्र कार्यकारी इंजीनियर के निर्माण (सिविल) कार्यालय को गोहाटी से कलकत्ता ले जाने के क्या कारण थे ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ०कु० गुजराल) : (क) जी हाँ। आसाम में निर्माण कार्यों के लिए कोई कार्यकारी इंजीनियर (सिविल) नहीं है। इस राज्य में भवन निर्माण कार्यों का निरीक्षण कलकत्ता स्थित कार्यकारी इंजीनियर द्वारा किया जा रहा है।

(ख) आसाम में जैसे ही पर्याप्त काम हो जायेगा, वहाँ एक डिविज़न बनाया जायेगा। एक सिविल सब डिविज़न पहले ही काम कर रहा है जिसका मुख्यालय गोहाटी में है।

(ग) कलकत्ता में काम बहुत अधिक बढ़ जाने के कारण गोहाटी डिविज़न को कलकत्ता ले जाया गया था। जैसे ऊपर बताया गया है कि आसाम सर्किल के केवल निर्माण कार्यों के लिये गोहाटी या शिलाँग में एक सिविल डिविजन बनाया जायेगा जैसे ही आसाम में निर्माण कार्य काफी अधिक हो जायेगा।

पाकिस्तान से विस्थापित व्यक्ति

3045. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी:**

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पाकिस्तान द्वारा मनीपुर, पुंछ और मुजफ्फराबाद के अनधिकृत रूप से काबू किए

गए क्षेत्रों से आये हुए विस्थापित व्यक्तियों को जो इस समय बीकानेर, गंगा नगर और भोपाल में शिविरों में पड़े हैं, अभी तक बसाया नहीं गया है ; और

(ख) यदि हाँ, तो उनके पुनर्वास के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उप मंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण) : (क) और (ख) पाकिस्तान द्वारा अधिकृत मीरपुर, पूंछ, और मुजफ्फराबाद के क्षेत्रों का कोई भी व्यक्ति इस समय बीकानेर, गगानगर, और भोपाल में कैम्पों में नहीं है। इस क्षेत्रों के कुछ परिवार जिन्होंने गंगा-नगर, भोपाल आदि पुनर्वास की पेशकश की थी उन्हें बाद के स्थानों पर भेज दिया गया था। उनके पुनर्वास की वर्तमान स्थिति राज्य सरकारों से पूछी जा रही है और सभा-पटल पर एक विवरण रख दिया जायेगा।

हावड़ा स्टेशन पर माल डिब्बों से मक्का का न उतारा जाना

3046. **श्री क० प्र० सिंह देव** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हावड़ा स्टेशन पर रामकोयस्तपुर यार्ड में लगभग 122 माल डिब्बों में से मक्का नहीं उतारी गई है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि मक्का इसलिये नहीं उतारी जा सकी क्योंकि हरियाणा सरकार ने एक राज्य से दूसरे राज्य को अनाज ले जाने पर केन्द्रीय सरकार द्वारा लगाये गए आदेशों की अवहेलना करके पश्चिम बंगाल को मक्का का निर्यात किया था ; और

(ग) यदि हाँ, तो इसपर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) यह सूचना मिली है कि मक्का के 110 माल डिब्बों में से 51 में से माल उतार लिया गया है और 59 से माल नहीं उतारा गया है।

(ख) और (ग) इस बात की सूचना प्राप्त हुई है कि हरियाना से पश्चिमी बंगाल को मक्का विधिमान्य परमिटों पर निर्यात नहीं किया गया था और इसलिये वह ठीक नहीं था। मामले की जाँच की जा रही है। इस सम्बन्ध में दिल्ली उच्च न्यायालय में कुछ लेखा याचिकायें भी विचाराधीन हैं।

चावल/गेहूँ की खरीद केलिये वित्तीय सहायता

3047. **श्री लक्षणलाल गुप्त** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चावल/गेहूँ की वसूली को प्रोत्साहन देने के लिये केन्द्रीय सरकार ने राज्यों को कभी वित्तीय सहायता दी है ;

(ख) यदि हाँ, तो किस रूप में और कब ; और

(ग) यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) जी, हाँ।

(ख) राज्य सरकारों द्वारा वसूली के लिये अपेक्षित धन की व्यवस्था करने के लिये, प्रार्थना-प्राप्त होने पर, धन उपलब्ध कराने के लिये प्रबन्ध किए गए हैं। इसके अतिरिक्त फालतू

अनाज वाले राज्यों से कमी वाले राज्यों को चावल तथा गेहूँ भेजने के लिये प्रोत्साहन बोनस देने की एक योजना 1966–67 की फसल के लिये बनाई गई थी। 1966–68 की फसल के लिये केन्द्रीय पूल के लिये चावल उपलब्ध कराने की एक वैसी ही योजना बनाई गई है।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

Posts, Telegraph and Telephone Facilities in Bihar Areas

3048. **Shri Lakhan Lal Kapoor** : Will the Minister of **Communications** be pleased to state :

(a) whether Government are aware that Bahadurganj, Kachadhaman, Vidhalbank, Taragachh, Sikti, Patasi, Jonkihat Baisa and Thakurganj Sub-divisions of North-East Purnia district in Bihar State are situated between East Pakistan, Nepal, North Bengal, Sikkim and Bhutan ; and

(b) the steps taken to provide efficient service of Posts and Telegraphs and Telephones in the above-mentioned sub-divisions located on the border areas ?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral) :

(a) and (b) The information is being collected and will be placed on the Table of the Lok Sabha in due course.

Flour Adulteration

3049. **Shri K. M. Madhukar** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether steps have been taken by Government in regard to the question of adulteration in the flour manufactured by flour-mills ;

(b) if so, the nature of the steps taken ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) :

(a) Yes, Sir.

(b) The following steps have been taken :—

(i) The Government have issued the Wheat Roller Flour Mills (Licensing & Control) Order under the Essential Commodities Act which makes it obligatory on the Roller Flour Mills to observe certain conditions to ensure that the standards laid down under the Prevention of Food Adulteration Act are strictly maintained.

(ii) When flour manufactured by a mill is found to be not conforming to the standards under the P.F.A. Act action is taken against the miller concerned.

(iii) Inspection of the mills is carried out at frequent intervals by the technical officers of the Food Department. Samples of flour are drawn during these visits and these are examined in the Central Laboratory of the Food Department.

(c) does not arise.

Sugarcane Research Station, Champaran

3050. **Shri K. M. Madhukar** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Sugarcane Research Station, Champaran is being shifted from there ;

(b) the circumstances which compelled Government to take such a decision ; and

(c) whether Government propose to revise their decision keeping in view the conditions of sugar industry and the sugar production in Champaran ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) :

(a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

टेली–प्रिण्टरों का निर्माण

3051. **श्री स० चं० सामन्त:** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दूरमुद्रक (टेलीप्रिंटर) कारखाने में दूरमुद्रकों के निर्माण कार्यक्रम में क्या प्रगति हुई है तथा क्या यह सारी मांग पूरी कर सकता है;

(ख) 1967 के अन्त तक निर्मित दूरमुद्रकों की कुल संख्या कितनी है; और

(ग) कार्यक्रम के अनुरूप प्रगति में विलम्ब के कारण क्या हैं ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) से (ग) हिन्दुस्तान टेलीप्रिण्टर्स लिमिटेड, मद्रास द्वारा दूरमुद्रकों (टेलीप्रिण्टर्स) के निर्माण में की गयी प्रगति कार्यक्रम के अनुरूप ही है। अंग्रेजी-दूरमुद्रकों की सारी मांग की पूर्ति इस कारखाने द्वारा की जाती है। नवम्बर, 1967 के अन्त तक लगभग 10,400 अदद दूरमुद्रकों का उत्पादन हुआ।

मिट्टी, सिंचाई, सस्य विज्ञान तथा इंजीनियरी के लिए समन्वित योजना

3052. **श्री धीरेश्वर कलिता:** **श्री दी० च० शर्मा:**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मिट्टी, सिंचाई, सस्य विज्ञान और इंजीनियरी के लिए समन्वित योजना को स्वीकार कर लिया है;

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार किस प्रकार तथा किस माध्यम से इसे कार्य रूप देगी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जी हाँ।

(ख) मिट्टी, सिंचाई, सस्य विज्ञान तथा इंजीनियरी के क्षेत्रों में होने वाले अनुसंधान कार्यों के समन्वय के लिये एक उप महानिदेशक (जो एक वैज्ञानिक है) की देखरेख में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अधीन एक प्रभाग खोला गया है। यह प्रभाग मिट्टी तथा जल प्रबन्ध कार्यक्रम के बारे में सस्य-विज्ञान, सिंचाई, कार्बनिक तत्व, माईकोन्यूट्रेन्टस, मिट्टी परीक्षणों तथा नदी घाटी विषयक छः अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनायें शुरू कर चुका है। इसके अतिरिक्त एक सेन्ट्रल सायल सैलिनिटी लैबोरेटरी की सहायता से सस्य प्रतिमान, उन्नत कृषि उपकरणों भूमि की अमलता, सिंचाई, जल-निकास, भू-विज्ञान तथा जल प्रबन्ध के विषय में चार अखिल भारतीय समन्वित परियोजनाओं के बारे में कार्य हो रहा है।

(ग) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सामान्य प्रतिमान के अन्तर्गत कृषि विश्वविद्यालयों या राजकीय संस्थाओं में स्थित चुने हुए अनुसंधान केन्द्रों में प्रत्येक समन्वित योजना को कार्य रूप

दिया जा रहा है। एक प्रसिद्ध अनुसंधान वैज्ञानिक अपने क्षेत्र की विशेष योजना के कार्यों का समन्वय करता है। योजनाओं के अनुसंधान कार्यक्रमों की तैयारी, उनकी जाँच तथा स्वीकृति का कार्य परिषद् की समितियों तथा पैनल द्वारा किया जाता है। परिषद् का प्रोजैक्ट कोआर्डिनेटर तथा विशेषज्ञ समय-समय पर प्रगति का मूल्याँकन करते हैं। उपलब्धियों तथा काम के आगामी कार्यक्रमों के वार्षिक मूल्यांकन के बारे में योजनाओं से सम्बद्ध अनुसंधान कार्यकर्त्ताओं के वर्कशापों में विचार-विमर्श होता है। वार्षिक प्रगति की रिपोर्ट भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की विभिन्न समितियों तथा पैनलों के सम्मुख भी रखे जाते हैं।

थोक सहकारी समिति लि० मनीपुर

3053. **श्री मेघ चंन्द्र** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज तक थोक सहकारी समिति लि० मनीपुर में मनीपुर सरकार ने कितनी धन राशि लगाई है और केन्द्रीय सरकार ने उसे कितना ऋण दिया है;

(ख) क्या इस ऋण की कोई वापिसी-अदायगी की गई है और वापिसी-अदायगी की क्या शर्तें हैं;

(ग) क्या यह सच है कि समिति घाटे में चल रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो कितना घाटा हुआ है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) :

(क) मनीपुर सरकार ने मनीपुर थोक सहकारी भण्डार लि०, इम्फाल अंशपूँजी अंशदान में जो धन राशि लगाई है, और जो ऋण दिया है, वह नीचे दिया गया है:—

(1) अंश पूंजी	—	रु०	50,000
(2) नकद ऋण	—	रु०	1,00,000
(3) ट्रक खरीदने तथा गोदाम निर्माणएके लिए ऋण	–	रु०	75,000

(ख) बताया जाता है कि समिति को ट्रक खरीदने के लिए जो ऋण दिया गया था उसकी देय हो चुकी तीन किश्तें उसने नहीं चुकाई हैं। मनीपुर सरकार से ऋणों की वापिसी अदायगी की ब्यौरेवार शर्तों का पता किया जा रहा है और प्राप्त होने पर उन्हें यथाशीघ्र सभा-पटल पर रख दिया जाएगा।

(ग) जी, हाँ।

(घ) अस्थायी तुलन-पत्र के अनुसार समिति को 30 जून, 1967 तक 1,06,762 रुपए की संचित हानि हुई हैं।

मनीपुर में टेलीफोन

3054. **श्री मेघचन्द्र** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मनीपुर संघ राज्यक्षेत्र में टेलीफोनों की माँग बहुत बढ़ गयी है;

(ख) यदि हाँ, तो इस बढ़ती हुई माँग को शीघ्र पूरा करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) इस समय प्रतीक्षा सूची में कितने आवेदन-पत्र हैं?

संसद कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल):

(क) और (ख) मनीपुर संघ राज्यक्षेत्र में केवल एक ही (इम्फाल) एक्सचेंज है। मैनुअल एक्सचेंज में 600 लाइनों तथा 527 चालू कनैक्शनों की क्षमता है। एक्सचेंज में 600 से बढ़ाकर 900 लाइनें करने का विचार है।

(ग) 30–9–67 को 216.

श्रम सम्बन्धी मूल्यांकन और क्रियान्विति समिति

3055. **श्री मेघचन्द्र** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि संघीय क्षेत्र मणिपुर की श्रम सम्बन्धी मूल्यांकन और क्रियान्विति समिति की उसकी स्थापना से तीन साल की सन्धावधि में एक भी बैठक नहीं हुई ;

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या मणिपुर सरकार नए ढाँचे पर इस समिति को नए तौर पर स्थापित कर रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसकी स्थापना कब तक की जायगी?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी): (क) जी हाँ।

(ख) इस समिति के विचार के लिए कोई भी महत्वपूर्ण विषय नहीं था।

(ग) और (घ) इन मामलों पर अब विचार-विमर्श हो रहा है।

मनीपुर औद्योगिक संस्था द्वारा खाद्यान्न की वसूली

3056. **श्री मेघचन्द्र**: क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मनीपुर की चावल मिलों ने अपनी मनीपुर उद्योगपति संस्था नामक संगठन के अन्तर्गत मनीपुर सरकार से यह अनुमति माँगी है कि उन्हें चालू वर्ष 1967–68 में खाद्यान्न की वसूली के लिये एकमात्र एजेंट नियुक्त किया जाये;

(ख) क्या सरकार ने उनकी प्रार्थना अस्वीकार कर दी है;

(ग) यदि हाँ, तो उसका क्या कारण है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि खाद्यान्न की वसूली का काम मनीपुर अपैक्स मार्केटिंग कोआपरेटिव सोसायटी लि० करती है; और

(ङ) यदि हाँ, तो वसूली के तरीके का ब्यौरा क्या है, खाद्यान्न की वसूली का क्या लक्ष्य निश्चित किया गया है और यह वसूली किस भाव पर की जायेगी?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे): (क) जी, हाँ।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता

(घ) जी नहीं।

(ङ) मनीपुर सरकार ने धान तथा चावल की वसूली के लिए मनीपुर उद्योगपति संघ को एकमात्र वसूली एजेंट नियुक्त किया है। धान का 52.50 रुपए प्रति क्विंटल तथा चावल का 90.00 रुपए प्रति क्विंटल वसूली मूल्य निर्धारित किया गया है। 16,000 मीटरिक टन धान की वसूली का लक्ष्य है।

Suratgarh Farm

3057. **Shri P. L. Barupal** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the total amount spent on sowing of crops in the Suratgarh farm in 1966-67 and the income accrued from it ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) :

The information is being obtained from the farm and will be placed on the table of the Sabha.

कार्बनिक खाद का उत्पादन

3058. **श्री रा० बरुआ** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कम्पोस्टिग द्वारा ग्रामीण कूड़े का आर्गनिक खाद में परिणित करने के लिये कम्पोस्ट संयंत्रों की स्थापना की जा रही है ;

(ख) यदि हाँ, तो कृषि विकास की नई पद्धति के विषय में कम्पोस्ट की उपलब्धि को आसान बनाने के लिए एक योजना तैयार की गई है; और

(ग) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) :

(क) शहरी क्षेत्रों के कूड़े से कार्बनिक खाद तैयार करने के लिये तीन-चार पायलट कम्पोस्ट संयंत्रों की स्थापना करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

(ख) और (ग) शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कम्पोस्ट उत्पादन के लिए स्थानीय खाद संसाधनों की विकास तथा प्रयोग विषयक योजनायें केन्द्रीय सहायित स्टेट प्लान स्कीमों के रूप में पहले ही समस्त राज्यों/संघ क्षेत्रों में चालू हैं। केन्द्रीय वित्तीय सहायता के वर्तमान वित्तीय प्रतिमानों के अनुसार इन स्कीमों की क्रियान्विति के लिए 20 प्रतिशत उपदान तथा 30 प्रतिशत ऋण प्राप्त हो सकता है। अन्य बातों के अतिरिक्त इन स्कीमों में निम्नलिखित व्यवस्थायें की गई हैं :—

(1) शहरी क्षेत्रों की स्थानीय निकायों को कम्पोस्ट का उत्पादन बढ़ाने व उसके वितरण के लिए गाड़ियों के क्रय हेतु ऋण मंजूर करना।

(2) शहरी कम्पोस्ट को कृषकों के खेतों तक ढोने के कार्यों तथा कम्पोस्ट के छानने पर उपदान मंजूर करना।

(3) पर्यवेक्षी कर्मचारियों की व्यवस्था करना तथा फार्म नेताओं, स्थानीय निकायों व पंचायतों के अधिकारियों, ग्रामस्तर कार्यकर्ताओं व कम्पोस्ट इन्स्पेक्टरों को वैज्ञानिक आधार पर कम्पोस्ट तैयार करने की तकनीकों के विषय में प्रशिक्षण देना।

Members Elected to Lok Sabha from Bihar

3059. **Shri Ramavtar Shastri** : Will the Minister of **Law** be pleased to state :

(a) the number of Members elected to Lok Sabha from Bihar State against whom election petitions are pending with the High Court, after the last General Elections ;

(b) the number of those Members elected to Bihar Vidhan Sabha against whom election petitions have been filed ;

(c) the number of election petitions filed against Members of Lok Sabha and Vidhan Sabha on which judgment has been given and the result thereof ; and

(d) whether any specific period has been fixed for consideration of election petitions and, if so, the reasons therefor?

The Minister of Law (Shri Govind Menon):

(a) The number of election petitions filed against the members elected to the House of the People from Bihar during the last general elections is 4 ;

(b) The number of election petitions filed against the members elected to the Bihar Legislative Assembly (Vidhan Sabha) is 21 ;

(c) According to information received in the Election Commission, out of these 25 election petitions, only two petitions relating to the Legislative Assembly have so far been disposed of by the High Court. Both the petitions have been dismissed ; and

(d) Apart from sub-section (7) of section 36 of the Representation of the People Act, 1951, which provides that the High Courts shall endeavour to conclude the trial of the petitions within 6 months from the date of presentation of the peitions, no specific period has been fixed for disposal of those election petitions.

Delivery of Letters and Telegrams at Destinations

3060. **Shri O. P. Tyagi** : Will the Minister of **Communications** be pleased to state:

(a) whether Government are aware that letters and telegrams do not reach their destinations in time and sometimes do not reach at all; and

(b) if so, the measures proposed to be taken by Government in the matter ?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral) :

(a) A very small percentage of letters and telegrams is delayed in delivery. A still smaller percentage is lost while in transmission.

(b) **Postal** : On the postal side, constant review of existing mail routes and carriers is carried out. The Department takes advantage of new train, bus and air services. By arrangements with State Governments the Road-ways have been ordered to be utilised where train services were found circuitous. By posting trial cards and test letters, the supervisory staff keep on detecting the delays in transmission and taking remedial measures.

Telegraphs : On the telegraph side, various steps have been taken to reduce the delay and loss of messages. More working is being progressively replaced by high speed working on teleprinters, open wire lines which are susceptible to frequent interruptions are being replaced by Co-axial cables and Micro-wave systems. Telex service is being introduced progressively in the principal cities. The Telegraph Operators are being given better training in handling traffic on the latest systems of transmission.

रूस से ट्रैक्टरों का आयात

3061. **श्री कृष्णन**: क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हमारी सरकार और भारत में सोवियत मिशन द्वारा हस्ताक्षर किए गए करार के अन्तर्गत लगभग 72 लाख रुपये के ट्रैक्टर आयात किए जा रहे हैं; और

(ख) क्या आयात किए जाने वाले ट्रैक्टरों का भारतीय विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी निरीक्षण किया जाएगा?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) सन् 1967 के दौरान राज्य व्यापार निगम द्वारा रूस से निम्नलिखित ट्रैक्टरों का आयात किया जाएगा:—

माडल	संख्या	कुल सी० आई० एफ० मूल्य (रुपये लाखों में)
डीटी 14 बी	4,000	264.00+ (लगभग)
बाईलारुस	500	77.30+

(+ स्पेयर तथा उपकरण भी शामिल हैं)

(ख) उपरोक्त (क) में दिए गए दोनों माडल कई वर्षों से देश में चलाए जा रहे हैं और उनका काम संतोषजनक पाया गया है। विशेषज्ञों द्वारा और निरीक्षण किया जाना आवश्यक नहीं है।

भारतीय खाद्य निगम

3062. **श्री राम स्वरूप**: क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय खाद्य निगम की स्थापना से लेकर अब तक प्रत्येक श्रेणी में कुल कितने कर्मचारी सीधे भर्ती किए गए हैं;

(ख) क्या अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिए स्थान आरक्षित हैं;

(ग) यदि हाँ, तो भारतीय खाद्य निगम की स्थापना से लेकर अब तक आरक्षित पदों पर कितने व्यक्तियों की सीधी नियुक्ति की गई है; और

(घ) क्या भारतीय खाद्य निगम में ऊँचे पदों पर विभागीय पदोन्नति के मामले में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के सदस्यों के लिये किसी अन्य प्रकार की सुरक्षा की व्यवस्था की गई है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे):

(क) भारतीय खाद्य निगम के आरम्भ से 30-9-1967 तक प्रत्येक वर्ग में सीधे भर्ती किए गए कर्मचारियों की कुल संख्या इस प्रकार है:—

वर्ग एक	18
वर्ग दो	76
वर्ग तीन	763
वर्ग चार	450
कुल	1307

(ख) जी हाँ। 1 जनवरी, 1967 से।

(ग) भारतीय खाद्य निगम से सूचना प्राप्त की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

(घ) जी नहीं।

बर्मा से निष्कासित व्यक्तियों के लिये आवास बस्ती

3063. **श्री क० प्र० सिंह देव :**

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार बर्मा से आये हुए निष्कासित व्यक्तियों के लिये पश्चिम बंगाल में श्रीकृष्णपुर नामक स्थान में एक आवास बस्ती बनाने का है;

(ख) यदि हाँ, तो इस प्रस्तावित बस्ती में कितने निष्क्रान्त परिवारों के बसाये जाने की सम्भावना है;

(ग) क्या इन निष्क्रान्त व्यक्तियों को मकान बनाने के लिये कोई ऋण दिए गए हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो वे ऋण किस प्रकार के हैं?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चव्हाण): (क) और (ख) पश्चिमी बंगाल सरकार ने बर्मा के 55 निष्क्रान्त परिवारों के बारसाट में श्रीकृष्णपुर में पुनर्वास की एक योजना स्वीकार की है। वह निकटवर्ती क्षेत्र में बर्मा से निष्कासित 130 परिवारों के पुनर्वास की एक और योजना पर विचार कर रही है।

(ग) तथा (घ) पश्चिमी बंगाल सरकार ने 2,53,000 रुपए की राशि मकानों के लिए प्लाट खरीदने तथा मकानों के निर्माण के लिये पहले ही मंजूर कर दी है। इस प्रयोजन के लिये 5,98,000 रुपए की अतिरिक्त राशि मंजूर करने का प्रस्ताव पश्चिमी बंगाल सरकार के विचाराधीन है।

सर्वश्री पी० सी० राय एण्ड कम्पनी के साथ विवाद

3064. **श्री गणेश**: क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अन्दमान वन विभाग तथा पी० सी० राय एण्ड कम्पनी (प्राईवेट) लिमिटेड माया-बन्दर, अन्दमान द्वीप के विवाद की पंचाट विषयक कार्यवाही किस स्थिति में है;

(ख) अब तक प्रशासन इस पंचाट-कार्यवाही पर कुल कितना धन व्यय कर चुका है; और

(ग) पी० सी० राय एण्ड कम्पनी (प्राईवेट) लिमिटेड के जिम्मे प्रशासन का कितना क्लेम है?

खाद्य कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) अब तक पंचाट के 3 विवादों पर कार्यवाही की गई है। पहला विवाद 1951–52 से 1960–61 की अवधि का है; दूसरा 1961–62 और 1962–63 के विषय में और तीसरा 1963–64 के विषय में है। केवल पहले पंचाट विवाद के बारे में निर्णय दिया गया है। रकम की वसूली के लिए डिग्री प्राप्त करने हेतु कलकत्ता हाई कोर्ट में पंचाट निर्णय दाखिल कर दिया गया है। अन्य 2 पंचाट विवादों के बारे में कार्यवाही चल रही है।

(ख) मध्यस्थों की फीस, परामर्श आदि पर अब तक अन्देमान प्रशासन 3,91,432.74 रुपये खर्च कर चुका है।

(ग) तीनों विवादों में अन्देमान प्रशासन का कुल क्लेम निम्न प्रकार है:—

	रुपये
1—पहला पंचाट विवाद	2,24,87,586.29
2—दूसरा पंचाट विवाद	1,00,90,041.39
3—तीसरा पंचाट विवाद	अभी तक क्लेम दाखिल नहीं किया गया है परन्तु यह क्लेम लगभग 54 लाख रुपए का होगा।

अन्डमान वन विभाग

3067. **श्री गणेश:** क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सच है कि साऊथ अन्डामान प्रभाग में वन विभाग के सरकारी कर्मचारियों को ईंधन रियायती दर पर दिया जाता है; और

(ख) क्या यह रियायत औद्योगिक स्टाफ को भी दी जाती है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) और (ख) जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सभा के पटल पर रख दी जायेगी।

अन्दमान वन विभाग

3068. **श्री गणेश:** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दक्षिण अन्दमान प्रभाग के वन विभाग के कितने कर्मचारी जलाने की लकड़ी के गट्ठे बनाने के काम में लगे हुए हैं तथा उनके कुल वेतन क्या हैं; और

(ख) जलाने की लकड़ी के एक कार्ड का बाजार में क्या मूल्य है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) और (ख) जानकारी इकट्ठी की जा रही है और मिलते ही सभा पटल पर रख दी जायेगी।

अन्दमान द्वीप समूह में सामुदायिक विकास खण्ड

3069. **श्री गणेश:** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अन्दमान प्रशासन ने दक्षिण तथा मध्य अन्दमान द्वीप समूह में सामुदायिक विकास खण्ड बिल्कुल बन्द करने का निर्णय किया है;

(ख) यदि हाँ, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस निर्णय का अनुमोदन किया है; और

(घ) कृषि के लिये बीज, खाद, आदि तथा तकनीकी जानकारी देने के लिये सरकार का कौन सी वैकल्पिक संस्था आरम्भ करने का विचार है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी): (क) से (घ) अन्दमान तथा निकोबार द्वीप समूह प्रशासक से सूचना माँगी गई है और उत्तर की प्रतीक्षा की जा रही है। उसे यथासमय सभा पटल पर रख दिया जायेगा।

साऊथ अन्डमान में इमारती लकड़ी का रोपण

3070. **श्री गणेश** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि माऊन्ट हैरीट साऊथ अन्डामान द्वीप में 500 एकड़ भूमि में इमारती लकड़ी रोपण के कार्य शुरू किए गए हैं;

(ख) क्या परियोजना पूरी हो गई है, यदि हाँ तो कब ; और

(ग) इस परियोजना के लिए कितना वित्तीय खर्च, कितने कार्यकर्ता, कितना देख-भाल करने वाला स्टाफ तथा उपकरण थे ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) माउन्ट हैरीट क्षेत्र में इमारती लकड़ी रोपण के कोई कार्य शुरू नहीं किए गए हैं।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

सर्वश्री पी० सी० राय एण्ड कम्पनी के साथ विवाद

3071. **श्री गणेश** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अन्दमान प्रशासन तथा पी० सी० राय एण्ड कम्पनी (प्राइवेट) लिमिटेड, मायाबन्दर, अन्दमान द्वीप के बीच चल रहे पंचाट मामलों में से एक मामले में प्रशासन के पक्ष में निर्णय हुआ है;

(ख) इस पंचाट मामले का संबंध कुल कितनी लागत से है; और

(ग) इस रकम की वसूली के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हाँ।

(ख) 19,41,290.70 रुपए।

(ग) उपरोक्त भाग (ख) में उल्लिखित रकम की वसूली के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट में पंचाट दाखिल कर दिया गया है।

वनस्पति घी का उत्पादन

3072. **श्री स० कुन्डू** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की करेंगे कि :

(क) गत पाँच वर्षों के दौरान वनस्पति घी के उत्पादन के लिये कारखाने लगाने के लिये कितने लाइसेंस जारी किये गये हैं;

(ख) सरकार द्वारा ऐसे कारखाने स्थापित करने सम्बन्धी लाइसेंस देने के लिये कितने आवेदन पत्र अभी विचाराधीन हैं और जिन पार्टियों ने आवेदन पत्र दे रखे हैं, उनके नाम क्या हैं;

(ग) देश में वनस्पति घी की कुल कितनी आवश्यकता है तथा इस समय उसका उत्पादन कितना है; और

(घ) यदि उत्पादन हमारी आवश्यकता से कम है तो माँग को पूरा करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जी नहीं।

(ख) वनस्पति के नये कारखाने स्थापित करने के लिये ग्यारह आवेदन पत्र विचाराधीन हैं। प्रार्थियों के नाम निम्नलिखित हैं:—

1. मध्य प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड, इन्दौर नगर
2. करद तुलका कोआपरेटिव आयल मिल्स लिमिटेड, करद (महाराष्ट्र)
3. यू० पी० कोआपरेटिव फैडरेशन लिमिटेड, लखनऊ।
4. मैसर्स सेथराम जयनारायण सिओनी (मध्य प्रदेश)
5. श्रीमती आर० गुप्त, सेक्टर 18 बी० चंडीगढ़।
6. तथा 7. उद्योग निदेशक, कानपुर
8. मेसर्स खन्ना आयल मिल्स, दिल्ली
9. मैसर्स मगनलाल छगनलाल प्राइवेट लिमिटेड, बम्बई
10. मैसर्स एच० एल० आनन्द एण्ड सन्स, कपूरथला (पंजाब)
11. श्री यानी राम गुप्त, सदर बाजार, दिल्ली।

(ग) 36,000 मीटरिक टन वनस्पति की प्रति मास माँग का अनुमान है। वर्तमान उत्पादन लगभग 32,000 मीटरिक टन है।

(घ) यद्यपि माँग के अनुसार उत्पादन करने के लिये पर्याप्त क्षमता है तथापि उत्पादन में कमी का कारण 1966–67 के फसली वर्ष के सूखे की परिस्थिति के कारण कच्चे वनस्पति तेल की कमी होना है। मूंगफली की नई फसल के अच्छी होनें की सम्भावना के कारण तेल के सम्भरण की स्थिति में सुधार होने की तथा वनस्पति का उत्पादन बढ़ने की सम्भावना है। उद्योग को कच्चे तेल की उपलब्धि में वृद्धि करने के लिये सोयाबीन के तेल के आयात पर भी विचार किया जा रहा है।

सुबरनरेखा नदी में मछली पकड़ना

3073. **श्री स० कुन्दू :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उड़ीसा में सुबरनरेखा नदी के मुख से धाम्रा तक समुद्र में किनारे से थोड़ी दूर मछली पकड़ने की सम्भावना पर खोज की है ?

(ख) यदि हाँ, तो उसके परिणाम क्या निकले ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार ऐसा सर्वेक्षण करने का इरादा रखती है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जी हाँ। भारत सरकार ने गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले केन्द्र और पश्चिमी बंगाल सरकार की नौकाओं ने इस क्षेत्र में नमूने के आधार पर सामान्य सर्वेक्षण कार्य किए हैं।

(ख) खोज करने से अस्थायीरूप से यह निष्कर्ष निकला है कि सुबरनरेखा नदी का सामने का क्षेत्र घटिया है जबकि धाम्रा के पेर के स्थल सामान्य रूप से अच्छे हैं। जो मछलियाँ पकड़ी जाती हैं उनमें सार्डिनिडस, सिलवर बैलीज और विविध मछलियाँ शामिल हैं। गहरे पानी में झींगर मछली की औसत लगभग 2 प्रतिशत थी।

(ग) जब स्वीकृत की गई अतिरिक्त नौकाएँ गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले केन्द्र को प्राप्त हो जाएंगी तभी विस्तृत सर्वेक्षण किए जाने पर विचार होगा।

ठण्डे गोदामों के लिए वित्तीय सहायता

3075. **श्री क० प्र० सिंह देव** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आलू के बीजों के भण्डारण की सुविधा के लिए ठण्डे गोदामों के निर्माण हेतु चालू वर्ष में उड़ीसा के लिए कोई ऋण मंजूर किया है; और

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जी हाँ।

(ख) आलू के बीजों के भण्डारण के लिए ठण्डे गोदामों के निर्माण हेतु 1967–68 की अवधि में 16.00 लाख रुपए की रकम स्वीकार की गई है।

Tonnage Club of Farmers

3076. **Shri Lakhan Lal Kapoor : Shri S. Supakar :**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the aims and objectives of the National Tonnage Club of Farmers, Delhi ; and

(b) the financial assistance so far given to this club by Government ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) :

(a) The Aims and objectives of the National Tonnage Club of Farmers, Delhi are as follows :

1. To contribute towards the creation of self sufficiency of food in the country .

2. To promote an awareness amongst farmers of the possibilities of achieving very high crop yields through the adoption of scientific methods,

3. To provide a form for the collation and dissemination of the information relating to scientific crop production.

4. To bring together all progressive minded farmers in the country for more higher production and to protect, advance and promote their interests for the objectives of the 'Club'.

5. To serve as prestige 'Club' for encouraging higher production.

6. To undertake publicity, propaganda, training and education of the producers and cooperate with Government and other Agencies for increasing yields.

7. To collaborate, co-operate and associate with similar or allied organisations in India and abroad for furtherance of the objectives of the 'Club'.

8. To collaborate with Government Institutions and foreign Agencies in sponsoring the members of the 'Club' and rural youths for obtaining experience and training in the techniques of more crop production.

श्री अरुमुगम (टेंकासी) : खाद्य समस्या पर चर्चा करते समय हमें अपने उन कारनामों को नहीं भूलना चाहिये जो हमने स्वाधीनता प्राप्ति के बाद खाद्य के मोर्चे में किए हैं। कई बाँधों का निर्माण करके हमने हजारों एकड़ भूमि पर सिंचाई शुरू कर दी है। किसानों को उर्वरक, अच्छे बीज, कीटनाशक औषधि, आवश्यक जल सप्लाई और अच्छे कृषि औजार और अन्य सुविधायें देकर हमने कृषि उत्पादन को काफी हद तक बढ़ा दिया है। लेकिन लक्ष्य पूरे न होने का कोई न कोई कारण है। इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता।

मद्रास राज्य में काँग्रेस सरकार के अधीन कृषि में जबरदस्त प्रगति हुई है। कई बाँधों का निर्माण किया गया है और नदियों के 90 प्रतिशत जल का प्रयोग किया गया है। भारत में पाँच लाख पम्प लगाये गए हैं। इसमें से 2½ लाख पम्प केवल मद्रास राज्य में लगाये गए हैं। उनमें बिजली लगाई गई है। इन योजनाओं को कार्यान्वित करके हमारा राज्य एक अतिरिक्त उपज वाला राज्य बन गया है जबकि पहले यह एक कम उपज वाला राज्य था।

वसूली के बारे में मद्रास राज्य में वसूली की कीमत और बाजार की कीमत में भारी अन्तर है। इसके इलावा वसूली जबरदस्ती और दुःखदायी तरीकों से की जाती है। किसानों को इससे बचने के लिए अदालतों में जाना पड़ता है। इससे अधिक पैदा करने के लिये प्रोत्साहन पकसानों को नहीं मिलेगा।

मद्रास राज्य के कुछ इलाकों में कृषि श्रमिकों को फसल काटने के लिए अपने स्थान की बजाय अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है। मजदूरी के रूप में उन्हें धान दी जाती है परन्तु वापसी पर उनसे धान छीन ली जाती है और उनपर मुकदमा चलाया जाता है। वसूली के नाम पर जो ऐसी बातें हो रही हैं उनको रोका जाना चाहिये।

पहले मद्रास के हर गाँव में राशन की व्यवस्था थी और हर देहाती को राशन मिलता था लेकिन अब इसे बन्द कर दिया गया है और देहाती क्षेत्रों के अधिकांश लोगों को चावल प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है और भाव बहुत तेज होते जा रहे हैं।

अधिकतर राज्यों में भूमि सुधार कानून क्रियान्वित किये जा चुके हैं; फिर भी हजारों किसानों तथा खेतिहर मजदूरों के पास खेती के लिये भूमि नहीं है। कृषि योग्य वन-भूमि पुरम्बोक तथा पट्टा भूमि बेकार पड़ी है, हम बंजर भूमि अर्जित कर सकते हैं, जिसकी कीमत भी कम होगी और जो उपजाऊ भी है। इस भूमि का वितरण भूमिहीन लोगों तथा हरिजनों में किया जा सकता

है। सरकार को उन्हें इस भूमि को खेती योग्य बनाने तथा उसपर खेती करने के लिये उन्हें राज सहायता तथा ऋण देना जरूरी है। इन योजनाओं से गरीब लोगों को खेती के लिये भूमि अपने लिये व्यवसाय तथा देश के लिये अपेक्षित खाद्यान्न मिलेंगे।

श्री जे० के० चौधरी (त्रिपुरा-पश्चिम) : चावल तथा अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं के मूल्य इतने अधिक बढ़ गए हैं कि मध्यम वर्ग के लोगों को गुजारा करना कठिन हो रहा है। इस सारी कठिनाई का सम्बन्ध कृषि से है।

सूखे की स्थिति पर दोष देने से कोई लाभ नहीं है। 1,200 करोड़ रुपए सिंचाई, बाँध तथा अन्य सुविधाओं पर खर्च करने के बाद यह बात समझ में नहीं आती कि सूखे की स्थिति का हमारी कृषि पर इतना अधिक प्रभाव क्यों पड़ना चाहिये ? किन्तु छोटी तथा मझली सिंचाई योजनाओं की ओर पर्याप्त ध्यान देना आवश्यक है।

मुझे आश्चर्य है कि खाद्य उत्पादन के आँकड़े कैसे एकत्रित किए गए। कोई भी किसान यह बताने के लिये तैयार नहीं है कि उसके पास कितना अनाज है। इसके दो कारण हैं, पहला यह कि किसान अन्धविश्वासी है और वह समझता है कि यदि वास्तविक आँकड़े बता दिए जायें और अच्छी फसल हुई तो दूसरे वर्ष उसके दुर्भाग्य के कारण फसल अच्छी नहीं होगी। दूसरा कारण यह है कि उसे भय बना रहता है कि कहीं सरकार उसकी उपज को न ले ले। इस वर्ष की 950 लाख टन की अनुमानित फसल के बारे में सन्देह उत्पन्न हुआ है और इस सन्देह का निराकरण किया जाना चाहिये। हम तो यह जानते हैं कि देश में अनाज है लेकिन उसका उचित वितरण नहीं हो रहा है।

यह बड़े खेद की बात है कि जो कुछ अनाज हमारे पास है उसका भी वितरण उचित ढंग से नहीं हो रहा है। इसका कोई आधारभूत हल निकालना जरूरी है। अनाज के व्यापार में बिचौलियों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

मैं इस सम्बन्ध में एक सुझाव देना चाहता हूँ। यदि हम अनाज के मामले में आत्मनिर्भर होना चाहते हैं, तो हमें कुछ निश्चयात्मक कदम उठाने चाहिए। डिप्टी कलेक्टर से आई० ए० एस० तक के प्रत्येक अधिकारी को तीन वर्ष तक गाँवों में प्रशिक्षण दिया जाना चाहिये। उसे एक राज्य के गाँवों में एक वर्ष तक प्रशिक्षण लेना चाहिये और वहाँ की भाषा सीखनी चाहिये और किसानों से निकट सम्पर्क स्थापित करना चाहिए ताकि उसे मालूम हो कि देश क्या है और किसानों की स्थिति क्या है, और कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिये किसानों को किस प्रकार उचित और यथासमय सुविधायें दी जा सकती हैं। उसे खण्ड विकास अधिकारियों के साथ काम करना होगा। जहाँ तक खण्ड विकास अधिकारी की अर्हता का प्रश्न है, प्रत्येक खण्ड विकास अधिकारी कृषि-विषय का स्नातक होना चाहिये और खण्ड-विकास अधिकारी सहित इन सभी प्रशिक्षण लेने वालों को बन्दोबस्त सिंचाई, उर्वरक, कूड़ा खाद, अच्छे बीज, कीटनाशक दवाइयों तथा ऐसी अन्य वस्तुओं की जानकारी प्राप्त करनी चाहिये। अन्यथा किसान को ये सभी वस्तुएँ जिनकी सरकार व्यवस्था कर रही है, ठीक समय पर नहीं मिल पायेंगी।

यह दुर्भाग्य की बात है कि हमें अनाज के मामले में अन्य देशों पर विशेषतः अमरीका पर निर्भर रहना पड़ता है और उद्योगों तथा अन्य चीजों के लिये तथाकथित 'कन्सोर्शियम' से कर्जा लेना पड़ता है। हम तब तक स्वतंत्र राष्ट्र नहीं कहला सकते जब तक कि हम अनाज तथा एक बड़ी सीमा तक उद्योगों के मामले में आत्म-निर्भर नहीं हो जाते।

श्रीमती निर्लेप कौर (संगरूर) : सभापति महोदय, इस बात से हम सभी सहमत हैं कि कि आज हमारे देश की सबसे महत्वपूर्ण समस्या अनाज की है और यदि इसे हल नहीं किया गया तो इससे केवल हमारे उद्योग तथा अर्थव्यवस्था को ही नहीं अपितु हमारी विदेश नीति को भी बड़ा खतरा पैदा होगा। कृषि के मामले में पंजाब सबसे विकसित राज्य है परन्तु इस राज्य की भी कुछ कमियां तथा आवश्यकताएं हैं, यदि उनकी ओर ध्यान दिया गया, तो वह खाद्य समस्या को हल करने में सहायक भी होगा।

किसान कृषि के लिये अपेक्षित चीजों यथा पानी, बिजली, उर्वरक, धन, ट्रैक्टर, बीमा, भूमि, सुधार सम्बन्धी नीतियों की क्रियान्वित आदि की निरन्तर मांग करता आ रहा है किन्तु पिछले बीस सालों में किसान की इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये अभी तक कुछ भी नहीं किया गया है, चूंकि मैं इन सभी बातों पर न बोलकर केवल सिंचाई के बारे में बोलूंगी, जब भाखड़ा बांध बना तो हमने सोचा कि इससे समस्या हल हो जायेगी और पंजाब के लोगों को आशा बंधेगी। चूंकि इस बांध से 20 लाख एकड़ की भूमि में सिंचाई होने का अनुमान लगाया गया था किन्तु वास्तव में सिंचाई केवल 15 लाख एकड़ भूमि में ही हो रही है। इसके अलावा हमें भूमि के जलमग्न होने की एक बड़ी समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। जितने क्षेत्र में भाकड़ा बांध से सिंचाई होती है लगभग उतना ही क्षेत्र जलमग्न भी हो जाता है। लुधियाना, अमृतसर, संगरूर और पटियाला के चार जिलों में भूमि जलमग्न हो जाती है और यदि स्थिति पर काबू नहीं पाया गया तो उस भूमि पर बाद में खेती नहीं हो सकेगी। इसलिये इस समूचे क्षेत्र में नलकूप लगाये जाने चाहिये, जिनसे पानी की सप्लाई फिरोजपुर, भटिंडा, राजस्थान अथवा हरयाना को की जा सकती है। इसलिये इसके दो प्रत्यक्ष लाभ भी हैं—एक तो भूमि के जलमग्न होने की समस्या हल हो जायेगी दूसरा यह कि इससे अन्य क्षेत्रों को सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध हो जायेगा।

अब प्रश्न यह है कि इतना धन कहां से आयेगा। इन चार क्षेत्रों में नलकूपों के लगाने पर लगभग 60 करोड़ रुपए का खर्च आयेगा, यदि सरकार इन चार जिलों पर इतना धन खर्च नहीं कर सकतीं, तो वह उन्हें कर्ज के रूप में तो यह धन दे सकती है जिसकी अदायगी तीन वर्ष में की जा सकती है।

इसके साथ-साथ सिंचाई के सम्बन्ध में मैं एक सुझाव और देना चाहती हूं। हमें सिंचाई के मामले में खासकर राजस्थान जैसे इलाकों में, नहर व्यवस्था के मुकाबले पाइप लाइन व्यवस्था को वरीयता देनी चाहिये इसपर एक तो खर्च कम आता है, दूसरा भूमि अर्जित करने के लिये मुआवजा भी नहीं देना पड़ता। इससे भूमि को जलमग्न समस्या भी उत्पन्न नहीं होती। इस कार्य के लिये देश में पाइप की प्रणाली भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इसलिये यह प्रणाली नहर प्रणाली से सस्ती है और इससे भूमि का अर्जन करने तथा अन्य सम्बद्ध विषयों में निहित भ्रष्टाचार भी दूर होता है। किन्तु इसके साथ यह भी आवश्यक है कि पाइप प्रणाली से पानी सप्लाई करने की दर वही होनी चाहिये जो इस समय नहरों से पानी सप्लाई करने की दर है अन्यथा किसान पाइपों से पानी लेने के लिये तैयार नहीं होंगे। इसी प्रकार किसानों के लिये बिजली की दर भी मंहगी नहीं होनी चाहिये।

अन्त में मैं एक और निवेदन करना चाहती हूं कि दैविक प्रकोप के समय किसानों को दी जाने वाली मुआवजे की राशि पर्याप्त होनी चाहिय जिससे कि वह अपने परिवार के लिये भोजन

की व्यवस्था कर सकें, अपने लिये ढोर जुटा सकें तथा अगली फसल के लिये बीज आदि खरीद सकें।

Shri Tulshi Das Jadhav (Baramati) : During every session, discusssions on the food situation takes place and suggestions are made by the members to improve the food position but they have failed to produce any result. It is high time we analyse the causes of their failure and take necessary steps to increase our food production.

It is very sad that even the available quantity of foodgrains in the country is not being properly distributed and prices also differ in various parts. This is not conducive to the unity and integrity of the country. Efforts should be made to remove this disparity through the cooperation of the States. The surplus States should willingly help the needy or deficit States.

As regards the farmer, he has been demanding for the supply of water, improved seed, fertilisers and otherthings required for agriculture. Due attention should be paid to satisfy the requirements of the farmer. For the purpose, it is also necessary to appoint such officers in the rural areas to deal with or guide the farmer as have good knowledge of agriculture. It is felt that if the farmer is provided all the necessary facilities at proper time, he can increase production to a large extent. In this respect minor irrigation schemes should be given priority.

The rationing system in Bombay, Poona, Nagpur and other big cities of Maharashtra is not functioning well due to delayed supply of foodgrains by the Centre. The Government should see that the supplies are made in time so that the people have not to suffer.

The Krishna-Godavari waters scheme was pending with the Centre for a long time. It should be expedited so that Maharashtra could be benefited. Electricity is also badly needed by the farmers there. Steps should also be taken to see that the supply of electricity at cheap rates is arranged for agricultural purposes in the rural areas of Maharashtra so that the long-felt need of the farmers there could be satisfied.

The proposed agricultural income-tax by the Planning Commission is not at all justified, it would discourage the farmers from producing more. It is hoped that such a tax would not be levied.

While death rate is higer among farmers in villages how can we expect them to produce more. It is the farmers who feed the cities. Mr. Jagjivan Ram and Mr. Shinde, who belong to Bihar, are aware of the difficulties of farmers. They should make arrangements to provide power and irrigational facilities, seeds, fertilizers etc. to farmers in time to enable them to increase the production.

Shri Mudrika Sinha (Aurangabad) : It is very shameful that we could not be self-sufficient in foodgrains even in 20 years since Independence. For want of any well-thought agricultural plan of the Government, wr are still much backward in agriculture and are dependent on import of foodgrains. It is unfortunate that we have to depend on rains for agriculture in the present scientific age. It is the high time when arrangements should be made to provide proper and ample irrigational facilities by digging canals and by sinking tubewells. If it is not done, we will not be able to increase the agricultural production.

All possible incentives should be given to fatmers with a view to encourage them for boosting up agricultural production. They should be provided with good variety of seeds and fertilizers in time.

The proposed agricultural tax would increase the sufferings of those farmers who are already hard-hit by two consecutive droughts. This year they expect that there would be good harvest which would enable them to clear off their outstanding debts. In case this tax is imposed on them, their hopes will be obliterated and they will continue to be hard-pressed.

Those who talks about the tax paying capacity are perhaps unaware of realities of farmers' life. It is hoped that Government would not levy this tax.

Shri Shiv Kumar Shastri (Aligarh) : India has been facing food problem like an uninvited guest since Independence, and the efforts made during the last 20 years to acquire self-sufficiency in foodgrains have proved a failure, for we are still far behind this target. It is mainly due to the fact that Government have not taken appropriate steps in this direction. For example it was propoagated that we people should change their food habits and should shift from staple food to non-vegetarian food. If this argument had any consistency Government should have curtailed the supply to foodgrains on experimental basis to those who liked non-vegetarian food with a view to find out how long they could prolong without foodgrains. Similarly, the use of tractors is not practical in country like India which is densely populated and where land holdings are very small. Apart from this farmers have to face difficulty in obtaining spare parts of tractors.

In fact what is needed in India is the cow-protection. If cows are protected and their breeding is improved, not only the milk which we would get in large quantity but also oxen for agriculture purposes—Oxen are more useful than tractors since we utilize them not only in tilling the land but utilize their dung as manure. The increase in milk production would go a long way in solving our food problem. But what is happening in India is that Government is asking the people to eat meat and fish which will not help in solving our food problem.

Shri Ram Singh Ayarwal (Saugar): Ours is an agricultural country and 80 percent of its population is dependent on agriculture, but most of them are agricultural labourers who till the land which is not theirs. The zamindars have distributed their land among their relatives and every year they change these tillers so that they may not acquire tenancy rights.

Since Independence, efforts have been made to bring about industrial revolution in India while there are other countries where efforts were made to bring about agricultural revolution after getting independence. As a result thereof, large buildings have been built in big cities like Delhi.

The demand of unemployment is becoming uglier and more dangerous in India day by day.

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए]

[Mr. Deputy Speaker in the Chair]

The Employment Exchanges in the country should be directed to make arrangements for providing land and other facilities to those matriculates who want to take up farming. Steps should also be taken to see that the profit of higher price of sugar should accrue to the growers rather than Sugar Mills. The land given to Adivasi landless labourers is only in name. Actually, the original landowners harass them and seize thier land. It would be better if collective forming is undertaken rather than cooperative faming as is done at present.

दिल्ली में विधि तथा व्यवस्था की स्थिति के बारे में चर्चा

DISCUSSION RE: LAW AND ORDER SITUATION IN DELHI

उपाध्यक्ष महोदय: अब हम नियम 193 के अन्तर्गत यह चर्चा आरम्भ करेंगे। यह चर्चा एक घंटे में पूरी हो जानी चाहिये।

Shri Kanwar Lal Gupta (Delhi-Sadar): I am at pin to say that the citizens of Delhi do not feel themselves secure as in other big cities of India like, Bombay, Madras, Hyderabad

etc. although the Administration might claim otherwise. People can face unforeseen and foreseeable natural calamitis with courage and fortitude but the unmitigated crimes wave which has let itself loose on Delhi citizens is unendurable and too much for them. The crime-rate has shown a steady increase since 1961-62, when their number was 16081 and now it has touched 26,000. Delhi has become a burglar's paradise. The most shameful aspect of all this that 60 percent of the culprits are not apprehended at all. Of the remaing in 40 percent only twenty percent are convicted. Only 17 percent of the value of total thefts is recoverable in Delhi This is police record in the Capital when there are 14,000 policemen in Delhi and the number of police officers is swelling fast. Murders committed in busy bazars and national highways have not been traced so far. Cases of kidnappings and burning persons to death did not move the police of Delhi to action inspite of prior information and warning to them by the victims and their well wishers. If. V.I.Ps and those persons are involved in which the police are interested, immediate action follows to make recoveries and apprehend the guilty. But in majority of such incidents general public are involved and the police connive at them. One can get anything done by paying a settled price from kidnapping, murder, rape, beating and what not. The Delhi Police continues to adopt heckneyed and stereotyped third grade means for detection whereas the criminals have come up fast to adopt sophisticated means. They adopt all the scientific methods to see that no traces are left after the commission of the crime. They are running regular training schools in Delhi. I am at pains to say that the Delhi Police is not only inefficient but corrupt and plays into the hands of Goodas and political bigwigs. The responsibility of maintaining law and order in the capital is that of the Centre and not of the Delhi Administration and the Central Government does not find any time to look to this very vital aspect and the local Congress organisation is also at sixes and sevens. According to the Interim Report of the Khosla Commission "life in the police force has immense opportunities of making illicit earnings. The reputation of the police has never been at a lower ebb than now." Perhaps this is a much darker and perhaps truer picture of the police than I have tried to paint before the House.

I would conclude with three suggestions in this regard. First, the Delhi Police should be organised along modern lines. There should be proper and highclass training facilities in the capital as also a well-equipped labouratory. Secondly, they should be disengaged from dancing attendance upon, Ministars and other big bosses and allowed to attend to their primary duty of maintaining law and order and providing security to the citizens. Thirdly, their service conditions should also be improved in the light of Khosla Commission Report. Lastly, I want to submit one more thing. The Delhi Police asked people to get the names of domestic servant registered with them for identification and verification. Nearly 3,000 servants belong to U. P. and U. P. Police are demanding Rs. 5- per servant for this service.

This is not a political issue. This is a question of the security of citizens and therefore all possible efforts should be made to see that people should feel secure and lead a care-free life.

Shri Prem Chand Verma (Hamirpur) : Citizens are much harassed by Scrooterwalla. Thefts and unsocial acts are not checked as political bigwigs come to their rescue and put pressure on the police not to take action against the culprits under threats of adverse action against the police. There is a spate of unauthorised construction activity in the capital which should be checked . If police is corrupt the local political leaders are also to blame for the lawlessness in the capital. A list of all such leaders should be made as come to shield the anti-social elements and culprits from police action and shou.d be published later so that public might come to know and such activities should be checked.

श्री लोबो प्रभु (उदीपयी) : एक मैजिस्ट्रेट तथा गृह सचिव रहने के नाते मेरा 1928 से पुलिस के साथ सम्बन्ध रहा है। पुलिस प्रशासन दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। इस प्रशासन

के तीन भाग हैं—सतर्कता, जाँच तथा शान्ति बनाए रखना। ये सभी पहलू गिरावट की ओर चले गए हैं। इसका पहला कारण सामाजिक स्थिति में गिरावट है और दूसरा कारण राजनैतिक हस्तक्षेप है। यदि पुलिस पर कोई बाहरी दबाव न डाला जाए तो वह प्रभावी ढंग से कार्य कर सकती है। सरकार को चाहिये कि जो पुलिस कर्मचारी दयानतदारी से अपना कार्य करे उसे पुरस्कार दिया जाए और जो व्यक्ति ठीक से कार्य न करें उन्हें कड़ी सजा दी जाए।

Shri Bal Raj Madhok (South Delhi) : The rule of the jungle has taken the place of rule of law in the capital. Police find it much easier to file complaints and cases rather than trace them or pursue them. Political interference should be stopped forthwith. Stringent action should be taken against erring police personnel and diarchy should be abolished as it is also one of the contributing causes to the confusion prevailing in the capital.

I feel that a comittee of M.Ps of Delhi should be appointed to act as a laison with the Home Ministry to suggest ways and means to solve the law and order problems of the capital cropping up from day to day.

Lastly, the discontent amongst the Delhi Policemen should be removed in the light of Khosla Commission report. The suggestions if accepted, would go a long way in solving the law and order problems of the capital.

Shri Rabi Ray (Puri) : It is regrettable that cases are still pending against some Delhi Police and some of them are still under suspension. The Police force is disappointed because of the treatment being meted out to their colleagues.

After independence no attempt has been made to examine the question of relationship between the people and the police. An all India Commission should be appointed to examine as to what type of relationship should be there between the police and the people in independent India.

Service conditions of policemen should be improved. They should be given more pay and better housing facilities.

There should be decentralisation of police administration in the country. Police should be under the control of the Gram Panchayats and Zila Parishads.

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): Law and order situation has deteriorated throughout India. The incidence of crimes has increased considerably.

Section 144 C. P. C. which has become a permanent feature in Delhi should be lifted. People should be given an opportunity to hold demonstrations in order to give expression to their feelings on different matters.

Now we are a free nation. The old attitude of Police should change. A parliamentary Committee should be appointed to evolve a code of conduct for the pllice.

All political parties in Delhi should formulate a code that they will not support any goonda element. Political patronage of criminals should end.

Shri Shashibhushan Bajpai (Khargon) : Some time ago, some mattresses belonging to the Railways were stolen in Delhi and they were found in the house of a Councillor. Why has no case been registered against him. Why has no case been registered against a person who was caught in connection with the movement of foodgrains in a railway wagon from Narda to Ghaziabad.

श्री स० कुण्डू (बालासोर) : जो आदमी सिपाही की समस्या को समझता है, वह जानता है कि किन कठिन परिस्थितियों में वह काम करता है। उसे कोई छुट्टी नहीं होती, उसे

24 घंटे काम करना पड़ता है। खोसला आयोग ने कहा है कि इन सिपाहियों को दी गई सुविधाएँ इतनी पुरानी हैं कि उन्हें बदलना आवश्यक है। इसके बावजूद सरकार एक शान्त दर्शक की तरह बैठी हुई है।

आयोग ने एक क्लर्क और एक सिपाही के वेतन की तुलना की है। एक क्लर्क को कुल वेतन लगभग 191 रुपए मिलता है जबकि एक सिपाही को केवल 129 रुपए मिलते हैं। लेकिन एक सिपाही का काम एक क्लर्क के काम से काफी अधिक मुश्किल होता है, इसलिए सरकार को सर्वप्रथम यह करना चाहिये कि अधिकारियों तथा निम्न स्तर के लोगों की सेवा की शर्तों में सुधार किया जाये। उन अधिकारियों और व्यक्तियों को काम पर वापस लिया जाना चाहिए और उनके साथ जो दबे हुए हैं और जो मूल विभागों में भेजे गए थे अथवा जिन्हें आचरण के फजूल आरोप पर बर्खास्त कर दिया गया था, उदारता का व्यवहार किया जाना चाहिए।

दिल्ली पुलिस के सम्बन्ध में आयोग ने कहा है कि दिल्ली पुलिस प्रशासन के उच्चतम अधिकारी कर्त्तव्य की उपेक्षा करते हैं। उसकी राय है कि पुलिस बल में लोगों की भर्ती करते समय सरकार को उन व्यक्तियों को भर्ती करनी चाहिए जिनके पास उचित योग्यतायें और जिनमें ईमानदारी और त्याग की भावना है। सरकार को विशेष रूप से यह घोषणा करनी चाहिए कि वह पुलिस प्रशासन में क्या सुधार करने जा रही है।

सभा का कार्य

Business of the House

संसद कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : श्रीमन्, आपकी अनुमति से मैं कल 6 दिसम्बर, 1967 के सरकारी कार्य के क्रम में एक परिवर्तन की घोषणा करना चाहता हूँ। अत्यावश्यक वस्तु (दूसरा संशोधन) विधेयक पर विचार करने के बाद, शिक्षा आयोग के प्रतिवेदन और शिक्षा सम्बन्धी संसद् सदस्यों की समिति के प्रतिवेदन पर आगे चर्चा होगी। उसके पश्चात् राजभाषा (संशोधक) विधेयक और भाषाओं सम्बन्धी संकल्प लिया जायेगा।

Shri Randhir Singh : It is wrong to say that corruption has increased among police personnel. As a matter of fact if corruption has decreased anywhere it is among the police force where corruption has reduced.

It has been stated that the Government is not giving propper training to the police. The facts are otherwise . The police force is being given proper training. The government has established training schools for police personnel.

श्री ढिल्लन पीठासीन हुए

[Shri G. S. Dhillon in the Chair]

Method of investigation of cases by the police should be improved. Investigation should be conducted on scientific lines. More vehicles should be provided to the police so that their morality may be improved.

श्री म० ला० सोंधी : दिल्ली पुलिस में अधिकतर ऐसे क्षेत्र के युवक भर्ती किए गए हैं जो बहादुरी और ईमानदारी के लिए प्रसिद्ध हैं। सरकार को इस बात का पता लगाना चाहिए कि ऐसे अच्छे युवकों से गठित किए गए पुलिस बल को प्रतिष्ठा क्यों नहीं मिलती।

के तीन भाग हैं—सतर्कता, जांच तथा शान्ति बनाए रखना। ये सभी पहलू गिरावट की ओर चले गए हैं। इसका पहला कारण सामाजिक स्थिति में गिरावट है और दूसरा कारण राजनैतिक हस्तक्षेप है। यदि पुलिस पर कोई बाहरी दबाव न डाला जाए तो वह प्रभावी ढंग से कार्य कर सकती है। सरकार को चाहिये कि जो पुलिस कर्मचारी दयानतदारी से अपना कार्य करे उसे पुरस्कार दिया जाए और जो व्यक्ति ठीक से कार्य न करें उन्हें कड़ी सजा दी जाए।

Shri Bal Raj Madhok (South Delhi) : The rule of the jungle has taken the place of rule of law in the capital. Police find it much easier to file complaints and cases rather than trace them or pursue them. Political interference should be stopped forthwith. Stringent action should be taken against erring police personnel and diarchy should be abolished as it is also one of the contributing causes to the confusion prevailing in the capital.

I feel that a comittee of M.Ps of Delhi should be appointed to act as a laison with the Home Ministry to suggest ways and means to solve the law and order problems of the capital cropping up from day to day.

Lastly, the discontent amongst the Delhi Policemen should be removed in the light of Khosla Commission report. The suggestions if accepted, would go a long way in solving the law and order problems of the capital.

Shri Rabi Ray (Puri) : It is regrettable that cases are still pending against some Delhi Police and some of them are still under suspension. The Police force is disappointed because of the treatment being meted out to their colleagues.

After independence no attempt has been made to examine the question of relationship between the people and the police. An all India Commission should be appointed to examine as to what type of relationship should be there between the police and the people in independent India.

Service conditions of policemen should be improved. They should be given more pay and better housing facilities.

There should be decentralisation of police administration in the country. Police should be under the control of the Gram Panchayats and Zila Parishads.

[**Shri S. M. Banerjee** (Kanpur): Law and order situation has deteriorated throughout India. The incidence of crimes has increased considerably.

Section 144 C. P. C. which has become a permanent feature in Delhi should be lifted. People should be given an opportunity to hold demonstrations in order to give expression to their feelings on different matters.

Now we are a free nation. The old attitude of Police should change. A parliamentary Committee should be appointed to evolve a code of conduct for the pllice.

All political parties in Delhi should formulate a code that they will not support any goonda element. Political patronage of criminals should end.

Shri Shashibhushan Bajpai (Khargon) : Some time ago, some mattresses belonging to the Railways were stolen in Delhi and they were found in the house of a Councillor. Why has no case been registered against him. Why has no case been registered against a person who was caught in connection with the movement of foodgrains in a railway wagon from Narda to Ghaziabad.

श्री स० कुण्डू (बालासोर) : जो आदमी सिपाही की समस्या को समझता है, वह जानता है कि किन कठिन परिस्थितियों में वह काम करता है। उसे कोई छुट्टी नहीं होती, उसे

24 घंटे काम करना पड़ता है। खोसला आयोग ने कहा है कि इन सिपाहियों को दी गई सुविधाएँ इतनी पुरानी हैं कि उन्हें बदलना आवश्यक है। इसके बावजूद सरकार एक शान्त दर्शक की तरह बैठी हुई है।

आयोग ने एक क्लर्क और एक सिपाही के वेतन की तुलना की है। एक क्लर्क को कुल वेतन लगभग 191 रुपए मिलता है जबकि एक सिपाही को केवल 129 रुपए मिलते हैं। लेकिन एक सिपाही का काम एक क्लर्क के काम से काफी अधिक मुश्किल होता है, इसलिए सरकार को सर्वप्रथम यह करना चाहिये कि अधिकारियों तथा निम्न स्तर के लोगों की सेवा की शर्तों में सुधार किया जाये। उन अधिकारियों और व्यक्तियों को काम पर वापस लिया जाना चाहिए और उनके साथ जो दबे हुए हैं और जो मूल विभागों में भेजे गए थे अथवा जिन्हें आचरण के फजूल आरोप पर बर्खास्त कर दिया गया था, उदारता का व्यवहार किया जाना चाहिए।

दिल्ली पुलिस के सम्बन्ध में आयोग ने कहा है कि दिल्ली पुलिस प्रशासन के उच्चतम अधिकारी कर्त्तव्य की उपेक्षा करते हैं। उसकी राय है कि पुलिस बल में लोगों की भर्ती करते समय सरकार को उन व्यक्तियों को भर्ती करनी चाहिए जिनके पास उचित योग्यतायें और जिनमें ईमानदारी और त्याग की भावना है। सरकार को विशेष रूप से यह घोषणा करनी चाहिए कि वह पुलिस प्रशासन में क्या सुधार करने जा रही है।

सभा का कार्य

Business of the House

संसद कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : श्रीमन्, आपकी अनुमति से मैं कल 6 दिसम्बर, 1967 के सरकारी कार्य के क्रम में एक परिवर्तन की घोषणा करना चाहता हूँ। अत्यावश्यक वस्तु (दूसरा संशोधन) विधेयक पर विचार करने के बाद, शिक्षा आयोग के प्रतिवेदन और शिक्षा सम्बन्धी संसद् सदस्यों की समिति के प्रतिवेदन पर आगे चर्चा होगी। उसके पश्चात् राजभाषा (संशोधक) विधेयक और भाषाओं सम्बन्धी संकल्प लिया जायेगा।

Shri Randhir Singh : It is wrong to say that corruption has increased among police personnel. As a matter of fact if corruption has decreased anywhere it is among the police force where corruption has reduced.

It has been stated that the Government is not giving propper training to the police. The facts are otherwise . The police force is being given proper training. The government has established training schools for police personnel.

श्री ढिल्लन पीठासीन हुए

[Shri G. S. Dhillon in the Chair]

Method of investigation of cases by the police should be improved. Investigation should be conducted on scientific lines. More vehicles should be provided to the police so that their morality may be improved.

श्री म० ला० सोंधी : दिल्ली पुलिस में अधिकतर ऐसे क्षेत्र के युवक भर्ती किए गए हैं जो बहादुरी और ईमानदारी के लिए प्रसिद्ध हैं। सरकार को इस बात का पता लगाना चाहिए कि ऐसे अच्छे युवकों से गठित किए गए पुलिस बल को प्रसिद्धि क्यों नहीं मिलती।

जनता में, खासकर नई दिल्ली में रहने वाले सरकारी कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना है। इससे यही पता लगता है कि हमारे पुलिस बल में कुछ दोष है। सरकार को इस समस्या पर फिर से विचार करना चाहिए।

हम नगरीकरण की ओर बढ़ रहे हैं और इसकी पाश्चात्य प्रणाली सबसे बुरी है। इससे अपराध तथा किशोर अपराध को प्रोत्साहन मिलता है और अपराधी उपक्रम सबसे खतरनाक संस्था है।

अपराधों की ठीक-ठीक जानकारी नहीं दी जाती है। अपराधों को जानकारी देने की कोई केन्द्रीय व्यवस्था नहीं है। एक ऐसा स्थान नियत किया जाना चाहिये जहाँ पर सभी अपराधों की जानकारी दी जाये ताकि अपराधों के सही आँकड़े प्राप्त हो सकें।

दिल्ली में हमारे पास बहुत अच्छे सिपाही हैं। उनमें विश्वास की भावना पैदा की जानी चाहिए। उनके पोशाक की वर्दी ऐसी होनी चाहिए जो भारत के लिए उपयुक्त हो और वे सम्माननीय दिखाई दें। उन्हें पर्याप्त और रचनात्मक अवकाश के सभी अवसर दिए जाने चाहिये। पुलिस अधिकारियों से कहा जाये कि वे इन लोगों की सही ढंग से देख-भाल करें। यदि कुछ अड़ियल पुलिस अधिकारी हैं, भले ही वे कितने ही ऊँचे पद पर हों, तो उन्हें निवारणार्थ दंड दिया जाना चाहिए

नई दिल्ली में धारा 144 स्थायी तौर लागू है। मैं इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ। मेरे लिये सार्वजनिक सभाएँ आयोजित करना बहुत कठिन है।

सभी दलों को एक साथ बैठकर इस बात की कोशिश करनी चाहिये कि राजधानी को रहने योग्य स्थान बनाया जाये। हमें अपनी राजधानी शहर को खतरों से बचाना चाहिए।

Shri R. S. Vidyarthi : During the last three years honest people in the Investigation Wing of the Delhi Police have been transferred to the Crime Wing. 60 percent of the people working in the Police stations of Delhi have no experience of the job of investigation. The police stations do not register most of the theft cases. The result is that there is no proper reporting of crimes. The public many times brought their grievances to the notice of the I. G. of Police but they fell on deaf ears.

There is a lot of corruption among the police force. Honest people have no place in the police force. They do not get promotions in the normal course. It is equally difficult for an honest citizen to get police help. Those who give bribe get their done.

Steps shuold be takee to improve the police force in Delhi which is in bad shape from the top to the bottom. This work should be attended to before long.

Shri Tulshidas Jadhav : It is a fact that many of the thefts remain untraced. Some thefts committed even in M.Ps. quarters have remained untraced. This being so, The Law and order situation in Delhi has considerably deteriorated. The reason therefor is that many political leaders shield the law-breakers and thus put the police in a very embarrassing position. Political interference in the working of the police should be put an end to. Both the public and the police should cooperate in the matter of maintaining law and order.

श्री वी० चं० शर्मा : किसी भी शहर के नागरिक स्वास्थ्य के बारे में जानने केलिये सबसे पहले हमें यह जानना होगा कि उस शहर में कितने आन्दोलन हुए हैं, उन आन्दोलनों के लिये कौन जिम्मेदार है, कौन-कौन से राजनीतिक दल पुलिस के कामों में हस्तक्षेप करते हैं और कानून

और व्यवस्था के संरक्षकों का व्यवहार कैसा है। दिल्ली शहर में सेवाओं का एकीकरण नहीं है। मैजिस्ट्रेट एक राज्य से आये हैं तो उनके ऊपर जो अधिकारी हैं वे और राज्यों से आये हुए हैं। दिल्ली में लेफ्टिनेंट गवर्नर से लेकर मैजिस्ट्रेट तक, विधि तथा व्यवस्था के इन सभी संरक्षकों की दिल्ली में कोई बुनियाद नहीं है। वे अपनी मर्जी से आते हैं और चले जाते हैं। दिल्ली में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं रहती है क्योंकि वे दूसरे राज्यों से आते हैं।

दिल्ली में पुलिस की ठीक ढंग से देखभाल नहीं की जाती है। पुलिसमैन के साथ जैसा व्यवहार किया जाना चाहिये वैसा नहीं किया जाता।

दिल्ली की समस्याओं को निबटाने के लिये गृह-मंत्रालय को एक समुचित रूप से गठित, सुसंगठित और सुव्यवस्थित निकाय बनाना चाहिये।

यदि हम दिल्ली के नागरिक स्वास्थ्य में सुधार करना चाहते हैं तो हमें ऐसे केन्द्र खोलने चाहिये जहां पर लोगों को भारतीय संस्कृति की विशेषताओं के बारे में व्याख्यान आदि दिए जायें।

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) :

दिल्ली पुलिस की समस्याओं को ठीक प्रकार से समझे बिना ही बहुत सी कटु आलोचनायें की गई हैं। यह बड़े दुःख की बात है।

जो लोग यह कहते हैं कि दिल्ली में अपराधों की संख्या बढ़ रही है, उन्हें शायद सही जानकारी नहीं है। यदि आप इस शहर की बढ़ती हुई जनसंख्या और अपराधों को साथ-साथ देखें तो आप पायेंगे कि इस शहर में अपराधों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है। अपराधों की संख्या को जानने का वैज्ञानिक एवं युक्तिसंगत तरीका यह है कि हमें यह देखना चाहिये कि एक लाख की जनसंख्या में जितने अपराध हुए हैं क्या उनकी संख्या घट रही है या बढ़ रही है। इससे हमें ठीक-ठीक पता चल जायेगा कि क्या दिल्ली पुलिस अपना काम सुचारु रूप से चला रही है या नहीं।

पिछले तीन वर्षों के कुछ आंकड़े मैं सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूँ जो उनके लिये काफी उपयोगी सिद्ध होंगे।

जघन्य अपराधों के बारे में 1965 में डकैती की 10 घटनायें हुई थीं, और 1967 में डकैती की कोई घटना नहीं हुई। 1965 में 64 हत्यायें हुई थीं और 1967 में 58। 1965 में हत्या करने के प्रयत्न के 68 मामले थे और 1967 में 52। लूट के मामले 1965 में 44 थे और 1967 में 36। दंगे के मामले अलबत्ता बढ़ गए। ये 1965 में 57 थे और 1967 में 81 हो गए। इसका कारण चुनाव और अन्य कई बातें थीं।

जहाँ तक जघन्य अपराधों के अलावा दूसरे अपराधों का सम्बन्ध है, उनके भी आंकड़े मौजूद हैं। 1965 में अपहरण और हरण के 244 मामलों की रिपोर्ट मिली थी और 1967 में ऐसे मामलों की संख्या 227 है। 1965 में चोरी के 1,333 मामले थे और 1967 में ये मामले 1,106 हैं। चोरी के मामले 1965 में 8,473 थे किन्तु 1967 में ये मामले बढ़कर 8,577 हो गए। शहर में प्रति लाख जनसंख्या में अपराधों की संख्या 1964 में 670.2 थी और 1966 में यह केवल 655.7 थी।

पुलिस अधिकारियों के निवास की व्यवस्था, उनके कार्य सम्बन्धी सुविधाओं को बढ़ाने और उन्हें अच्छे हथियार देने के बारे में जो पुलिस आयोग का प्रतिवेदन था उसके अनुसरण

में जो कदम हमने उठाये हैं उनके बारे में हमने बता दिया है। पुलिस आयोग के प्रतिवेदन पर सरकार ने जो निर्णय किए थे उनका दिल्ली पुलिस ने बहुत स्वागत किया है। हमें विश्वास है कि जो सुधार हम कर रहे हैं उससे पुलिस की कार्यकुशलता में और अधिक वृद्धि होगी।

पुलिस बल के आधुनिकीकरण, विधि विज्ञान प्रयोगशाला और प्रशिक्षण स्कूल आदि के बारे में कई बहुमूल्य सुझाव दिए गए हैं। प्रशिक्षण स्कूल तो पहले ही मौजूद है। बाकी दो बातों के लिये भी हम कार्यवाही कर रहे हैं।

अभी पिछले दिनों तक एक संयुक्त संवर्ग न होने के कारण भी पुलिस के कार्यों पर प्रभाव पड़ा था। हमें देश के विभिन्न भागों से भी पुलिस अधिकारी लेने पड़े और इन पुलिस अधिकारियों का यहाँ के स्थानीय पुलिस संवर्ग में कोई स्थान नहीं था। यद्यपि उन लोगों ने भी अपना पूरा प्रयास किया किन्तु जैसा काम स्थानीय पुलिस संवर्ग के अधिकारी कर सकते हैं वैसा काम वे नहीं कर सके। अब यहाँ पर एक संवर्ग बनाया जा रहा है और बहुत जल्दी ही हमारे यहाँ एक पूर्णतया एकीकृत दिल्ली पुलिस बल बन जायेगा और ये त्रुटियाँ दूर हो जायेंगी।

श्री स० मो० बनर्जी: पुलिस कर्मचारियों के विरुद्ध जो मामले हैं क्या आप अब उन्हें वापिस ले लेंगे? पुलिस के कर्मचारियों को काफी नुकसान हुआ है अब आपको उनके साथ उदारता बरतनी चाहिये और उन्हें फिर पुलिस बल में ले लेना चाहिये।

श्री विद्याचरण शुक्त: हमें इन मामलों पर अनुशासन की दृष्टि से विचार करना होगा। अनुशासन और पुलिस बल के भविष्य की अवहेलना करके हम उनके साथ नरमी और रहमदिली नहीं दिखा सकते। इसी कारण उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही जारी है।

श्री बलराज माधोक: मैंने सुझाव दिया था कि विधि और तथा व्यवस्था की समस्या पर विचार करने के लिये एक नियमित तंत्र बना दिया जाना चाहिये। क्या वे ऐसे तंत्र का गठन करने के लिये तैयार हैं?

श्री विद्याचरण शुक्ल: पुलिस और जनता के सम्बन्ध सुधारने की दृष्टि से, इंस्पेक्टर जनरल और विभिन्न जिलों के प्रभारी सुपरिटेंडेंटस आफ पुलिस, स्थानीय नागरिकों के साथ बैठकर बातचीत करते रहते हैं। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल भी इन बैठकों में भाग लेते हैं और वे भी उनके साथ संपर्क बनाये रखने का प्रयत्न करते हैं। दिल्ली के निर्वाचित प्रतिनिधि भी हमसे आकर मिल सकते हैं।

कुछ ऐसे लोग भी हो सकते हैं जो पुलिस प्रशासन में गड़बड़ी करते हों किन्तु उन्हें कोई प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है। यदि पुलिस के काम में राजनीतिक हस्तक्षेप के कुछ मामले हैं तो हम ऐसे हस्तक्षेप को अवश्य समाप्त करना चाहेंगे।

दिल्ली के लोगों से ही नहीं बल्कि जिन लोगों से हम मिलते रहते हैं उन्हें हमें यह बताना चाहिये कि उन्हें दिल्ली पुलिस के कार्यों पर विचार करते समय निष्पक्ष दृष्टिकोण रखना चाहिये। पुलिस प्रशासन की त्रुटियों के बारे में पुलिस की निन्दा करना बड़ी आम बात है। मैं यह नहीं कहता कि पुलिस प्रशासन में त्रुटियाँ नहीं हैं किन्तु पुलिस ने जो अच्छा काम किया है उस पर भी हमें विचार करना चाहिये।

Shri Kanwar Lal Gupta: There is no question of decrying anybody here. If the Hon. Minister goes to the people and enquire from them, he will know the real position.

श्री विद्याचरण शुक्ल : मैं माननीय सदस्य के विरुद्ध कोई आरोप नहीं लगा रहा हूँ। मैं तो केवल यह कर रहा हूँ कि जनता के प्रतिनिधियों और आम जनता के बीच अच्छे सम्बन्ध होने चाहियें।

वर्तमान स्थिति में और भारत की राजधानी की इन विशेष परिस्थितियों में दिल्ली पुलिस कुल मिलाकर बहुत अच्छा काम कर रही है, और आधुनिक सुविधायें उपलब्ध होने पर वह निस्संदेह और भी अधिक अच्छा काम कर दिखायेगी।

इसके पश्चात्, लोक सभा बुधवार, 6 दिसम्बर, 1967/15 अग्रहायण, 1889 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha than adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, Descember 6, 1967 Agrayana 15, 1889 (Saka).

Printed by Job Printers, 119, Swami Vivekanand Marg, Allahabad.